# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com  भोपाल, गुरुवार 18 दिसंबर 2025


केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी का ऐलान

## अब पूरे देश में लागू होगा एआई बेस्ड डिजिटल 'टोल सिस्टम'

सैटेलाइट का होगा इस्तेमाल, सालाना करीब 1,500 करोड़ रुपए के ईंधन की बचत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की हाईवे यात्रा में बड़ा बदलाव आने वाला है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान किया है कि 2026 के अंत तक पूरे भारत में एआई आधारित डिजिटल टोल कलेक्शन सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुकने की जरूरत नहीं होगी। मल्टी लेन फ्री फ्लो यानी एमएलएफएफ सिस्टम से यात्रा तेज होगी, ईंधन की बचत होगी और सरकार की आमदनी भी बढ़ेगी। बता दें कि इस सिस्टम में गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड से भी टोल पार कर सकेंगी। इससे जाम और अनावश्यक रुकावट पूरी तरह समाप्त हो ▶▶ शेष पेज 4 पर


Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आईसीसी रैंकिंग में वरुण ने तोड़ा बुमराह का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह



आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने देश के सबसे ज्यादा रेटिंग पाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बुधवार को जारी रैंकिंग में चक्रवर्ती ने हुए सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। इससे पहले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम सबसे अधिक रेटिंग पाने वाले गेंदबाज का रिकॉर्ड था।

### तेज रफ्तार कार पलटी 3 दोस्तों की गई जान

**उमरिया।** जिले में मंगलवार रात को भीषण सड़क हादसा हो गया।



तेज रफ्तार कार मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गई, हादसे में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि पांच दोस्त कार में सवार होकर घूमने निकले थे तभी हादसे का शिकार हो गए। तीन की मौत हो गई है, दो घायलों को जबलपुर रेफर किया गया है।

एक दिन का विशेष सत्र: विधानसभा के 69 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने विशेष सत्र में किया ऐलान

# भोपाल व इंदौर को बनाया मेट्रोपॉलिटन सिटी, जबलपुर-ग्वालियर होंगे शामिल



### उज्जैन के बाद प्रदेश के बड़े शहर बनेंगे मेडिसिटी

◀ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महाकाल लोक, राम वन गमन पथ, लोक परंपराएं यह सब हमारी पहचान है। जिसके तहत राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरुषों के नाम पर 9 गेट बनाए जाएंगे

### शहरों के साथ गांवों का भी होगा विकास, ब्लॉक स्तर पर बनेंगे वृंदावन गांव

◀ प्राइवेट स्कूलों के साढ़े आठ लाख छात्रों की सरकार ने भरी फीस



विकास और सेवा के दो वर्ष विषय पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए

**प्रदेश में 395 सांदीपनि आश्रम बनाए गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा ने अपनी स्थापना के 69 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर बुधवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया। सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल को मेट्रोपोलिटन के लिए चुना गया है। वर्ष 2026 में ग्वालियर और जबलपुर को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने का काम शुरु करेंगे। हम शहरों और गांवों के विकास को लेकर निरंतर काम कर रहे हैं।

इसके साथ गांवों में विकास भी जारी रहेगा। ब्लॉक स्तर पर वृंदावन गांव बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 395 सांदीपनि आश्रम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अर्जुन सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने नवोदय विद्यालय का मॉडल दिया और उज्जैन में आश्रम खोला। नवोदय ने देश की शिक्षा व्यवस्था ▶▶ शेष पेज 4 पर

## नक्सलियों का किया खात्मा

मुख्यमंत्री ने सदन में चर्चा के दौरान जिक्र किया कि 11 दिसंबर को नक्सलियों में अंतिम कील ठोकी गई। 1999 में कांग्रेस सरकार के एक मंत्री को सरेराह चौराहे पर नक्सलियों ने हत्या की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 799 मॉडल स्कूल, 52 सांदीपनि स्कूलों में रोबोटिक लैब, 3 हजार 367 स्कूलों में प्रोफेशनल कोर्स शुरु किए गए हैं। इसके साथ ही 30 हजार से अधिक प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले साढे आठ लाख छात्रों की फीस सरकार ने भरी है।

### एक साल में आए साढ़े तेरह करोड़ पर्यटक

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने तरक्की की है। पहले कभी एक साल में जितने पर्यटक आते थे, उतने तो अब एक सप्ताह में आ रहे हैं। वर्ष 2024 में साढ़े 13 करोड़ रिकॉर्ड पर्यटक मध्यप्रदेश आए।

### पीएम मित्र पार्क से तीन लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को दी गई पीएम मित्र पार्क की सौगात से मालवा निमाड़ अंचल में तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार और 6 लाख से ज्यादा कपास उत्पादकों को फायदा होगा। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश दूसरे राज्यों से आगे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महाकाल लोक, राम वन गमन पथ, लोक परंपराएं यह सब हमारी पहचान है। जिसके तहत राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरूषों के नाम पर 9 गेट बनाए जाएंगे। श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन को स्वीकृति दी। क्षिप्रा के शुद्धिकरण के लिए 599 करोड़ की लागत से बनने वाली कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन किया गया है।

जर्मनी में राहुल गांधी ने म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट देखा

# राहुल के भारत में उत्पादन कम होने के बयान पर भड़की भाजपा

विदेशी धरती पर राहुल गांधी का बयान भारत का अपमान



450 सीसी की बाइक देखकर खुशी जताते राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी में कहा कि मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा।

मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा। राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर जर्मनी में हैं। उनके इस बयान पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा के लोकसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बार-बार इस प्रकार विदेश जाना और विदेशी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वर्तमान में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2%

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक उत्पादन का सवाल है, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि आईआईपी, यानी इंडेक्स ऑफ



इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, इस समय एक सकारात्मक ग्रोथ ट्रेंड पर चल रहा है। जुलाई 2025 में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ रेट रिकॉर्ड 5.4 प्रतिशत रही थी और सितंबर 2025 में यह 4.8 प्रतिशत पर थी। वहीं, वर्तमान में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत है, ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पिकअप में चार जिंदा जले

# तीन लोगों की मौत, मृतकों में दो सागर के रहने वाले

एजेंसी ▶▶ अलवर

अलवर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार-बुधवार रात एक पिकअप में आग लग गई। हादसे में 3 लोगों की बुरी तरह जलने से मौके पर ही मौत हो गई।

एक गंभीर झुलसे व्यक्ति को जयपुर रेफर किया गया है। एक्सीडेंट जिले के रैणी थाना क्षेत्र में रात करीब एक बजे हुआ। पिकअप को ड्राइवर साइड की तरफ किसी वाहन से टक्कर लगी है। टक्कर के तुरंत बाद आग लग गई। तीनों शव सीट पर चिपके हुए मिले। एएसआई



पिकअप बनी आग का गोला

ने बताया पिकअप में मिले तीन लोगों के शवों की पहचान मोहित निवासी बहादुरगढ़ (हरियाणा), दीपेंद्र निवासी सागर और पदम निवासी सागर के रूप में हुई है। हादसे में घायल ▶▶ शेष पेज 4 पर

शून्यकाल में राज्यसभा में उठाए जनहित के मुद्दे

# करदाताओं को स्टेशन, हवाई अड्डे पर विशेष सुविधा की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति की सहमति से 17 जनहित के मुद्दे मंगलवार को उठाए गए। भाजपा के गोविंद भाई लालजी भाई ढोलकिया ने करदाताओं को रेलवे स्टेशन, हवाईअड्डे समेत अन्य सार्वनजिक स्थानों पर विशेष सहूलियतें दिए जाने के लिए कानूनी प्रावधान करने का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि देश में ज्यादा से ज्यादा लोग कर चुकाएं इस नीति के तहत करदाताओं को बेहतर सुविधा देखकर निश्चित रूप



सांसद पीटी उषा बोलते हुए

से करदाताओं की संख्या में वृद्धि होगी। भाजपा की धर्मशीला गुप्ता ने दिल्ली से पटना जाने वाली संपूर्णक्रांति ट्रेन में जनरल डिब्बों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की। भाजपा के नरेश बंसल ने उत्तराखंड में अंग प्रत्यारोपण अस्पताल ▶▶ शेष पेज 4 पर











होटल व्यवसायी से मांगे थे 10 लाख रुपए

# सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर को 4 लाख की घूस लेते पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में सीबीआई ने सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर को चार लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक शर्मा और इंस्पेक्टर सचिन खरे ने एक होटल व्यवसाय से रिकवरी का सेटलमेंट करने के लिए 10 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने ग्वारीघाट रोड पर अवधपुरी स्थित सीजीएसटी कार्यालय में इंस्पेक्टर सचिन खरे को 4 लाख रुपए की नकद रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जांच की आंच असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा तक भी पहुंची, जिसके बाद उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया है। सीबीआई की इस अचानक छापेमारी से पूरे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। यह कार्रवाई जबलपुर के एक होटल व्यवसायी विवेक त्रिपाठी की शिकायत पर की गई है। होटल व्यापारी विवेक त्रिपाठी के ऊपर जीएसटी विभाग द्वारा लगभग 1 करोड़ रुपए की रिकवरी निकाली गई थी।

इस भारी-भरकम रिकवरी के मामले को रफा-दफा करने और फाइल सेटल करने के बदले में अधिकारियों ने व्यापारी से 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत की पहली किस्त 4 लाख रुपए देने के दौरान सीबीआई की टीम ने पहले से बिछाए जाल में इंस्पेक्टर को दबोच लिया। सीबीआई अब इन अधिकारियों के निवास और कार्यालयीन दस्तावेजों की सघन जांच कर रही ▶▶ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

## बीएमएचआरसी में रेडिएशन विज्ञान पर वैश्विक संवाद आज से

**भोपाल।** आईसीएमआर बीएमएचआरसी में 18 एवं 19 दिसंबर को सोसाइटी ऑफ रेडिएशन रिसर्च (एसआरआर) के तत्वावधान में चौथा इंटरनेशनल स्कूल ऑन रेडिएशन रिसर्च (आईएसआरआर 2025) आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बायोडोसिमीट्री, रेडियोप्रोटेक्शन एवं रेडियोथेरेपी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा किया जाएगा। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि रेडिएशन विज्ञान आज स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा, उद्योग, अंतरिक्ष अनुसंधान तथा आणविक जीव विज्ञान के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## अमित बने एबीएनए नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष



**भोपाल।** एम्स भोपाल नर्सिंग एसोसिएशन के चुनाव पहली बार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव में तीन टीमें टीम दिव्या, टीम संकल्प एवं टीम शक्ति चुनावी रण में शामिल हुई। चुनाव के दौरान सभी नर्सिंग कर्मचारियों ने मतदान में बढ़ चड़कर हिस्सा लिया और 80 फीसदी मतदान हुआ। चुनाव में अमित कुमार चौधरी एबीएनए के पहले अध्यक्ष चुने गए और उनकी टीम संकल्प ने 630 वोट प्राप्त करके 120 वोटो के भारी अंतर से जीत दर्ज की। चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एडवोकेट हरेश प्रदासनी ने विजेता टीम संकल्प को विजयी घोषित करते हुए पूरी टीम को प्रमाण पत्र प्रदान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित चौधरी ने सभी से नर्सिंग एकता बनाए रखने की अपील की है।

### अंतरराष्ट्रीय वन मेला में औषधीय जड़ी-बूटियां और अन्य वन उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

# बावेर घास से रस्सी सहित 18 प्रकार की वस्तुएं कर रहे तैयार भारिया जनजाति के 28 गांव के लोगों को मिला रोजगार

### हर साल 1100 से 1200 क्विंटल रस्सी का होता है निर्माण, आग की घटनाओं में भी आई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वन विभाग की एक पहल से वनक्षेत्र में रहने वाले भारिया जनजाती के 28 गांव के लोगों रोजगार मिला है। इसके साथ ही 41 लोगों की समिति सहित स्व-सहायता समूह के 150 से अधिक लोग भी स्वरोजगार से जुड़े हैं। जगल क्षेत्र में होने वाली बावेर घास (सवई) से रस्सी का निर्माण किया जा रहा है।

लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही इसका बड़ा फायदा यह भी कि इस सूखी घास से जगल में आग लगने की घटनाओं में भी कमी आई है। वन विभाग इस सतपुड़ा बावेर रस्सी केंद्र के माध्यम से हर वर्ष करीब 1100 से 1200 क्विंटल रस्सी का निर्माण करा रहा है। इसके साथ ही इस घास के माध्यम से पैन बॉक्स, लैम्प, रोटी टोकरी, गुलदस्ता, फल-फूल की टोकरी सहित करीब 18 प्रकार की वस्तुओं का निर्माण भी किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी राजधानी भोपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वन मेला में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इन रस्सी सहित अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदेशभर में उपयोग किया जा रहा है।

### 11वां अंतरराष्ट्रीय वन मेला शुरू

राजधानी भोपाल में बुधवार से 11वां अंतरराष्ट्रीय वन मेला शुरू हो गया है। मेले में 24 राज्यों से लगभग 350 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें औषधीय जड़ी-बूटियां और अन्य वन उत्पाद दिखाए जाएगा। 200 आयुर्वेदिक डॉक्टर और विशेषज्ञ सलाह देंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसके अलावा 50 ओपीडी स्टॉल और एक किड्स जोन भी हैं। समृद्ध वन खुशहाल वन की थीम पर अंतरराष्ट्रीय वन मेला 17 से 23 दिसंबर तक लाल परेड मैदान में लगेगा।



पचमढ़ी से आए वैद्य बलराम जावरिया आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में बताते हुए।

### पिता और दादा से सीखा नाड़ी के माध्यम से परंपरागत इलाज

पचमढ़ी से आए वैद्य बलराम जावरिया 55 साल से नाड़ी के माध्यम से परंपरागत इलाज करते हैं। इसके पहले पिता और दादा यह कार्य करते थे, उनसे हमने सीखा। बलराम जावरिया का मानना है कि बीमार होने पर सीधे डॉक्टर के पास जाना और दवाएं लेना गलत है। व्यक्ति को चाहिए कि वह कुछ इंतजार करें, शरीर में सभी प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। घरेलू इलाज से बुखार, सिरदर्द, सर्दी-जुकाम सहित अन्य बीमारियां का इलाज किया जा सकता है। लोग वर्तमान में एंटीबायोटिक हाईडोज से कई बड़ी बीमारियों को न्यौता दे रहे हैं। पथरी, मोटापा, गैस, शुगर, बवासीर, लकवा सहित अन्य बीमारियों की करीब 50 प्रकार की दवाऐ मेले में लेकर आए हैं।

### 108 से अधिक जड़ी-बूटियों से तैयार होता है आदिवासी तेल

कर्नाटक के मैसूर से आए प्रेमनाथ अपने साथ आदिवासी तेल सहित विभिन्न जड़ी-बूटियों से निर्मित सामग्री लेकर अंतरराष्ट्रीय वन मेले में आए हैं। प्रेमनाथ बताते हैं कि हम आदिवासी हैं। हमारे पूर्वजों से यह कला हमें मिली है। हमारे पूर्वज भी जंगलों से जड़ी-बूटियां जुटाकर तेल एवं दवाईयां तैयार करते थे। अंतरराष्ट्रीय वन मेले में 108 से अधिक जड़ी-बूटियों से तैयार आदिवासी लक्ष्मी हर्बल हेयर ऑयल खास है। इसके 5 से 8 दिन में तैयार किया जाता है। इसके साथ ही अन्य सामग्रियां भी लेकर आए हैं।



### बांस बांधने सहित अन्य कार्यों में किया जाता है उपयोग



बावेर से रस्सी बनाना बताते हुए अमन खरे।

इसकी जानकारी देते हुए वन रक्षक अमन खरे ने बताया कि वन विभाग द्वारा सतपुड़ा बावेर रस्सी निर्माण समिति गोटी टोरिया तह. गाडरवारा में संचालित की जा रही है। भारिया जनजाति के लोगों के द्वारा बावेर घास समिति को उपलब्ध कराई जाती है। भारिया जनजाति प्रति व्यक्ति इससे करीब 3 से 4 हजार रुपए की आय प्राप्त होती है। वहीं रस्सी निर्माण में समिति के सदस्यों को प्रति सदस्य के हिसाब 8 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह की आमदनी होती है। वन विभाग 59 रुपए 59 पैसे प्रति किलो के हिसाब से इसे समिति से क्रय करता है। समिति द्वारा हर वर्ष करीब 1100 से 1200 क्विंटल रस्सी का निर्माण किया जाता है, जिसका उपयोग वन विभाग बांस बांधने सहित अन्य कार्यों में करता है। इसके पहले रस्सी अन्य प्रदेशों से मंगानी पड़ती है।

## मंत्री सारंग ने किया डॉ. बत्राज होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को एमपी नगर में डॉ. बत्राज हेल्थकेयर अत्याधुनिक होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन किया। क्लीनिक के शुभारंभ अवसर पर तथा डॉ. बत्राज हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक और होम्योपैथिक कॉस्मेटोलॉजी एवं एस्थेटिक्स में फेलोशिप प्राप्त डॉ. अक्षय बत्रा उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि राजधानी भोपाल में डॉ. बत्राज होम्योपैथिक क्लीनिक के शुभारंभ का हिस्सा बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार होम्योपैथी विश्व स्तर पर चिकित्सा की दूसरी सबसे बड़ी प्रणाली है और भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग अपने स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी जरूरतों के लिए इस पर निर्भर हैं। वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचारों से समर्थित डॉ. बत्राज नाम होम्योपैथी का पर्याय है। कार्यक्रम में डॉ. अक्षय बत्रा ने बताया कि पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा द्वारा 1982 में एक रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा संस्थान के रूप में स्थापित डॉ. बत्राज हेल्थकेयर ने 91 प्रतिशत की सफलता दर के साथ 15 लाख से अधिक रोगियों का सफलता पूर्वक इलाज किया है।



क्लीनिक का उद्घाटन करते मंत्री सारंग।

## सांची विवि में ऑनलाइन वर्कशॉप में 51 प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में बुधवार को एन्हेंसिंग रिसर्च विद एक्सीलेंस ओएनओएस विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सांची विवि के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा सेज पब्लिकेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना के तहत विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराए जा रहे महत्वपूर्ण जर्नल्स की उपयोगिता और उन्हें प्राप्त करने के तरीकों पर प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम में सेज पब्लिकेशन की ओर से विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का समन्वय सहायक लाइब्रेरियन डॉ. अमित ताम्रकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. रामनिवास गुप्ता, अधिष्ठाता, परीक्षा नियंत्रक, विभिन्न विभागों के प्राध्यापक तथा अन्य शिक्षाविद उपस्थित रहे। विवि के विभिन्न विभागों से शोधार्थी और छात्रों ने भी प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। कुल 51 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लेकर शोध उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

*वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) पर केंद्रीय पुस्तकालय में हुई कार्यशाला, कुलसचिव, प्राध्यापक सहित 51 प्रतिभागियों ने ली ट्रेनिंग*





भोपाल
गुरुवार, 18 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष -14
वर्ष : 12, अंक : 258
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 11


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


आरक्षित फ्लैट आवंटित कराने फर्जी दस्तावेज जमा किए

## अजित पवार गुट के खेल मंत्री माणिकराव को 2 साल की जेल

माणिकराव कोकाटे अस्पताल में भर्ती हुए


माणिकराव कोकाटे

एजेंसी ▸▸ नासिक

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। नासिक जिला और सेशंस कोर्ट ने राज्य के खेल मंत्री और अजित पवार गुट की एनसीपी के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई उस फैसले के एक दिन बाद हुई है, जिसमें कोर्ट ने कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट घोटाले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। जिला और सेशंस जज पीएम बदर ने एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रूपाली नरवाडिया को आदेश दिया था कि सजा पर तुरंत अमल किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि अगर जुर्माना अदा नहीं किया गया तो दोषियों को एक महीने की अतिरिक्त जेल भुगतनी होगी। इसी ▸▸ शेष पेज 4 पर

राजधानी सहित प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी का दौर

# प्रदेश में सबसे कम रात का पारा मंदसौर में 3.7 डिग्री, भोपाल में लगातार दूसरे दिन सबसे सर्द रात

▸▸ भोपाल में एक दिन पहले 4.8 डिग्री सीजन में सबसे कम, बुधवार को 5.1 डिग्री सीजन में दूसरी सबसे ठंडी रात रही

▸▸ ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में आज कोहरे का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बुधवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा मंदसौर में 3.7 डिग्री रहा। यहां पत्तियों पर ओस जम गई। भोपाल में सीजन में लगातार दूसरे दिन सबसे सर्द रात का पारा 5.1 डिग्री रहा। मंगलवार को यहां सीजन का सबसे कम न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री रहा था।

सीजन में इससे पहले 17 नवंबर को भी रात का पारा 5.2 डिग्री रहा है। अभी प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच कोहरे का असर बना हुआ है। बुधवार को ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, नौगांव, ▸▸ शेष पेज 4 पर


पचमढ़ी में बर्फ की सफेद चादर

### 5 जिलों में पारा 3 से 5 डिग्री तक

बुधवार को मंदसौर 3.7, गिरवर (शाजापुर) 3.8, राजगढ़ 4.4, इंदौर 4.9 और भोपाल में 5.1 डिग्री रहा। भोपाल, इंदौर, शाजापुर, सिवनी, मंदसौर जिलों में शीतलहर का असर रहा। गुरुवार को भी मौसम केंद्र ने भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर और शाजापुर जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। राजधानी में बुधवार को सुबह से ही धूप खिली। दिन में तेज धूप के बावजूद दिन का पारा 26.6 डिग्री पर थमा रहा। रात के पारे में भी केवल दशमलव 3 डिग्री की बढ़त रही। रात का पारा 4.8 डिग्री से बढ़कर 5.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.2 डिग्री कम रहा। इंदौर में न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 5.8 डिग्री कम है।

**खबर संक्षेप**

### देवास पुलिस ने पकड़ी 11 लाख की एमडी ड्रग्स

**देवास।** ऑपरेशन प्रहार के तहत देवास पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के पास से 55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 11 लाख बताई जा रही है। ड्रग्स को राजस्थान सीमा में बेचते थे।



### दोबारा न हों पूर्व सीजेआई पर जूता फेंकने जैसी घटनाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) से पूर्व सीजेआई बीआर गवई पर अदालत कक्ष में जूता फेंकने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय सुझाने को कहा। ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग को लेकर एक एसओपी तैयार करने के सुझाव भी मांगे। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई की।



### राहुल का केस रायबरेली से लखनऊ में ट्रांसफर

**लखनऊ।** लोकसभा में नेता विरोधी दल और रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मामले में अब लखनऊ की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी। रायबरेली में सुनवाई के मामले में जान से मारने की धमकी मिलने के आरोप लगाकर कर्नाटक के विग्नेश शिशिर ने केस रायबरेली से बाहर ट्रांसफर करने का लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की थी। इस पर कोर्ट ने ट्रांसफर के आदेश दिए।



पीएम मोदी तीन देशों की राजकीय यात्रा के आखिरी चरण में ओमान पहुंचे

# भारत-ओमान मुक्त व्यापार 'समझौता' अगले 100 सालों के लिए साझा सोच


पीएम नरेंद्र मोदी

*भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) व्यापार, निवेश और सेवाओं के क्षेत्र में मौजूद हर तरह की बाधाओं को हटाकर अभूतपूर्व संभावनाओं के दरवाजे खोलेगा*

ओमानी कारोबारी बता रहे हैं एक बड़ा 'गेमचेंजर'


पीएम मोदी का ओमान में भव्य स्वागत

एजेंसी ▸▸ मस्कट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओमान दौरे पर हैं। ओमानी उद्योग जगत का मानना है कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय व्यापार, रोजगार के अवसरों और आर्थिक विविधीकरण के लिहाज से बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से ओमान के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं और इस दौरान भारत-ओमान सीईपीए पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

ओमान की जानी-मानी कारोबारी कंपनी खिमजी रामदास ग्रुप के निदेशक अजय खिमजी ने प्रधानमंत्री के दौरे को भारत और ओमान दोनों के लिए सम्मान की बात बताया। उन्होंने कहा कि ये यात्रा दोनों ▸▸ शेष पेज 4 पर

***लंबे समय के निवेश, सप्लाई चेन में विविधता और नवाचार को मजबूती मिलेगी***

***कस्टम ड्यूटी और व्यापारिक अड़चनें हटने से कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी***

▸▸ भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार करीब 12 अरब डॉलर का

कल्लुकारन ने कहा कि ये समझौता ओमान में निर्यात, आयात और रोजगार के लिहाज से बड़ा बदलाव लाने वाला है। फिलहाल भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार करीब 12 अरब डॉलर का है, लेकिन सीईपीए के बाद यह कई गुना बढ़ सकता है। कस्टम ड्यूटी और व्यापारिक अड़चनें हटने से कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने दोनों देशों के लिए आपसी फायदे गिनाते हुए कहा कि ओमान, भारत के लिए पश्चिमी देशों, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों तक पहुंच का एक अहम गेटवे बन सकता है, जबकि ओमान को भारत के 1.4 अरब आबादी वाले विशाल बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी। ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

इथियोपिया की संसद में पीएम मोदी का संबोधन

### वंदे मातरम और इथियोपिया के राष्ट्रगान में भूमि को मां कहते हैं

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए उसे शेरों की भूमि बताया और कहा कि उन्हें इस देश में घर जैसा महसूस हो रहा है। साथ ही उन्होंने दोनों देशों के राष्ट्रगान की तुलना करते हुए बताया कि दोनों देशों के राष्ट्रगान में भूमि को मां कहा गया है। इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप सबके सामने खड़ा होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कारोबारी नेताओं और दोनों देशों के मंत्रियों की बैठक

प्रधानमंत्री मोदी के मस्कट पहुंचने से पहले बुधवार सुबह भारत और ओमान के कारोबारी नेताओं और दोनों देशों के मंत्रियों की बैठक भी हुई। इससे पहले भारत के ओमान में राजदूत गोदावर्थी वेंकट श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री के दौरे को ▸▸ शेष पेज 4 पर

दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े का एक्शन

## नया पटवारी नेताओं नहीं जनता के लिए काम करने वाला होना चाहिए

▸▸ शिविर में लापरवाही और गलत जानकारी देने पर एक पटवारी मौके पर ही सस्पेंड

▸▸ सीनियर वेटनरी डॉक्टर को थमाया नोटिस


स्वप्निल वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दतिया

दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत मिलने पर पटवारी को जमकर फटकार लगाई।

कलेक्टर ने पटवारी को तुरंत सस्पेंड करने के आदेश दिए और कहा कि नया पटवारी नेताओं के लिए नहीं, जनता के लिए काम करने वाला होना चाहिए। वहीं, गोशाला निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर एक सीनियर वेटनरी डॉक्टर डॉ. एमएस परिहार को नोटिस थमाया दिया। कलेक्टर बुधवार को बसई पहुंचे। यहां समस्याएं सुनने के दौरान ग्रामीणों ने पटवारी शैलेंद्र शर्मा की शिकायत की। कहा कि पटवारी नेताओं के दबाव में काम करते हैं। पटवारी ने एक सार्वजनिक नाली को लेकर भी कलेक्टर को गलत जानकारी दी। इस पर कलेक्टर भड़क गए और अपने ▸▸ शेष पेज 4 पर

एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाने की जांच

## दिल्ली से दो सदस्यीय टीम पहुंची जिला अस्पताल के ब्लड बैंक

***प्रदेश सरकार ने भी बैठाई जांच, 6 सदस्यीय विशेष जांच कमेटी का गठन किया***



जिला अस्पताल


हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल/सतना

सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाने के मामले में जांच तेज हो गई है। बुधवार को दिल्ली से दो सदस्यीय टीम घटना की जांच करने जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंची।

ब्लड बैंक के प्रभारी के कार्यालय में स्थानीय अधिकारी से पूछताछ की। इधर, प्रदेश सरकार ने एक 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है, जो इस बात की जांच करेगी कि थैलेसीमिया ब्लड डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों को एचआईवी इन्फेक्शन कैसे हुआ? पब्लिक हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के कमिश्नर तरुण राठी ने एक आदेश जारी कर जांच टीम के गठन की घोषणा की और उसे सात दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। 12 से 15 साल की उम्र के इन छह बच्चों को सतना, जबलपुर और दूसरी जगहों के जिला अस्पतालों में दूषित खून चढ़ाने के शक के बाद एचआईवी पॉजिटिव पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक बच्चे के माता-पिता भी इन्फेक्टेड पाए गए हैं। सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस ने पत्रकारों को बताया कि सतना में एचआईवी इन्फेक्शन के ये मामले इस साल जनवरी से मई के बीच सामने आए हैं और सभी पीड़ित फिलहाल इलाज करवा रहे हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रेगुलर खून ▸▸ शेष पेज 4 पर

मंदसौर शहर में घुसा तेंदुआ

### छतों पर मचाई धमाचौकड़ी मुश्किल से आया काबू में



लोग दहशत में थे, वन विभाग के अमले ने सुरक्षित रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदसौर

शहर के पूर्वी इलाके से गुजर रही रेलवे लाइन के निकट मयूर कॉलोनी में बुधवार सुबह तेंदुए की धमाचौकड़ी से लोग दहशत में आ गए। इस दौरान लोग घरों में कैद हुए तो कुछ लोग अपनी छतों से तेंदुए का सर्कस देखते रहे। इससे इलाके में हड़कंप मचा रहा। वन विभाग के अमले ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। उसे गांधी सागर छोड़ने के लिए वाहन से ले जाया गया। मंदसौर की मयूर कॉलोनी में ▸▸ शेष पेज 4 पर

प्रेम प्रसंग में उठाया आत्मघाती कदम

### युवक ने प्रेमिका के सामने खुद को आग लगाई, मौत



शादीशुदा महिला ससुराल से विवाद के चलते मायके में रह रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने अपनी प्रेमिका के सामने खुद को आग लगा ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पार्क में हुई। मृतक की पहचान अविनाश परतेती (22 वर्ष) के रूप में हुई है, जो चटवा, जिला पांढुर्णा का निवासी था। जानकारी के अनुसार, अविनाश मंगलवार शाम अपनी प्रेमिका से ▸▸ शेष पेज 4 पर

आय से अधिक संपत्ति की जांच

### कटनी में खनन कारोबारी के कई ठिकानों पर आयकर का छापा



जबलपुर और भोपाल समेत अन्य शहरों से आए करीब 50 से अधिक अफसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अशोक विश्वकर्मा के ठिकानों पर आयकर विभाग ने तड़के सुबह छापेमारी की है। तड़के सुबह करीब 4 बजे आयकर विभाग की टीम ने बीएमसी विश्वकर्मा माइनिंग, होटल सहित अशोक और उनके भाई शंकर लाल विश्वकर्मा के जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर ▸▸ शेष पेज 4 पर

**नेशनल हेराल्ड केस : भाजपा कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी गिरफ्तार**

भाजपा मीडिया प्रभारी ने कहा - पटवारी के इशारे पर कार्यकर्ताओं ने बस घेरी

## बैरिकेडिंग पर प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फैसले के बाद राजधानी भोपाल में कांग्रेसी बुधवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले।

पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का ▸▸ शेष पेज 4 पर


कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें

### गिरफ्तारी के बाद जीतू का इशारा, फिर बस को घेरा

कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा- जिस बस में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी बैठे थे, उसी बस से ▸▸ शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री ने लाल परेड मैदान पर किया वन मेले का शुभारंभ

पिछले एक साल में हमने 8 नए शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया

### सीएम बोले-हमारे घर-घर में आयुर्वेदिक नुस्खों का भंडार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज लघु वनोपज के अनेक उत्पाद बाजार में उपलब्ध हैं। जब एलोपैथिक दवाएं आराम न दे तो लोग आयुर्वेद की शरण में जाते हैं। हमारे घर-घर में आयुर्वेदिक नुस्खों का भंडार है। वर्तमान परिदृश्य में मेडिकल साइंस तो प्रशंसनीय है लेकिन आयुर्वेदिक उत्पादों का भी अपना अलग महत्व है। मुख्यमंत्री बुधवार को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित वन मेले के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़ा दुनिया के लिए अमृत के समान था। ▸▸ शेष पेज 4 पर


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्टॉल पर दवाओं का अवलोकन करते हुए

### वन विभाग छोटे उद्यमियों को भी समृद्ध कर रहाः अहिरवार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन मेले में प्रदेश के जिला यूनियन, वन, वन धन केंद्र, जड़ी-बूटी संग्राहक, उत्पादक, आयुर्वेदिक औषधि निर्माता, परंपरागत भोजन सामग्री के निर्माता एवं विक्रेतागण अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। मेले में 10 शासकीय स्टॉल, 24 अन्य राज्यों के स्टॉल, 16 प्रदर्शनी के स्टॉल, 136 प्रायवेट स्टॉल, 26 फूड स्टॉल, जिनमें अलीराजपुर का दालपानिया, छिंदवाड़ा की वन रसोई, बांधवगढ़ की गोंडी व्यंजन का स्वाद मिलेगा। मेले को वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में वन विभाग लघु वनोपज के माध्यम से छोटे उद्यमियों को भी समृद्ध कर रहा है।

# हमारा संकल्प पत्र वर्ष 2028 का है, हमने जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरे करेंगे

**विधानसभा के** विशेष क्षेत्र में सीएम डॉ. यादव ने दिया समृद्ध मध्य प्रदेश विजन 2047 पर केंद्रित संबोधन | **विधायकों ने** ने जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर रखे अपने विचार



विधानसभा में आयोजित एक दिनी विशेष सत्र के पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल का स्वागत करते सीएम डॉ. मोहन यादव।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र वर्ष 2028 का है। हमने जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। सरकार लाड़ली बहनों को 1500 दे रही है, आगे और भी बढ़ाएंगे। किसानों से 2600 रुपए क्विंटल पर गेहूं की खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस सदस्यों के एक-एक आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बगैर कमेटी व आयोग बनाएं 27 फीसदी आरक्षण लागू कर दिया। कोर्ट में मुझे लड़ाई लड़ना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को विधानसभा में देर रात मप्र को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में अपना जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह विशेष सत्र केवल औपचारिकता नहीं अपितु लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है। यह सत्र मप्र को सुखद, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है। विधानसभा की 70 साल की यात्रा हमारी लोकतांत्रिक यात्रा का प्रमाण है, यह सदन सत्ता का नहीं जनता के विश्वास का मंदिर रहा है।

### विकास और संस्कृति एक दूसरे के विरोधी नहीं, एक दूसरे के पूरक हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास और संस्कृति एक दूसरे के विरोधी नहीं, एक दूसरे के पूरक हैं। हम अपनी विरासत को नहीं भूल सकते। सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरूषों के नाम पर राजधानी भोपाल में 9 द्वार स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पीएम मित्र पार्क की सौगात से मालवा निमाड़ अंचल में तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार और 6 लाख से ज्यादा कपास उत्पादकों को लाभ होगा।

## जनकल्याण के लिए जो कहा, वो किया : डॉ.यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनकल्याण के लिए जो बात कही गई, उस पर अमल भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में नागरिकों की समृद्धि के लिए दो वर्ष में किए गए विशेष कार्यों और अर्जित उपलब्धियों की बिंदुवार जानकारी बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में दिए गए संबोधन में सदन*

- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलजी की जन्म वर्षगांठ पर आगामी 25 दिसम्बर को उद्योग वर्ष के समापन अवसर पर 2 लाख करोड़ रुपए के निवेश से विभिन्न इकाईयों के भूमि पूजन का कार्य हो रहा है।
- मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के क्षेत्रों में संयुक्त चीता कॉरिडोर बनाने की पहल। गांधी सागर और नौरादेही में भी चीते बसाएंगे। शिवपुरी में 9वें टाइगर रिजर्व पार्क की शुरूआत।
- रीजनल औद्योगिक कॉन्क्लेव के साथ ही रेडिमेड और खिलौना निर्माण इकाईयों में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन राशि।
- आने वाले समय में सैटेलाइट के माध्यम से किसानों के खेतों और खसरा खतोनी की जानकारी प्राप्त कर घर बैठे खाद पहुंचाने का संकल्प।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों सहित अन्य पदों पर लगभग 42 हजार नियुक्तियों की स्वीकृति।
- वर्ष 1956 में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे। गत डेढ़ वर्ष में 6 नए कॉलेज प्रारंभ, पीपीपी मोड पर 14 कॉलेजों के लिए निविदा की कार्यवाही। दिसम्बर 2025 में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन। प्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। सभी जिलों में कॉलेज होगा।
- प्रत्येक संभाग में वन्य प्राणी संग्रहालय और रेस्क्यू सेंटर प्रारंभ करने की पहल।
- राजधानी भोपाल में बड़ी झील में शिकारों से पर्यटकों और नागरिकों को कश्मीर का सुखद अहसास।
- इंदौर में मेट्रो प्रारंभ। भोपाल में मेट्रो ट्रेन संचालन शीघ्र।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन्म वर्षगांठ 17 सितम्बर को धार जिले में पीएम मित्रपार्क की आधारशीला रखी।
- प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण की ठोस पहल कर पीढ़ियों को रोग से बचाने का प्रयास।
- भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व की मान्यता दी गई।
- राज्य में तेज ध्वनि यंत्रों पर नियंत्रण की पहल।

**वरिष्ठ विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा**

## पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना को सीएम ने मप्र के हर क्षेत्र तक पहुंचाया



वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है और जीवन की रक्षा किसी भी संवेदनशील, जवाबदेह और दूरदर्शी शासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 2003 में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। आज मध्यप्रदेश 19 शासकीय और 14 निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ आत्मनिर्भर स्तंभ पर खड़ा है। चार जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों का निर्माण प्रगतिशील है, 9 जिलों में स्थापना की प्रक्रिया जारी है तथा 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। आगामी 2-3 वर्षों में मध्यप्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज होंगे। यह परिवर्तन संयोग नहीं, बल्कि उस स्पष्ट और दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का विज़न और मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी का प्रशासनिक संकल्प एक दिशा में आगे बढ़ा।

## विधानसभा में नारीशक्ति...




विधानसभा में आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में मंत्री कृष्णा गौर और महिला विधायक शामिल हुई।

## प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयरः समग्र, दूरदर्शी जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही सरकार


मप्र विधानसभा के विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित विशेष सत्र में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयर-तीनों स्तरों पर समग्र, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि बीमारी का इलाज करने से बेहतर है बीमारी को होने से रोकना। इसी उद्देश्य से प्रदेश में व्यापक स्तर पर प्रिवेंटिव केयर को सशक्त किया गया है। निरोगी काया अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 1.19 करोड़ नागरिकों की हाइपरटेंशन, 1.22 करोड़ की डायबिटीज तथा 1.29 करोड़ लोगों की फैटी लीवर की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के लिए 39.4 लाख लोगों की ओरल कैंसर, 19.3 लाख महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर तथा 8.5 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में मध्यप्रदेश 6 पैरामीटर में देश में शीर्ष पर है। शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में टीबी स्क्रीनिंग एवं उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब और वंचित वर्ग के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के लिए निः शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक लगभग 34 लाख हितग्राही उपचार का लाभ ले चुके हैं।

**प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य**

## कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा रहा है बच्चों को



स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विज़न-2047 की ओर बढ़ते हुए देश के अनुरूप मध्यप्रदेश को भी विकास की गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मप्र के सपने को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कक्षा-5वीं तक मातृभाषा पर जोर दिया गया है और व्यावसायिक शिक्षा को छात्रों के व्यावहारिक कौशल के हिसाब से बनाया गया है। मंत्री सिंह ने बताया कि राज्य की स्थापना के समय साक्षरता दर 21.41 प्रतिशत हुआ करती थी, जो आज लगभग 75 प्रतिशत तक पहुंच गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सदन में जानकारी दी कि प्रदेश में 2003-04 में 4495 हाई स्कूल और 4211 हायर सेकेण्डरी स्कूल थे, जिनमें कक्षा-9 से 12 तक 18 लाख 79 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत थे। 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 22.56 लाख हो चुकी है। दो दशकों में 4670 माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल में तथा 1991 हाई स्कूलों को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया गया है। प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य हो गई है। समग्र आईडी के माध्यम से 90 प्रतिशत बच्चों की ट्रेकिंग पूर्ण की जा चुकी है।

**अटलजी के विचारों पर कार्य कर रही सरकार**

## मध्यप्रदेश सरकार पंचायत राज व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्पित



पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रह्लाद पटेल ने विधानसभा सत्र में कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। अटल जी के ग्रामीण विकास के विचारों में गांव, गरीब और किसान केंद्र में थे, उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी बुनियादी ढांचागत पहल, पंचायत सशक्तिकरण और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो, रोजगार बढ़े और शहरों की ओर पलायन रुके। उन्होंने विकास के लिए एक समग्र, समुदाय-केंद्रित और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया था। मप्र में इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है। मंत्री पटेल ने कहा कि हमारा मंत्र है- 'गांव चले, देश चले'। जब गांव सशक्त होगा, तभी देश सशक्त होगा। यह गांव के सशक्तिकरण और राष्ट्र के विकास के बीच सीधा संबंध स्थापित करता है। इसी विचार के दृष्टिगत मुख्यमंत्री की प्रेरणा से हमने पंचायत राज व्यवस्था तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद को वरीयता दी है।

**सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी**

## मप्र के विकास में आलोचनाओं को नहीं, सुझाव को दें प्राथमिकता



संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को विधानसभा में एक दिन के विशेष सत्र में कहा कि हमें विकसित मप्र <\@>2047 को ध्यान में रखकर आलोचनाओं से हटकर प्रगति के सुझाव को प्राथमिकता देनी होगी। इसमें सदन के प्रत्येक सदस्य का सुझाव महत्वपूर्ण है। मंत्री विजयवर्गीय ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट, सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राम वन पथ गमन और श्रीकृष्ण पाथेय का विकास किया जा रहा है। मप्र ने आर्थिक विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक गौरव के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि 1956 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 261 रुपए थी, जो आज बढ़कर एक लाख 50 हजार रुपए से अधिक हो चुकी है। राज्य का बजट 1956 में 493 करोड़ रुपए का था, जो आज बढ़कर 4.21 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। साक्षरता दर भी काफी बढ़ी है।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन...



विधानसभा में महात्मा गांधी की प्रतिमा की सामने प्रदर्शन करते सिंघार, मसूद व विधायक।

## मंत्री बागरी ने किया स्पष्टः मोहन सरकार में कानून सबके लिए बराबर, कार्रवाई होगी

भाई-बहनोई की गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तारी को लेकर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में न तो उन्हें पूर्व जानकारी थी और न ही वे किसी तरह का हस्तक्षेप कर रही हैं। बागरी ने मीडिया से कहा कि जो भी व्यक्ति गलत काम करेगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में कानून सबके लिए समान है।

### पूर्व राष्ट्रपति को मंदिर में घुसने नहीं दिया

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने क्रीमी लेयर का मामला उठाया। पूर्व



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पुष्कर मंदिर में नहीं घुसने दिया गया। इस पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने आपत्ति करते हुए कहा कि गलत जानकारी है। पूर्व राष्ट्रपति का नाम सदन में आने पर इसे हटाया जाना चाहिए। मंत्री राकेश सिंह ने कहा, कम से कम आज के दिन इस तरह की चर्चा नहीं होना चाहिए।

### पुराने शहर में फ्लाई ओवर बनाने चाहिए

भोपाल उत्तर सीट से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील विधानसभा में भोपाल



के पुराने शहर का डेवलपमेंट प्लान बनाकर उसकी तस्वीर फ्रेमिंग कराकर लेकर पहुंचे। आतिफ अकील ने कहा कि सरकार को पुराने शहर में डबल डेकर ट्रैफिक प्लान के तहत फ्लाईओवर बनाने चाहिए। इससे पुराने शहर की जनता को सुविधा होगी व ट्रैफिक भी सुगम हो सकेगा।

### तब के बुलडोजर मंत्री आज के बुलडोजर में अंतर

विधानसभा में मप्र को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प



पर आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री बुलडोजर पर बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व मंत्री बाबूलाल गौर साहब का जिक्र किया। तब मैंने कहा कि जब के बुलडोजर मंत्री और आज के बुलडोजर में अंतर है। गौर साहब ने विकास के लिए बस्तियां हटाईं तो उन्हें विस्थापित भी किया।

## मध्य प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के पथ पर लगातार अग्रसर



एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मप्र औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। देश विदेश के निवेशक मध्यप्रदेश के प्रति आकृषित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य 2047 तक प्रदेश की जीडीपी 15 लाख करोड़ से 250 लाख करोड़ तक ले जाने का है। प्रदेश को एक संतुलित, समावेशी और आत्मनिर्भर औद्योगिक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना, जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिले, एमएसएमई सशक्त हों और निवेशकों को भरोसेमंद माहौल प्राप्त हो। इसी विज़न के साथ सरकार ने आगामी तीन वर्षों का मिशन तय किया है, जो अधोसंरचना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश और नवाचार पर केंद्रित है।




**विधानसभा की गौरवशाली यात्रा के दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी शुरू**

# पक्ष-विपक्ष मिलकर विकसित मप्र के साझा संकल्प और भविष्य की तय करेंगे दिशा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विधानसभा के स्थापना दिवस पर विशेष सत्र के माध्यम से अतीत की गौरवशाली संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं की स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। इस विशेष सत्र में पक्ष-विपक्ष मिलकर वर्ष 1956 से लेकर अब तक की विधानसभा की यात्रा का पुनरावलोकन करने के साथ-साथ विकसित भारत<\@>2047 और विकसित मध्यप्रदेश के साझा संकल्प और भविष्य की दिशा तय करेंगे।

डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा परिसर में लगाई गई एक दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

### *विधानसभा के इतिहास और प्रदेश के विकास पर आधारित है विशेष सत्र पर लगी प्रदर्शनी*



**विशेष सत्र के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी**

सीएम ने विशेष सत्र के आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इससे पहले उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा आगमन पर उनकी अगवानी की।

### प्रदर्शनी में योजनाओं व विकास का प्रदर्शन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगर ने 'मध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक इतिहास के पल' और 'मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश विकास और सेवा के दो वर्ष' पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंत्री, विधायक उपस्थित थे। प्रदर्शनी में विधानसभा के 70 वर्षों की यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं कार्यों दिखाए गए।

पूरे माह रहें एक्टिव, फ़िट व स्वस्थ
✓ खून की कमी
✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ चिड़चिड़ापन
✓ तनाव, कमज़ोरी
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे आदि में सहायक
Helpline: 011-23261111
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
हेमपुष्पा
सेहत से समझौता न करें, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें
Samvad-2386Hindi

## खबर संक्षेप

### आधार में 18 से ज्यादा के एनरोलमेंट कराने वालों का होगा वेरिफिकेशन

**भोपाल।** अठारह साल या उससे ज्यादा के उम्र वाले जो लोग भी अब आधार नंबर के लिए एनरोलमेंट करेंगे, उन्हें यह कार्ड सीधा नहीं मिलेगा। इनका डेटा बेंगलुरु से भोपाल फिर संबंधित जिले में भेजा जाएगा। वहां से वेरिफिकेशन के बाद ही इन्हें आधार कार्ड मिल सकेगा। यह व्यवस्था मप्र सहित सभी राज्यों में लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के लागू होने से तीन स्थानों पर वेरिफिकेशन के कारण आधार कार्ड बनने में भी समय लगेगा। इसके बाद आधार कार्ड मिलने की अधिकतम समय सीमा 6 महीने तय की गई है।

### बैरसिया अस्पताल में शुरू हुई सोनोग्राफी सेवा

**भोपाल।** बैरसिया सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू की गई है। यहां पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा पटेरिया की नियुक्ति की गई है। सोनोग्राफी किए जाने के लिए सीएमएचओ कार्यालय द्वारा डॉ. पटेरिया को अनुमति जारी की गई है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि बैरसिया विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बेहतर किया जा रहा है। इसी क्रम में यहां पर सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ की गई है।

### चार ट्रेनों के समय में भी किया आंशिक बदलाव एक जनवरी से प्रभावी

**भोपाल।** रेलवे द्वारा एक जनवरी 2026 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। इटारसी स्टेशन पर चार ट्रेनों प्रयागराज छिवकी-इटारसी, भोपाल-इटारसी, सहरसा-बेंगलुरू एवं पटना-बेंगलुरू के भी समय में आंशिक बदलाव किया गया है। यह संशोधित समय 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होंगे। गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्स. इटारसी 11.30 बजे की बजाय 13.20 बजे पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी, इटारसी 11.30 बजे की बजाय 13.50 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 22351 सहरसा-बेंगलुरू, इटारसी 12.35 बजे की बजाय 12.20 बजे पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 22353 पटना-बेंगलुरू, इटारसी 12.35 बजे की बजाय 12.20 बजे पहुंचेगी।

## आज से बंद हो जाएगा बीएलओ एप, 23 को जारी होगा वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट रोल

# 1987 के पहले जन्मे वोटर देंगे जन्म का प्रमाण, बाद के मतदाताओं को देना होगा पिता के जन्म का भी प्रमाण

*भोपाल की सात विस में कटेंगे 4 लाख 40 हजार 661 नाम, 1 लाख 20 हजार 855 को नोटिस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान भोपाल जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के 4 लाख 40 हजार 661 वोटर्स मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल केटेगरी में आए हैं, जिससे 23 दिसंबर को जारी होने वाले मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल में इन मतदाताओं का नाम काट दिया जाएगा, जबकि नो मैपिंग वाले एक लाख 20 हजार 855 मतदाताओं के नाम के आगे स्टार लगाकर उन्हें नोटिस देना शुरू कर दिया जाएगा।

इन मतदाताओं में से सन 1987 के पहले जन्मे मतदाताओं को खुद के जन्म का प्रमाण देना पड़ेगा, जबकि इसके बाद जन्म लेने वाले मतदाताओं को माता या पिता के जन्म का प्रमाण भी देना पड़ेगा। ऐसे मतदाता जो प्रमाण पत्र पेश नहीं कर सकेंगे, उनके नाम भी वोटर लिस्ट के फाइनल प्रकाशन लिस्ट से हटा दिए जाएंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि गुरुवार तक अनकलेक्टेबल और नो मैपिंग वाले मतदाताओं की जांच का काम जारी है। मतदाता अपनी सही जानकारी बीएलओ को दे सकते हैं।

**अनकलेक्टेबल और नो मैपिंग वाले वोटर की जांच जारी**

**1,20 855 का नाम 2003 की लिस्ट में नहीं, न ही उनके परिवार का**

### संशोधन कराने का आखिरी दिन आज


आनंद लगर में एसआईआर का कार्य करते बीएलओ।

*जिले की सात विस में एएसडीआर लिस्ट (मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल) मतदाताओं की तादाद अधिक है। जिसको देखते हुए पिछले एक हफ्ते से इन मतदाताओं की तलाश जारी है। जिसमें मृत मतदाताओं में 33 हजार 553, एबसेंट में 1 लाख 4 हजार 735, शिफ्टेड में 2 लाख 87 हजार 216 और डबल केटगरी में 13 हजार 974 मतदाताओं की पहचान की गई है। इन मतदाताओं की लिस्ट भोपाल डॉट जीओवी डॉट इन पर डाली गई है। इसके साथ राजनैतिक दलों के बीएलए को भी इसकी जानकारी दी गई है। ऐसे में गुरुवार रात 12 बजे तक ऐसे मतदाता जिनका नाम किसी वजह से इस लिस्ट में शामिल कर लिया गया है, वह बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।*

### 15 लाख 64 हजार 394 की हुई मैपिंग

जिले के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं के नाम वर्तमान वोटर लिस्ट में जुड़े हुए थे। जिसके आधार पर एसआईआर कराया गया है। इनमें से 15 लाख 64 हजार 394 मतदाताओं की खुद से और परिवार से मैपिंग हुई है। जबकि 1 लाख 20 हजार 855 मतदाताओं का नाम न तो वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में हैं और न ही उनके परिवार के सदस्यों का। इन लोगों को दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे।

### 12 हजार लोगों ने नाम जुड़वाने भरा फार्म

एसआईआर के दौरान 12 हजार से अधिक मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म अपलोड किए हैं, जबकि 23 दिसंबर के बाद से पोलिंग बूथों पर बैठने वाले बीएलओ को भी दिए जा सकेंगे। ऐसे में ऐसे मतदाताओं की तादाद बढ़ सकती है। इन मतदाताओं को भी अपने माता-पिता का नाम वर्ष-2003 की जानकारी उपलब्ध कराना पड़ेगी।

### 2 लाख 87 हजार 216 मतदाता हुए शिफ्ट

जिले में 22 साल बाद हुए एसआईआर की वजह से जिले की विधानसभाओ में बहुत बड़ा बदलाव देखने मिला है। बीएलओ जब घर-घर पहुंचे, तो यहां 2 लाख 87 हजार 216 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले। जिससे पता चला कि इतनी बड़ी तादाद में मतदाता शिफ्ट हुए हैं। सबसे ज्यादा शिफ्टेड मतदाता नरेला विधानसभा में दर्ज किए गए हैं, जहां 66 हजार 196 वोटर पते पर नहीं मिले। दूसरे स्थान पर गोविंदपुरा में 61 हजार 404 वोटर्स को स्थायी रूप से शिफ्टेड दर्ज किया गया है। इसके साथ एबसेंट केटगरी के वोटर्स की संख्या 1 लाख 4 हजार 735 है।

### 85 वार्ड दफ्तरों में होगी सुनवाई

23 दिसंबर को नया ड्राफ्ट रोल जारी किया जाएगा। इसी समय से नए वोटर के नाम दर्ज करने का सिलसिला शुरू कर दिया जाएगा। जबकि सुनवाई के लिए रोज एक एसडीएम ऑफिस में 50 लोगों की सुनवाई होगी। इसके लिए भोपाल के 85 वार्ड दफ्तरों में सुनवाई होगी। इसके लिए 102 अफसरों को एईआरओ बनाने का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। करीब 50 दिनों तक ये प्रक्रिया रोजाना चलेगी।

## निगमायुक्त के निर्देश, मौके पर जाकर करें निरीक्षण

# लहारपुर पार्क से लगे बायपास पर स्वास्थ्य अमला करेगा पेट्रोलिंग, होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पटेल नगर से मंडीदीप को जोड़ने वाले बायपास रोड के किनारे कचरा डंप करने वालों पर स्वास्थ्य अमला नजर रखेगा। इसके लिए पेट्रोलिंग की जाएगी। कचरा या अन्य सामग्री फेंकते मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। हरिभूमि समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने स्वास्थ्य अमले को इसकी रोकथाम को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं।

शहर के दो स्वच्छता एंबेसडर ने भी इस तरक की गतिविधि का विरोध करते हुए निगम प्रशासन और जिला पंचायत के अधिकारियों को जानकारी दी है।

दरअसल, शहर से लगी ग्राम पंचायतें अपने क्षेत्रों का कचरा नगर निगम की सीमा में डंप कर रही हैं। इससे हाई-वे पर गंदगी का ढेर लग रहा है और बदबू फैल रही है। जिस जगह पर गंदगी है वहां बदबू के कारण लोगों का गुजरना तक मुश्किल हो रहा है। यही नहीं अज्ञात वाहनों से यहां सीएंडडी वेस्ट भी फेंका जाता है।

पटेल नगर से मंडीदीप को जोडने वाले हाई-वे किनारे जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहे हैं।

स्वच्छता एंबेसडर अखलाक अहमद व विशाल गिरी ने बताया कि नगर निगम की सीमा में ग्रामीण इलाकों का कचरा डंप हो रहा है। आग लगाई जा रही है। यह पूरी तरह से गलत है। ट्रक और लॉरी से कचरा यहां फेंकते देखा तो उन्हें कई बार टोका। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए।

हरिभूमि इंपैक्ट...


लहारपुर नगर वन की सरहद पर ही कचरा हो रहा डंप, लगाई जा रही आग, कई पेड़ झुलसे
कई ग्राम पंचायतों का कचरा फेंका जा रहा

### पेट्रोलिंग करवाएंगे, रोकथाम की व्यवस्था करेंगे

*निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि बायपास रोड पर लहारपुर नगर वन की सीमा के आसपास कचरा डंप करने का मामला संज्ञान में आया है। स्वास्थ्य अमला पेट्रोलिंग करेगा और रोकथाम की व्यवस्था करेंगे। गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।*

## एंट्री और एग्जिट पर दिव्यांगजनों की आवाजाही का किया गया परीक्षण

# भोपाल मेट्रो के सुभाष नगर स्टेशन पर हुई दिव्यांगजनों के लिए विशेष मॉकड्रिल

*व्हील चेयर और अन्य उपकरणों के साथ स्टेशन में प्रवेश करने की प्रक्रिया को जांचा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बुधवार को आरुषि संस्था के सहयोग से एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भोपाल मेट्रो के सभी यात्रियों विशेषकर दिव्यांगजनों के लिए सुलभ और सुरक्षित बनाना था। इस दौरान दिव्यांग यात्री मेट्रो स्टेशन में प्रवेश करने से लेकर ट्रेन में चढ़ने तक यात्रा कैसे करेगा को परखा । इसके लिए बाकायदा मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर उत्साह का माहौल रहा। दिव्यांगजनों के साथ आरुषि संस्था के बच्चे काफी खुश नजर आए। मॉक ड्रिल के दौरान प्रशिक्षित मेट्रो स्टाफ ने किस प्रकार दिव्यांग यात्रियों की सहायता करना है, का दृश्य दर्शाया गया। इसमें दृष्टिबाधित यात्रियों को रास्ता दिखाना और व्हील चेयर उपयोगकर्ताओं को लिफ्ट और एस्केलेटर तक सुरक्षित पहुंचाना शामिल था। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि स्टेशन परिसर में लगे साइनेज, रैंप और लिपफुट दिव्यांगजनों के अनुकूल हों।

**आरुषि के साथ मिलकर यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने की पहल**

**मॉकड्रिल में दिव्यांगजनों की परेशानियों का भी रखा ध्यान**



सुभाष नगर स्टेशन पर मॉकड्रिल के दौरान आरुषि के दिव्यांगजन।

### ...ताकि मेट्रो सेवा शुरू होने पर न हो दिक्कत

इस मॉक ड्रिल के माध्यम से भोपाल मेट्रो ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि मेट्रो सेवा शुरू होने पर किसी भी दिव्यांग यात्री को असुविधा का सामना न करना पड़े। मेट्रो स्टाफ ने अधिक से अधिक संवेदनशीलता से पेश आने और उन्हें मेट्रो में दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित सुविधाओं से अवगत कराया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### मुनाफावसूली के दबाव में सेंसेक्स तीसरे दिन लाल

# निवेशकों की दौलत में 1.6 लाख करोड़ की गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकी रोजगार के मिले-जुले आंकड़े, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, कच्चे तेल के भाव में उछाल और रुपये की कमजोरी ने मिलकर घरेलू स्टॉक मार्केट में आज मुनाफावसूली का दबाव बना दिया।

एशियाई मार्केट से ग्रीन सिग्नल्स के बीच घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने भी बढ़त के साथ शुरुआत की लेकिन फिर ये दबाव में आ गए।



लगातार तीसरे कारोबारी दिन आज ये रेड जोन में बंद हुए हैं। सप्ताह के तीसरे दिन यानी बुधवार को इक्विटी मार्केट का कारोबार बंद होने पर यह घटकर 4,66,02,781.46 करोड़ रुपए रह गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की दौलत 1,61,747.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई। बाजार विश्लेषकों के अनुसार ओवरऑल बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 1.6 लाख करोड़ रुपए घट गया है। अब इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स 120.21 प्वाइंट्स यानी 0.14 फीसदी की फिसलन के साथ 84,559.65 और निफ्टी 50 भी 41.55 प्वाइंट्स यानी 0.16फीसदी की गिरावट के साथ 25,818.55 पर बंद हुआ है।

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति दिल्ली में सम्मानित

### श्रम, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में चौकसे का उल्लेखनीय योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

▪ नई श्रम संहिताओं का हुआ विमोचन

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति लेबर एवं एम्प्लॉयमेंट समिट–2025 के अवसर पर दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो तथा एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलाधिपति एवं एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जयनारायण चौकसे विशिष्ट अतिथि के



रूप में शामिल हुए। इसी अवसर पर जयनारायण चौकसे को श्रम, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रम शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया, जो डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा प्रदान किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक एवं नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही। इस राष्ट्रीय समिट में देश के 16 केंद्रीय श्रमिक संगठनों से जुड़े 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान एलएनसीटी विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव एवं एनएफआईटयू के महासचिव डॉ. विराट जायसवाल द्वारा नई श्रम संहिताओं पर सरल भाषा में लिखी गई पुस्तिका का भी विमोचन किया गया, जिसका उद्देश्य श्रमिकों एवं आमजन तक श्रम संहिताओं से संबंधित सही और स्पष्ट जानकारी पहुंचाना बताया गया।

### सीआईआई शिखर सम्मेलन में उद्योग जगत की हस्तियों ने कहा

# भारत न सिर्फ घरेलू समृद्धि को तैयार है, बल्कि नई विश्व व्यवस्था को आकार देने के लिए भी है 'रेडी'

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/ मुंबई

सीआईआई शिखर सम्मेलन ने लचीलेपन, नवाचार और समावेशिता के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सम्मेलन में शामिल हुए उद्योग जगत की हस्तियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद, तकनीकी नेतृत्व और सहयोगात्मक साझेदारियां वैश्विक अनिश्चितता के बीच परिवर्तन को गति प्रदान करेंगी। विश्लेशकों ने कहकि भारत न केवल घरेलू समृद्धि के लिए तैयार है, बल्कि एक नई विश्व व्यवस्था को आकार देने वाले एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में उभरने के लिए भी तैयार है।

भारत की परिकल्पना को साकार करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की

भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद नवोन्मेषी समाधान को तैयार करना

#### उद्योग ने नए युग के लिए खुद को तैयार किया : केवी कामथ



सम्मेलन में सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन केवी कामथ ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर कहाकि भारत की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है और हमारे उद्योग ने विकास के एक नए युग के लिए खुद को नए सिरे से तैयार किया है। आज हर निवेश को परिवर्तन के एक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। शहरी केंद्रों का पुनर्निर्माण करना, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का विस्तार करना और किफायती, नवोन्मेषी समाधान तैयार करना।

#### विकसित भारत, मानव पूंजी की मजबूत नींव

ऋषि कुमार बागला अध्यक्ष, सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने समावेशिता के महत्व पर कहाकि भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां महत्वाकांक्षा को कार्यों से जोड़ना होगा और विकास में समावेशिता को अपनाना होगा। विकसित भारत का निर्माण उद्योग, नवाचार और मानव पूंजी की मजबूत नींव पर होगा, जो प्रौद्योगिकी और विश्वास से संचालित होगी।

#### विकसित भारत की यात्रा सरकार, उद्योग और सभी हितधारकों का सामूहिक संकल्पः राजन

सीआईआई काउंसिल ऑन इंडिया@100 के अध्यक्ष और जेटसिंथेसिस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजन नवानी ने सहयोग का आह्वान करते हुए कहाकि विकसित भारत की यात्रा के लिए सरकार, उद्योग और सभी हितधारकों के सामूहिक संकल्प की आवश्यकता है, जो सामंजस्यपूर्ण ढंग से काम करें। आर्थिक प्रगति को अधिकतम करने के लिए, हमें निडर होकर नवाचार करना होगा, शिक्षा और कौशल विकास को रूपांतरित करना होगा।

#### भारत का सपना केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि प्रगति और सहिष्णुता का प्रतीक है : खंबाटा

सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष और रसना प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष पीरूज खंबाटा ने समावेशी प्रगति के अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहाकि भारत का सपना केवल आर्थिक विकास नहीं है, बल्कि यह शून्य गरीबी, शून्य भूख, सार्वभौमिक गरिमा और सभी के लिए अवसर का दृष्टिकोण है। हम एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं जो प्रगति और सहिष्णुता का प्रतीक बने।

#### प्रौद्योगिकी का भरपूर समर्थन प्राप्त है : आशीष

एनएसई इंडिया के प्रबंध एवं सीईओ आशीष कुमार चौहान ने प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए कहाकि विकसित भारत एक प्राचीन परिकल्पना है जिसे अब प्रौद्योगिकी का भरपूर समर्थन प्राप्त है। नवाचार की लहरों के तेज होने के साथ, भारत को तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी होगी, विचारों को धन में परिवर्तित करना होगा, जीवन स्तर में सुधार लाना होगा और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाना होगा।

#### सतत और समावेशी विकास देता है गति : जयंत

जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध एवं सीईओ जयंत आचार्य ने लचीलेपन और आत्मनिर्भरता के बारे में बात करते हुए कहाकि अस्थिरता और खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं की दुनिया में, आत्मनिर्भरता अब कोई विकल्प नहीं बल्कि एक रणनीतिक अनिवार्यता है। भारत स्थिरता का प्रतीक है, जो लचीलेपन, सतत विकास और समावेशी विकास को गति प्रदान करता है।

# स्कूल-विवि का अंतर कम करने वीआईटी भोपाल विवि का 'मंथन 2025' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 'मंथन 2025 - स्कूल-विश्वविद्यालय अंतर पाटने का कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को क्लार्क्स अवध, 8, महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से लगभग 70 स्कूल प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।

स्कूल शिक्षा में उनके बहुमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा भाग लेने वाले प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया, जिसमें भविष्य के लिए तैयार शिक्षार्थियों को आकार देने और शैक्षणिक



उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया गया।

शाम का मुख्य आकर्षण सृजन पाल सिंह की उपस्थिति थी, जो एक प्रसिद्ध लेखक, सार्वजनिक वक्ता, सामाजिक उद्यमी और डॉ. ए.पी.जे. के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। अब्दुल कलाम केंद्र में आमंत्रित वक्ता के रूप में सिंह ने मंथन 2025 के विषय-एक उज्जवल भविष्य के लिए अपनी यात्रा को प्रज्वलित करें, के अनुरूप एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने छात्रों को बदलते शैक्षणिक और तकनीकी परिदृश्यों के लिए तैयार करने के लिए स्कूलों और विश्वविद्यालयों के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया।

मंथन 2025 के माध्यम से, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने शैक्षिक नवाचार, अकादमिक सहयोग और शिक्षकों के बीच क्षमता निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे भविष्य के लिए तैयार छात्रों और संस्थानों के पोषण के अपने दृष्टिकोण को और मजबूत किया।

### सिग्निफाई ने लगाई 100 गांवों में स्ट्रीट

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई द्वारा अपने 'ब्राइटर लाईव्स बैटर वर्ल्ड' के लक्ष्य के अंतर्गत, तर्क फाउंडेशन के सहयोग से भारत-नेपाल सीमा पर 100 गाँवों में स्ट्रीट एलईडी लगाई जाएगी। यह परिवर्तनकारी पहल भारत के रक्षा मंत्री,राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है, जिनका उद्देश्य सीमाओं पर ज्यादा सुरक्षित, सशक्त और कनेक्टेड समुदायों का निर्माण करना है।

### एक्सिस बैंक का इकोनॉमिक आउटलुक

# वित्त वर्ष 27 में भारत की जीडीपी वृद्धि हो सकती है 7.5 फीसदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्सिस बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट और एक्सिस कैपिटल के हेड-ग्लोबल रिसर्च, नीलकंठ मिश्रा के अनुसार एक्सिस बैंक के आउटलुक 2026 रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 27 में भारत की आर्थिक वृद्धि ट्रेंड से ऊपर रहने की संभावना है। यह वृद्धि संरचनात्मक और नियामक सुधारों, कम उधारी लागत, तेज पूंजी निर्माण और नीतिगत ढील से मिलने वाले चक्रीय समर्थन के कारण होगी। मिश्रा और बैंक की इकोनॉमिक रिसर्च टीम का मानना है कि इकॉनमी में सुस्ती को देखते हुए महंगाई के दबाव के बिना भी इकोनॉमी ट्रेंड से बेहतर ग्रोथ बनाए रख सकती है। एक्सिस बैंक का अनुमान है कि दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था भारत में वित्त वर्ष 27 में 7.5 फीसदी की वृद्धि होगी, जो ट्रेंड और आम अनुमानों दोनों से अधिक है। एक्सिस बैंक का कहना है कि चालू खाता घाटा थोड़ा बढ़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### लैंक्सेस का तीसरी तिमाही परिणाम प्रभावित

**मुंबई।** लैंक्सेस को 2025 की तीसरी तिमाही में कमजोर वैश्विक आर्थिक माहौल और बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण अपने प्रदर्शन पर दबाव का सामना करना पड़ा। कंपनी की बिक्री घटकर 1.598 अरब यूरो से 1.338 अरब यूरो हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष 16.3 फीसदी की कमी दर्शाती है। ईबीआईटीडीए प्री-एक्सेप्शनल्स 173 मिलियन यूरो से घटकर 125 मिलियन यूरो रहा, यानी लगभग 27.7 फीसदी की गिरावट रही।

### सुप्रीम फैसिलिटी का शुद्ध लाभ 41 फीसदी उछला

**पुणे।** सुप्रीम फ़ैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी को पहली छमाही में 231.04 करोड़ रुपए की कुल आय हुई। एबिटडा 19.92 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 4.43 करोड़ रुपए , शुद्ध लाभ मार्जिन 1.92 फीसदी रही। कंपनी के सीईओ अमोल शिंगाटे ने कहाकि मजबूत क्लाइंट भरोसे और विभिन्न उद्योगों में इंटीग्रेटेड आउटसोर्सिंग की बढ़ती मांग ने हमारे प्रदर्शन को गति दी।

### टाटा प्ले बिंज में उपलब्ध 36 ओटीटी एप की सेवाएं

**मुंबई।** टाटा प्ले बिंज पर अब 36 ओटीटी एप्स की सेवाएं उपलब्ध होगी। टाटा प्ले बिंज ने ओटीटी सेवाओं के अपने संग्रह में अल्ट्रा प्ले और अल्ट्रा झक्कास को शामिल कर लिया है। इस साझेदारी से हिंदी और मराठी भाषाओं में मनोरंजन सेवाओं के लिए टाटा प्ले की स्थिति मजबूत हुई है। अल्ट्रा प्ले हिंदी भाषा की ओटीटी सेवा है, जिसका संचालन अल्ट्रा मीडिया प्राईवेट लिमिटेड करते हैं। हर हफ्ते एक नई पेशकश के साथ, अल्ट्रा झक्कास मराठी कहानियों और कला को आगे बढ़ा रहा है।

### शहर में यूपीआई और क्रेडिट की मांग बढ़ी

# डिजिटल भुगतान तकनीकों को तेज से अपना रहा है भोपाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में डिजिटल भुगतान की ओर बड़ा बदलाव देखने में आ रहा है और इसकी अगुवाई कर रही है राज्य की राजधानी भोपाल। यह देश के सबसे तेज से कैशलेस बन रहे बाजारों में से एक बन गया है। किफयर्नी और अमेज़न पे इंडिया ने हाल ही में 120 शहरों में 6,000 से अधिक ग्राहकों पर एक सर्वेक्षण किया। अमेज़न पे इंडिया के सीईओ विकास बंसल के अनुसार सर्वेक्षण के आधार पर बनी रिपोर्ट 'हाउ अर्बन इंडिया पेज 2025' यह बताती है कि भोपाल में डिजिटल भुगतान को अपनाने की गति बड़े और मध्यम आकार के प्रमुख शहरों की तरह ही है। लोगों ने सबसे अधिक यूपीआई को अपनाया। भोपाल में अब ऑफलाइन ट्रांजैक्शन का 35 फीसदी और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का 52 फीसदी यूपीआई से ही होता है। बंसल ने कहाकि भोपाल का डिजिटल भुगतान परिदृश्य प्रभावशाली गति से विस्तार कर रहा है, जिसे कुल लेनदेन में 23 फीसदी की वृद्धि, यूपीआई में उल्लेखनीय उछाल दर्ज हुआ।


## बिजनेस न्यूज

### सेंट्रल बैंक ने किया स्वच्छता अभियान का आयोजन



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के गौरवशाली 115 वें स्थापना दिवस के अवसर पर21 दिसम्बर 2025 तक बैंक द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को बैंक द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बैंक परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिय। इस अवसर पर अंचल प्रमुखधीरज गोयल ने उपस्थित अधिकारियों ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

### शहर में डॉ. बत्राज हेल्थकेयर का होम्योपैथिक क्लीनिक पुनः शुरू



**भोपाल** । विश्व स्तर पर होम्योपैथिक क्लीनिकों अग्रणी डॉ. बत्राज हेल्थकेयर ने भोपाल में अपने अत्याधुनिक क्लिनिक 11, अलंकार कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, जोन-II, महाराणा प्रताप नगर में पुनः शुरू की है। यह क्लिनिक 100 से अधिक तीव्र और दीर्घकालिक बीमारियों के लिए साक्ष्य-आधारित होम्योपैथी उपचार के साथ-साथ सुरक्षित, गैर-आक्रामक और दुष्प्रभाव-रहित उन्नत अंतरराष्ट्रीय स्तर के बाल और त्वचा सौंदर्य उपचार प्रदान करेगा। सभी उपचार प्रक्रियाएं और प्रोटोकॉल वैश्विक चिकित्सा मानकों के अनुरूप हैं। उद्घाटन समारोह में मंत्री सहकारिता, विश्वास सारंग और होम्योपैथिक कॉस्मेटोलॉजी एवं एस्थेटिक्स में फेलोशिप प्राप्त तथा डॉ. बत्राज हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय बत्रा उपस्थित थे।

### यंग इंडियंस ने आयोजित किया सीपीआर एवं फर्स्ट रिस्पांडर प्रशिक्षण सत्र



**भोपाल।** यंग इंडियंस भोपाल चैप्टर द्वारा कैरियर कॉलेज, भोपाल में सीपीआर एवं फर्स्ट रिस्पॉन्डर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन प्रसिद्ध सर्जन डॉ. अभिजीत देशमुख द्वारा उनकी टीम चिरायु स्किल लैब एवं सबका सहारा वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से किया गया। उक्त कार्यक्रम में यंग इंडियंस की ओर से अध्यक्ष कुहू शर्मा, उपाध्यक्ष शोभित जैन, रोड सेफ्टी चेयर मयंक साहिता, सुप्रीत कौर सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया। चिरायु स्किल लैब की ओर से फैसल एवं अंकित द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जबकि डॉ.सोमित बाथम, सीएमएचओ हमीदिया अस्पताल भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में कैरियर कॉलेज से मनीष राजौरिया ने सहभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

### हलवासिया ने कर्नाटक बैंक में 45 लाख और शेयर जोड़े

**मुंबई।** हाल ही में कर्नाटक बैंक में लगभग 71 करोड़ के 38 लाख शेयर खरीदने के बाद, प्रसिद्ध निवेशक और उद्यमी आदित्य कुमार हलवासिया ने 24 नवंबर को अतिरिक्त 45 लाख शेयर करीब 90 करोड़ रुपए में खरीदे हैं। इससे यह धारणा और मजबूत होती है कि यह निजी क्षेत्र के इस बैंक में उनकी एक गंभीर और रणनीतिक एंट्री है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि हलवासिया का इतिहास उन कंपनियों में उल्लेखनीय मूल्य सृजन का रहा है।

### दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस

# अप्रावा एनर्जी को विद्युत मंत्रालय ने दिया उत्कृष्ट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाइंटीग्रेटेड एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदाता कंपनी अप्रावा एनर्जी को अपने उत्कृष्ट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं मशीन लर्निंग सॉल्यूशन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसे भारत में डाटा द्वारा संचालित, उपभोक्ताओं को केंद्र में रखने वाले और भविष्य के लिए तैयार एनर्जी सॉल्यूशंस को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है यह पुरस्कार रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत विद्युत मंत्रालय द्वारा पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में एआई एवं एमएल के प्रयोग पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में भारत में बिजली वितरण कंपनियों में उपभोक्ताओं की संतुष्टि का स्तर बेहतर करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उदाहरणों पर चर्चा हुई। केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अप्रावा एनर्जी की टीम को रनर-अप अवार्ड प्रदान किया।

अप्रावा एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि ग्रिड. भारत में पावर डिस्ट्रीब्यूशन के भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने के अप्रावा के प्रयासों को दिखाता है। यह सिर्फ टेक्नोलॉजी अपग्रेड नहीं है, बल्कि पावर यूटिलिटी ऑपरेशंस में एआई और मशीन लर्निंग को गहराई से शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /598/न.पा.प./ लो.क.वि./2025 अहिवारा दिनांक 16.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0 (1st call) | 181893 | 437.06 Lakh | Bid Start Date- 16.12.2025, 17.00 PM<br>Bid Due Date - 08.01.2026, 17.00 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission<br>End Date - 12.01.2026, 14.00 PM<br>Bid open Date (Suheduled) - 12.01.2026, 17.00 PM<br>Prebid Meeting (Online) Meeting Link: meet.google.com/dej-pyiz-qfi<br>Date- 22-12-2025, 12.00 pm to 12.30pm |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

## म.प्र. तैलिक साहू सभा भोपाल

:: केबिएट सूचना ::

म.प्र. तैलिक साहू सभा भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 11 जनवरी 26 को सलकनपुर जि. सीहोर में कराये जाना निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन प्रदेश कार्यालय सी/1/307 नगर निगम फ्लैट 12 नं अरेरा कॉलोनी भोपाल 10/12/25 को किया गया एवं पीडीएफ द्वारा वाट्सएप पर सर्कुलेट किया। आपत्तीयों के निराकरण उपरांत 26/12/25 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जावेगी एवं 10 जनवरी 26 को नामांकन एवं 11 जनवरी को चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्न न्यायालयों में केबिएट प्रस्तुत की जा रही है। 1. मा. उच्च न्यायालय (प्रिसंपल सीट) जबलपुर 2. मा. अति. जिला एवं सत्र न्यायालय नसरुल्लागंज जि. सीहोर 3. मा. जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल 4. मा.रजिस्टार महोदय, फर्म एवं संस्थायें भोपाल 5. मा. अन्य विधिक फोरम / मा. न्यायालय / मा. सक्षम प्राधिकारी गण। इस केबिएट सूचना के माध्यम से मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के सदस्यों को अवगत कराया जाता है कि आपके द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के संबंध में कोई न्यायालयीन कार्यवाही संस्थित की जाती है तो उसकी एक प्रति अग्रिम रूप से न्यायालय में सुनवाई के पूर्व प्रदान करें। ताकि विधिसम्मत जबाब प्रस्तुत किया जा सकें। **विशेषः** मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के सदस्यों के अतिरिक्त अन्य किसी सामाजिक संगठन की कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। अनावश्यक चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करें अन्यथा हस्तक्षेपकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी। श्री रमेश साहू बैरसिया (महासचिव) प्रदेश संगठन द्वारा मुझे दिनांक 4/12/25 को जारी आदेशपत्र के माध्यम से चुनाव कार्य संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**रमेश के. साहू एडव्होकेट**
**( मुख्य चुनाव अधिकारी ) 9425136008**
**राष्ट्रीय कार्यावाहक अध्यक्ष अ.भा. तैलिक साहू महासभा नईदिल्ली**
**भोपाल - नगर निगम फ्लैट C/1/307 अरेरा कॉलोनी 12 नं. बस स्टॉप भोपाल**
**इटारसी- साहू लॉ चेम्बर 5 जनपथ इटारसी जिला नर्मदापुरम्**

## कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.)

cmoobaidullaganj@mpuban.gov.in Ph-07480-224068

क्रमांक / / राजस्व नामांतरण / न.प./2025 औ.गंज दिनांक

// हकअंतरण आपत्ति सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के तहत नगर परिषद के संपत्ति कर खाते में हकअंतरण धारक के रूप में कार्यवाही की जाना है अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र....के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर परिषद औबेदुल्लागंज के कार्यालय में लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम हकअन्तरण की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. | नस्ती भवन भूमि/प्लाट/ वार्ड का विवरण | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवसीय भूखण्ड क्रं.66 जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफिट वार्ड क्र.2 आशोक विहार प्लान-ए स्थित ग्राम सनोटी औ.गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री राजेश शर्मा आ. श्री रामकिशोर शर्मा निवासी- वार्ड क्र 09 हिरानिया औ. गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमति वंदना सिसोदिया पत्नि स्व श्री प्रभात सिसोदिया निवासी आर एम पी नगर फेस 1 गनपत बस्ती के पास विदिशा तह विदिशा | शपथ पत्र, विकय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार |
| 2 | आवासीय भूखण्ड क्र 01 जिसका क्षेत्रफल 1175 वर्गफिट वार्ड क्र 2 अशोक विहार प्लान-ए स्थित ग्राम सनोटी औ.गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री राजेश शर्मा आ. श्री रामकिशोर शर्मा निवासी- वार्ड क्र 09 हिरानिया औ.गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री ब्रजेश सिंह रघुवंशी आ. श्री कोमल सिंह निवासी ग्राम महगंवा कलां पोस्ट तह. सिलवानी जिला-रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार |
| 3 | आवासीय भूखण्ड क्र 36 जिसका क्षेत्रफल 950 वर्गफिट वार्ड क्र 03 स्थित ग्राम खिल्लीखेडा औ. गंज तह. गौ. गंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्री सचिन अग्रवाल आ. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी मकान न. 170, वार्ड क्र 11 अर्जुन नगर औ.गंज तह गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री हरीश सिलावट आ. श्री किशनलाल सिलावट निवासी मकान न. 180, वार्ड क्र 11 अर्जुन नगर औ.गंज तह गौ.गंज जिला- रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण के आधार |
| 4 | एक व्यासायिक भूखण्ड क्र 516/1/3/1 वार्ड क्र 01 विशनखेडा तह. औ.गंज तह गौ. गंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्रीमति राम बाई पत्नी स्व श्री प्यारेलाल, भारत सिंह, दीपक सिंह, मलखान सिंह, रंजित सिंह राहुल परमार पुत्रगण स्व. श्री प्यारेलाल निवासीगण विशनखेडा तह. गौहरगंज | श्रीमति राम बाई पत्नी स्व श्री प्यारेलाल, भारत सिंह, दीपक सिंह, मलखान सिंह. रंजित सिंह राहुल परमार पुत्रगण स्व. श्री प्यारेलाल निवासीगण विशनखेडा तह. गौहरगंज | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण, डायवर्सन के आधार पर |
| 5 | आवासीय भूखण्ड क्र 13 जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफिट वार्ड क्र 03 स्थित ग्राम सनोटी औ.गंज तह. गौ. गंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री राजू जाट आ. श्री बुन्देल सिंह जाट निवासी- केन्ट गुलाबगंज तह. गुना जिला गुना | श्री जीतमल नागर आ. श्री मदनलाल नागर निवासी- हिरानिया तह गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एंव तहसील नामांतरण, डायवर्सन के आधार पर |
| 6 | आवासीय भूखण्ड क्र 98 का भाग जिसका क्षेत्रफल 1630 वर्गफिट वार्ड क्र 03 स्थित ग्राम सनोटी औ.गंज तह. गी. गंज जिला-रायसेन म.प्र. | स्व श्रीमति उर्मिला पत्नि स्व श्री शालिगराम शर्मा निवासी- वार्ड क्र 02 महावीर कालोनी औ.गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री संजय शर्मा आ. स्व श्री शालिगराम शर्मा निवासी वार्ड क्र 02 महावीर कालोनी औ.गंज तह. गौ.गंज जिला-रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र, विक्रय पत्र एव वासियत के आधार |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद औबेदुल्लागंज

राज्यसभा में मंत्री गडकरी बोले

# एक्सप्रेसवे बनने से दिल्ली से देहरादून की दूरी दो घंटे में तय हो सकेगी, 15 दिन में शुरू होगा, अभी प्रायोगिक ट्रायल, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कम होगा ट्रैफिक

गडकरी ने बताया कि इसके उद्घाटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। यह एक्सप्रेसवे करीब पंद्रह दिनों में चालू हो जाएगा। दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से इसके प्रायोगिक परिचालन को मंजूरी दे दी गई है




देश में 10 हजार किमी सड़क निर्माण का लक्ष्य

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर घटकर 4.3 हो गई


राज्यसभा में जानकारी देते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी से उत्तराखंड की राजधानी की दूरी मात्र दो घंटे में तय की जा सकेगी और इसके उद्घाटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। यह एक्सप्रेसवे करीब पंद्रह दिनों में चालू हो जाएगा।

■ अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन तक परीक्षण के लिए खोला गया

दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से इसके प्रायोगिक परिचालन को मंजूरी दे दी गई है। इसके शुरू होने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर परिवहन काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे बनाया है जिसके चलते मेरठ जाने में अब 45 मिनट लगते हैं जबकि पहले साढ़े तीन घंटे का समय लगता था। बता दें, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे एक निर्माणाधीन परियोजना है, जो लगभग 210 किमी लंबी है और दिल्ली से देहरादून की यात्रा को 6-7 घंटे से घटाकर केवल 2.5 घंटे कर देगी। इसका एक हिस्सा (अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन तक) परीक्षण के लिए खोला जा चुका है।

## अब तक 3468 किमी सड़कों का निर्माण पूरा

मंत्री गडकरी ने एक अन्य सवाल के उत्तर में कहा कि चालू वित्त वर्ष (अक्टूबर 2025 तक) में 3,468 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि 2025-26 के लिए 10,000 किमी निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान 10,420 किमी के लक्ष्य के मुकाबले 10,660 किमी का निर्माण किया गया था। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों के विश्लेषण से सुधार के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रति 10,000 वाहन पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 5.8 थी जो घटकर 2022 में 4.3 हो गई।

## दो हजार किमी रेल मार्ग पर कवच का काम पूराः वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि दो हजार किमी से अधिक रेल मार्ग पर कवच सुरक्षा प्रणाली लगाने का काम पूरा हो चुका है और देश में यह काम तेजी से चल रहा है। अब तक 7,129 किलोमीटर ओएफसी लाइन पूरी कर ली है, 860 दूरसंचार टॉवर लगाए जा चुके हैं, 767 स्टेशन पर डेटा सेंटर बन चुके हैं और 3,413 पटरियों पर उपकरण लग चुके हैं। 4,154 लोकोमोटिव में इसके उपकरण लग चुके हैं। इसके अलावा 40,000 टेक्नीशियन और ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



155 स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई समेत देश के अन्य बड़े शहरों में रेलवे स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। मुंबई के लिए 238 नई रेलगाड़ियों की खरीद की प्रक्रिया जारी है जो 'ऑटो डोर क्लोज' सुविधा वाली होंगी। उन्होंने कहा कि देश में अमृत भारत योजना में जितने भी स्टेशन लिए गए हैं, उन पर काम तेजी से चल रहा है। योजना के तहत देश में अब तक 1,337 स्टेशनों को पुनर्निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है और अब तक 155 स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

## 6जी तकनीक में हम दुनिया का नेतृत्व करेंगे : सिंधिया

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 5जी तकनीक देश की ही नहीं, विश्वव्यापी सफलता की कहानी बन गई है। भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, 5जी में दुनिया के साथ चला और हम 6जी में विश्व का नेतृत्व करेंगे। 2023 में 5जी का क्रियान्वयन शुरू होने से लेकर आज तक करीब 5 लाख बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशनत) लग चुके हैं। देश के 778 जिलों में से 767 जिलों में 5जी की कनेक्टिविटी उपलब्ध है।



परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी वाला विधेयक मंजूर

## उन्हीं सुरक्षा उपायों पर अमल जो नेहरू के समय केः जितेंद्र



लोकसभा ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्ष के विरोध के बीच बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सरकार ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को ऐतिहासिक करार दिया है तो विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है तथा यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के लिए 37 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट है। यदि हमने 2047 तक 100 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है तो पूरा करने में परमाणु क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हीं सुरक्षा उपायों को जारी रखा गया है जो प्रथम पीएम जवाहर लाल नेहरू के समय अमल में आए थे। निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी, लेकिन सुरक्षा का पूरा प्रबंध किया गया है। दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है, बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।

## जोखिम पूरी तरह से नजरअंदाजः थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विधेयक में विभिन्न खामियों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि इसमें रेडियोधर्मी पदार्थों के विकिरण और परमाणु अपशिष्ट से उत्पन्न होने वाले 'जोखिम को पूरी तरह से नजरअंदाज' किया गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद गणपत ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया और भोपाल गैस त्रासदी की याद दिलाई। उन्होंने न्यूक्लियर वेस्ट के निपटान को लेकर चिंता जताई।

---

खबर संक्षेप

### ट्रक से टकराई कार 4 की मौके पर मौत



**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में कोहरा के चलते ऋषिकेश में मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की छत क्षतिग्रस्त होकर अलग हो गई थी। जान गंवाने वाले कार सवार के शरीर के टुकड़े हो गए।

### मोकिम का सोनिया को लिखा पत्र भाजपा से प्रेरित



**भुवनेश्वर।** ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि निष्कासित कांग्रेस नेता मोहम्मद मोकिम का हाल में सोनिया गांधी को लिखा गया पत्र 'भाजपा की मानसिकता' से तैयार किया हुआ लगता है। उन्होंने दावा किया कि यह पत्र भाजपा के पसंदीदा मुद्दों से भरा हुआ है।

### दिल्ली में जनवरी से शुरू होगी भारत टैक्सी सर्विस




**नई दिल्ली।** सरकार की सहकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी की दिल्ली एनसीआर में शुरूआत एक जनवरी 2026 से कर दी जाएगी। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट को शुरू भी कर दिया गया है। जिसके कुछ समय बाद इस सेवा को पूरे भारत में शुरू किया जाएगा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# बंद करें 9 टोल प्लाजा, मौजूदा उपायों को ही प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है।

सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण पर सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यह अनुमति दे दी कि वह ऐसे पुराने वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सकती है, जो भारत स्टेज-IV (बीएस-IV) उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते। यानी डीजल वाहन अगर 10 साल से पुराने हैं या पेट्रोल वाहन 15 साल से पुराने हैं, लेकिन वे बीएस-IV मानकों का पालन करते हैं, तो उन्हें फिलहाल राहत मिलेगी।



बुधवार सुबह धुंध में समाया इंडिया गेट

## स्कूल की छुट्टियां जारी रहेंगी

सुनवाई के दौरान वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं।

## निर्माण मजदूरों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं

सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए।

दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान

# मजदूरों को 10 हजार का मुआवजा दफ्तरों में 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम

बुधवार को एक्यूआई 326 दर्ज


मंत्री कपिल मिश्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर प्रतिबंधों वाला ग्रैप का चौथा चरण लागू है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, दिल्ली सरकार ने प्रभावित मजदूरों को आर्थिक सहायता देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंजीकृत मजदूरों को 10,000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी। सरकार ने सभी सरकारी और निजी कार्यालयों में 50% कर्मचारियों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) को अनिवार्य कर दिया है। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि पंजीकृत मजदूरों को 10,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## वाहनों की आवाजाही पर रोक से फायदा

सरकार ने निजी कार्यालयों को निर्देश दिया कि कार्यस्थलों पर कर्मचारियों की संख्या अधिकतम 50 प्रतिशत होनी चाहिए और शेष कर्मचारियों को घर से काम करना होगा। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य संस्थानों, परिवहन, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं सहित कुछ क्षेत्रों में हालांकि छूट दी गई है। निजी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया गया कि वे जहां भी संभव हो, अलग-अलग कार्य समय लागू करें, घर से काम करने के नियमों का सख्ती से पालन करें और कार्यालय आने-जाने से संबंधित वाहनों की आवाजाही को कम से कम करें। नियमों का पालन न करने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 और 16 तथा अन्य लागू कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी राज्यों के साथ संपर्क कर रहेः सिरसा



मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में एक बड़ा सर्वे चल रहा है, जिसके माध्यम से अवैध रूप से संचालित हो रहे उद्योगों का पता लगाया जा रहा है। इन उद्योगों को बंद करने और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक सीमा-पार समस्या है और इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ भी संपर्क कर रही है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पड़ोसी राज्यों का वायु गुणवत्ता सूचकांक भी नीचे आए, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर कम हो सके। यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण से निपटने में अधिक प्रभावी साबित हो सकता है।

---

मनरेगा का नाम बदलने पर सियासी संग्राम, दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# गांधी का नाम हटाना, औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि उनकी विचारधारा और विरासत पर सीधा प्रहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) (जी राम जी) विधेयक करने के फैसले को लेकर राजनीतिक हलकों में विवाद गहरा गया है। नई दिल्ली में बुधवार को ऑल इंडिया अनऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स कांग्रेस के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में पार्टी ने नए विधेयक पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि मनरेगा को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना सिर्फ एक औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि गांधी की विचारधारा और विरासत पर सीधा प्रहार है। बता दें, पार्टी की ओर से सभी प्रदेशों में जिला मुख्यालयों, राज्य राजधानियों और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, रैलियां कीं।

देश भर के जिला मुख्यालयों पर किया प्रदर्शन

हाथों में बैनर, तख्तियां लेकर जताया विरोध


कर्नाटक के बेलगावी में विरोध प्रदर्शन करते सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के संग विधान परिषद के सदस्य

## राज्यों से सलाह किए बगैर फैसले थोपे जा रहे

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने मनरेगा बदलाव के खिलाफ बुधवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। बेलगावी स्थित सुवर्ण विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इसमें राज्य सरकार के मंत्री, कांग्रेस विधायक और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ग्रामीण रोजगार जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बिना राज्यों से सलाह लिए फैसले थोप रही है।

**मनरेगा का नाम यथावत रखें**

कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मनरेगा का नाम यथावत रखा जाए। योजना के अधिकार-आधारित स्वरूप से कोई छेड़छाड़ न की जाए। ग्रामीण रोजगार के लिए बजट और काम के दिनों में कटौती बंद की जाए। यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

ईडी की अपील खारिज होने पर कांग्रेस का आरोप

## नेशनल हेराल्ड राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न की 'मनगढ़ंत' कहानी


मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न की कहानी है। ये लोग (भाजपा) ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का उपयोग करके हमारे लोगों को बदनाम कर रहे हैं। खासकर गांधी परिवार को सताने के लिए उन्होंने ये केस डाला है। नहीं तो उसमें कुछ नहीं है। कोई एफआईआर नहीं है। कोई व्यक्ति शिकायत डालता है और ये उस पर कार्रवाई करते हैं। जिस चीज में कोई दम नहीं है, उसमें दम भरने की कोशिश करके हमारे लोगों का उत्पीड़न करते हैं। हमारी कांग्रेस पार्टी के बहुत से नेता, 50 बड़े नेता जो उनसे सहानुभूति नहीं रखते हैं, उनके खिलाफ ईडी का केस डालकर उन्हें सता रहे हैं।


गुजरात के अहमदाबाद शहर में विरोध प्रदर्शन

भारतीय सेना की मारक शक्ति में बड़ा इजाफा

# उड़ता हुआ टैंक कहे जाने वाले 3 अपाचे हेलिकॉप्टर अमेरिका ने भारत को सौंपे, अब पाकिस्तान से सटी सीमा पर होंगे तैनात

**यूएस से मिला एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों का आखिरी बैच**

**पहले भारतीय वायुसेना भी 22 अपाचे हेलिकॉप्टर शामिल कर चुकी है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की युद्ध क्षमता में मंगलवार को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। अमेरिका ने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों का दूसरा और अंतिम बैच भारतीय सेना को सौंप दिया है। इस डिलीवरी के साथ ही सेना को अपने सभी 6 अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर मिल गए हैं, जिससे देश की सीमा सुरक्षा और आक्रामक क्षमता को नई धार मिली है।

अमेरिका से आए ये तीन अत्याधुनिक अपाचे हेलीकॉप्टर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरे। इसके बाद इन्हें राजस्थान के जोधपुर में स्थित 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा, जहां से ये रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इलाकों में तैनात किए जाएंगे। इन अपाचे हेलीकॉप्टरों को भारतीय सेना ने सनातन हिंदू परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन के साथ अपने बेड़े में शामिल किया। मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि के साथ हुए इस पूजन ने यह स्पष्ट किया कि भारत में आधुनिक युद्ध तकनीक और हजारों वर्षों पुरानी सैन्य परंपराएँ साथ-साथ चलती हैं। सेना के जवानों द्वारा किया गया यह पूजन न केवल आस्था का प्रतीक था।


पूजन करते सेना के अधिकारी

**सनातन परंपरा से आधुनिक हथियारों का स्वागत**

### अपाचे को फ्लाइंग टैंक भी कहते हैं

अमेरिका में निर्मित एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर को दुनिया के सबसे घातक और भरोसेमंद मल्टीरोल अटैक हेलीकॉप्टरों में गिना जाता है। इसकी असाधारण मारक क्षमता और युद्ध क्षेत्र में टिके रहने की ताकत के कारण इसे फ्लाइंग टैंक कहा जाता है। अपाचे हेलीकॉप्टरः हेलफायर मिसाइल, 70 मिमी रॉकेट, 30 मिमी चेन गन से लैस होते हैं, जिससे यह दुश्मन के बंकरों, टैंकों, सैन्य ठिकानों और एयर डिफेंस सिस्टम को सटीक तरीके से नष्ट करने में सक्षम है।

### अमेरिकी दूतावास ने किया स्वागत

एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर्स की अंतिम खेप भारत पहुंचने पर अमेरिकी दूतावास ने इसका स्वागत किया। दूतावास ने कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी की तहत किए गए वादे को पूरा किया गया है। इन हेलिकॉप्टर्स की डिलीवरी में पहले कई बार देरी हुई थी।


अपाचे को गाजियाबाद के एयरबेस पर उतारा गया

### रात, पहाड़ और दुर्गम इलाके में सक्षम


*अपाचे हेलीकॉप्टर में लगे अत्याधुनिक सेंसर्स और नाइट फाइटिंग सिस्टम इसे दिन-रात किसी भी परिस्थिति में युद्ध के लिए सक्षम बनाते हैं विशेष रूप से पर्वतीय, रेगिस्तानी और जोखिमभरे इलाकों में इसकी भूमिका बेहद प्रभावी मानी जाती है। यही वजह है कि अमेरिकी सेना सहित कई देशों ने इसे अपने प्रमुख सैन्य अभियानों में इस्तेमाल किया है।*

**4,168 करोड़ रुपए का सौदा**

भारत सरकार ने वर्ष 2020 में बोइंग कंपनी के साथ 4,168 करोड़ रुपए का सौदा कर भारतीय सेना के लिए 6 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदे थे। यह सौदा सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में 10 स्कूलों को मिली बम की धमकी



**अहमदाबाद।** यहां के 10 निजी स्कूलों को बुधवार को बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल मिले। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। जोन-1 के पुलिस उपायुक्त हर्षद पटेल ने बताया कि एहतियात के तौर पर स्कूलों ने दोपहर की शिफ्ट के लिए छुट्टी घोषित कर दी। ईमेल सुबह की शिफ्ट समाप्त होने के बाद मिले थे और सभी स्कूलों को एक ही तरह का संदेश भेजा गया था। पटेल ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच की।

### ग्लोबल साउथ तय करेगा दुनिया का एआई एजेंडा



नई दिल्ली। भारत 2026 की शुरुआत में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। 19-20 फरवरी के बीच होने वाला ये समिट 'ग्लोबल साउथ' के देशों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। यहां वे न सिर्फ एक साथ मिलकर समाधानों पर चर्चा करेंगे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई के एजेंडे को सक्रिय रूप से आकार भी देंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में किया जाएगा।

धमकी के बाद भारत ने उठाया सख्त कदम

# भारत ने बांग्लादेश में अस्थायी तौर पर बंद किया अपना वीजा आवेदन केंद्र

- अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचार और बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच भारत का बड़ा एक्शन



भारतीय दूतावास के पास प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में दिनों-दिन हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचार और बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच भारत ने एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को ढाका में मौजूद अपने वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। केंद्र ने एक बयान में बताया कि आईवीएसी ने जमुना फ्यूचर पार्क (जेएफपी) स्थित अपने कार्यालय को बांग्लादेश के मौजूदा सुरक्षा हालातों के मद्देनजर फिलहाल अस्थायी तौर पर बंद करने का निर्णय लिया है।

### उजागर हुई युनूस सरकार की नाकामी

पिछले साल उग्र छात्र आंदोलन की वजह से देश छोड़ने पर मजबूर हुई तत्कालीन पीएम शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद से पड़ोसी देश के जमीनी हालात ठीक नहीं है। हालांकि वहां पर मोहम्मद युनूस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया है। जो कि चरमपंथियों तत्वों पर नकेल कसने में असफल साबित हुई है। अंतरिम सरकार के निर्देश पर बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण (आईसीजे) ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के खिलाफ छात्र प्रदर्शनों के दौरान की गई कार्यवाही से जुड़े मामले को लेकर मौत की सजा सुनाते हुए भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है।

### खारिज की चरमपंथी तत्वों की झूठी कहानी

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपेक्षा जताते हुए कहा है कि वो ढाका में मौजूद भारतीय मिशन और कार्यालयों की सुरक्षा को अपने कूटनीतिक दायित्वों के हिसाब से सुनिश्चित करे। हमने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर सुरक्षा संबंधी अपनी तमाम चिंताओं से रूबरू कराया है। भारत ने चरमपंथी बांग्लादेशी तत्वों द्वारा हालिया समय की चंद घटनाओं को लेकर बनाई गई मनगढ़ंत कहानियों को सिरे से खारिज किया है। साथ ही कहा कि ढाका की अंतरिम सरकार द्वारा न ही इन मामलों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल की गई है और न ही इनके संबंध में नई दिल्ली के साथ कोई ठोस प्रमाण साझा किया गया है। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत की तरफ से बांग्लादेश को ये भी साफ किया गया है कि उसने कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किसी को भी करने की इजाजत नहीं दी है।

पीएम मोदी ने पार्लियामेंट और लोकतांत्रिक यात्रा के लिए गहरा सम्मान जताया

# इथियोपिया शेरों की धरती... हम दोस्ती का नया 'अध्याय' लिख रहे, संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी

**पीएम मोदी की प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ चर्चा**

**इथियोपिया के पीएम ने खुद कार ड्राइव कर एयरपोर्ट पर छोड़ा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अदीस अबाबा में इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए बड़े सम्मान और सौभाग्य की बात है। इथियोपिया, जिसे शेरों की धरती कहा जाता है, आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मैं यहां खुद को बिल्कुल अपने घर जैसा महसूस कर रहा हूं। क्योंकि भारत में मेरा गृह राज्य गुजरात भी शेरों की धरती के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, आज आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं लोकतंत्र के मंदिर में, पुरानी समझ और मॉडर्न उम्मीदों वाले देश के दिल में आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों का अभिवादन लेकर आए हैं और इथियोपिया की पार्लियामेंट, लोगों और लोकतांत्रिक यात्रा के लिए गहरा सम्मान जताया।



उन्होंने कहा,इस महान इमारत में लोगों की इच्छा ही राज्य की इच्छा बन जाती है। जब राज्य का पहिया लोगों के पहिये के साथ तालमेल बिठाकर चलता है, तो तरक्की का पहिया उम्मीद और मकसद के साथ आगे बढ़ता है। यह भाषण पीएम मोदी की प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ कई मुद्दों पर बातचीत के एक दिन बाद आया, जिसके दौरान भारत और इथियोपिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप तक बढ़ाया।

चर्चा में फूड और हेल्थ सिक्योरिटी, कैपेसिटी बिल्डिंग, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मास्यूटिकल्स, मेडिकल टूरिज्म, एनर्जी और जरूरी मिनरल्स में सहयोग पर ध्यान दिया गया। इथोपिया के बाद पीएम मोदी ओमान के लिए रवाना हो गए हैं। ओमान जाने के लिए पीएम मोदी को इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद ने अपनी कार में बिठाकर एयरपोर्ट तक छोड़ा और ओमान के लिए विमान में सवार होने से पहले उन्हें व्यक्तिगत रूप से विदा किया।


इथियोपिया के पीएम खुद कार चलाकर पीएम मोदी को एयरपोर्ट ले गए


### ग्रैंड ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित

*पीएम मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली को देश के सबसे बड़े सिविलियन अवॉर्ड ग्रैंड ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा, मैं भारत के लोगों की ओर से हाथ जोड़कर और विनम्रता से यह सम्मान स्वीकार करता हूं। इथियोपिया को दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास इसके पहाड़ों, घाटियों और इसके लोगों के दिलों में जिंदा है। उन्होंने एक कल्चरल लिंक पर भी जोर दिया, यह देखते हुए कि भारत का राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम और इथियोपिया का राष्ट्रीय गान, दोनों ही जमीन को मां कहते हैं. हम भी एक पुरानी सभ्यता हैं, जो 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' के नारे से चलते हुए, भविष्य की ओर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहे हैं. अपनी मातृभूमि के लिए हमारी भावनाएं भी हमारे साझा नजरिए को दिखाती हैं।*

### पीएम मोदी ने खोला भारत-इथोपिया कृषि सहयोग का रोडमैप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथोपिया दौरे के दौरान भारत-इथोपिया रणनीतिक साझेदारी में खेती और किसानों को भी केंद्र में रखा। इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बीज विकास, सिंचाई, मिलेट्स, जलवायु अनुकूल खेती, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की और कहा कि कृषि दोनों देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसी के जरिए खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय को मजबूती दी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इथोपिया दोनों विकासशील देश हैं और दोनों की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका केंद्रीय है। खेती सिर्फ आजीविका का साधन नहीं, बल्कि परंपरा और नवाचार को जोड़ने वाली कड़ी है। उन्होंने बीज विकास, सिंचाई प्रणालियों और मिट्टी की सेहत सुधारने वाली तकनीकों पर मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा किबेहतर बीज और आधुनिक खेती तकनीक से दोनों देशों के किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

# ईरान के तट पर साइलेंट गार्जियन



### चाबहार में भारतीय जहाज की एंट्री ने बदला समंदर का खेल?

**तेहरान।** भारतीय तटरक्षक बल का अत्याधुनिक जहाज 'आईसीजीएस सार्थक' ईरान के रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर लंगर डाल चुका है। ओमान की खाड़ी में लहरों का शोर वही है, लेकिन हवाओं का रुख बदल चुका है। बुधवार को जब इंडियन कोस्ट गार्ड का जहाज आईसीजीएस सार्थक ईरान के चाबहार बंदरगाह पर पहुंचा, तो कूटनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इसे हिंद महासागर में भारत की बदलती और आक्रामक रणनीति के तौर पर देखा जाने लगा।

### ऑपरेशन सिंदूर पर बोले चव्हाण आधे घंटे में भारत हार गया



**मुंबई।** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े अपने दावे पर बुधवार को माफी मांगने से इनकार कर दिया है। चव्हाण ने कहा, मैं माफी नहीं मांगूंगा मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है और मेरे पास माफी मांगने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले था कि मई में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष में भारतीय सेना को पहले दिन ही हार का सामना करना पड़ा था। इस पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा सेना का अपमान करना अब कांग्रेस की पहचान बन गया है। यह सिर्फ पृथ्वीराज चव्हाण का बयान नहीं है, बल्कि राहुल गांधी भी पहले इसी तरह के बयान दे चुके हैं। बता दें चव्हाण ने पुणे में कहा था 7 मई को हुई आधे घंटे की हवाई झड़प में भारतीय विमान उड़ाने की हालत में नहीं थे।

राष्ट्रपति ट्रंप का नया फरमान

# अमेरिका ने सीरिया और माली समेत 39 देशों में ट्रैवल बैन बढ़ा दिया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पूर्ण यात्रा प्रतिबंध के दायरे में आने वाले देशों की सूची का विस्तार करते हुए सीरिया समेत सात और देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी है।



व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप ने प्रतिबंध के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम के तहत बर्किना फासो, माली, नाइजर, दक्षिण सूडान, सीरिया और फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा जारी यात्रा दस्तावेजों वाले नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कार्रवाई के तहत लाओस और सिएरा लियोन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिन पर पहले केवल आंशिक प्रतिबंध लागू थे। यह विस्तारित प्रतिबंध एक जनवरी से प रभावी होगा।

यह कार्रवाई ट्रंप के उस वादे के बावजूद की गई है जिसमें उन्होंने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा के साथ नवंबर में हुई वार्ता के बाद सीरिया को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही थी।

### यूएस ने वेनेज़ुएला में तेल टैंकरों को घेरा

*अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा कदम उठाते हुए वेनेजुएला में आने और वहां से जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया है। यह कदम वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप के इस नए कदम से दक्षिण अमेरिकी देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ने वाला है।*

## गोवा में हंसा नौसैन्य अड्डे पर आयोजित किया गया विशेष समारोह

कोच्चि में स्थित नौसेना के गरुड़ अड्डे पर की तैनाती

# देश के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुई एमएच-60आर हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वॉड्रन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी-सीमा पर बने हुए तनाव के बीच बुधवार को भारतीय नौसेना की रणनीतिक क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। कारण, बल के युद्धक बेड़े में अत्याधुनिक और दुनियाभर में अपनी अचूक मारक क्षमता के लिए मशहूर एमएच-60आर हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन शामिल हो गई है। इस बाबत गोवा स्थित नौसेना के हंसा अड्डे पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने की। नौसेना ने 17 दिसंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। ज्ञात हो कि नौसेना को यह हेलीकॉप्टर अमेरिका ने दिए हैं। जिसके लिए दोनों देशों की सरकारों के बीच 2020 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसी के तहत देश के दक्षिण में कोच्चि में स्थित नौसेना के गरुड़ अड्डे पर पूर्व में इन हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वॉड्रन को तैनात किया गया था। अब गोवा में ये दूसरी स्क्वाड्रन बनाई गई है। बताते चलें कि एमएच-60 आर 9/11 आतंकी हमले के मुख्य गुनहगार और अलकायदा के खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को मार गिराने के लिए प्रयोग किए गए अमेरिका के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का समुद्री वर्जन है।



### स्क्वॉड्रन को मिला 'ओस्प्रे' नाम

*नौसेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर की इस स्क्वाड्रन को आईएनएएस 335 ओस्प्रे नाम दिया है। समारोह को संबोधित करते हुए नौसेनाध्यक्ष ने कहा कि देश के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी समुद्री सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना एमक्यू 9-बी सी गार्डियन ड्रोन की खरीद की दिशा में भी प्रगति के साथ आगे बढ़ रही है।*

### यूएस से 2020 में हुआ था समझौता

24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका की सरकारों (जी-टू-जी) के बीच वर्ष 2020 में कुल करीब 15,157 करोड़ का एक समझौता हुआ था। नौसेना को अब तक करीब 9 से अधिक हेलीकॉप्टर सौंपे जा चुके हैं। जो उसके स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के अलावा बल के अन्य जंगी युद्धपोतों पर देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ तैनात हैं।

### दुश्मन की पनडुब्बियों की खैर नहीं

एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में हवाई अभियान चलाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल नौसेना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। बल की तकनीकी भाषा में इसे एंटी-सबमरीन वारफेयर (एएसडब्ल्यू) और एंटी सरफेस वारफेयर (एएसयूडब्ल्यू) कहा जाता है। इसके अलावा इन्हें बड़े पैमाने पर राहत-बचाव कार्यों, रात्रिकालीन खोज और बचाव अभियानों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है।


नेहरू पेपर्स विवाद पर केंद्र ने कहा-

# दस्तावेज 'लापता' नहीं, सोनिया गांधी के पास हैं, वापस लौटाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निजी पत्रों और दस्तावेजों को लेकर केंद्र सरकार और कांग्रेस के बीच राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है। संस्कृति मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नेहरू के पत्र 'लापता' नहीं हैं, बल्कि वे सोनिया गांधी के पास सुरक्षित हैं। सरकार ने अब इन दस्तावेजों को राष्ट्र की विरासत बताते हुए इन्हें वापस लौटाने की मांग की है।

दरअसल, विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा सांसद संबित पात्रा ने संसद में सवाल पूछा कि क्या प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय से नेहरू के पत्र गायब हैं? इसके जवाब में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लिखित में कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री से संबंधित कोई भी दस्तावेज (पीएमएमएल) से लापता नहीं है। इस जवाब के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और माफी की मांग की, यह कहते हुए कि सरकार पहले गुमशुदगी की अफवाहें फैला रही थी।


फाइल फोटो

### खैर की अवैध कटाई के पैसों से चल रहा था आईएसआईएस का नेटवर्क

ईडी का चौंकाने वाला खुलासा

# आलीराजपुर की धरती से खैर की लकड़ी की अवैध तस्करी से होती है आतंकी फंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के आलीराजपुर ईडी ने आईएसआईएस से जुड़े एक कट्टरपंथी मॉड्यूल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। साथ ही खुलासा किया है कि आतंकी फंडिंग खैर की लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी से की जा रही थी। 40 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई के दौरान दो लोग सचिन फाकले, खलिल उस्मान मुल्ला आईडेंटिफाई हुए हैं। जोकि आलीराजपुर खेर लकड़ी की तस्करी मे आरोपी है। दरअसल बीते साल जून माह में गुजरात वन विभाग की टीम ने खैर की लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया था। ट्रक चालक ने विभाग के अधिकारियों को पूछताछ में बताया कि यह लकड़ी वह आलीराजपुर स्थित डिपो में ले जा रहा है, जिसके बाद गुजरात के सूरत की मांडवी वन मंडल की टीम ने आलीराजपुर पहुंच कर डिपो पर छापमार कार्रवाई करते हुए इसे सील कर दिया था।

**टीम दल-बल के साथ आलीराजपुर स्थित डिपो पहुंची**



गुजरात कोर्ट के आदेश के बाद गुजरात वन विभाग की टीम दल-बल के साथ आलीराजपुर स्थित डिपो पहुंची और सील तोड़ कर लकड़ियां उठाने की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान गुजरात वन विभाग की टीम के साथ आए विशेष लोक अभियोजक अधिकारी ने इस मामले में बेहद चौकाने वाला खुलासा किया। लोक अभियोजक महेंद्र सिंह कछावा गुजरात सरकार ने दावा किया कि इस मामले में डिपो मालिक मोहन ताहिर भी फरार है, हज पर जाने के बाद अभी तक इंडिया नहीं आया। (इमीग्रेशन रिपोर्ट के अनुसार) उन्होंने मीडिया से चर्चा में बताया कि खैर की लकड़ी के अवैध कारोबार से कमाए धन को आरोपी देश विरोधी गतिविधियों में भी उपयोग करते थे। इस मामले में सूरत ईडी की टीम भी जांच कर रही है। वहीं उन्होंने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों का अंदेशा होने बाद एनआईए भी इस मामले में जांच कर सकती है।

### अपराध में साथ देने पर मुख्य आरोपी के सहयोगियों को 7 वर्ष के सश्रम कारावास

# 10 साल के मासूम के साथ कुकृत्य कर हत्या करने वाले आरोपी को शेष जीवन तक आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाबालिग बालक का अपहरण कर उसके साथ कुकृत्य कर उसकी जघन्य हत्या करने वाले आरोपी अरुण यादव आयु 26 वर्ष निवासी शारदा नगर नारियल खेड़ा भोपाल मप्र को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा-302, 363, 366,377, पॉक्सो एक्ट की धारा- 5 (एम)/ 6 एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा-3 (2) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन सश्रम कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।



**परिजनों को 4 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश**

विशेष न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मृत बालक के परिजनों को 4 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश भी दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।

#### इन्हें मिला 7 वर्ष का कारावास

विशेष न्यायाधीश ने प्रकरण के सहआरोपी गोपाल यादव उर्फ लालू आयु 21 वर्ष निवासी मजदूर नगर शाहजहांनाबाद भोपाल एवं मटरू उर्फ अमरदीप यादव आयु 22 वर्ष निवासी मजदूर नगर शाहजहांनाबाद भोपाल को 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 -5000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

#### विवेचना के बाद पुलिस ने पेश किया मामला

पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दैरान आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध भादंसं की धारा-302, 363, 366,377, पॉक्सो एक्ट की धारा- 5 (एम)/ 6 एवं अनुसूचित जाजि जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा-3 (2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के पश्चात पुलिसकर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची कोर्ट में प्रस्तुत किया था।

### खबर संक्षेप



#### डॉ. आंद्रे बेस्ट फैकल्टी प्रेजेंटेशन अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. विदुआ

**भोपाल।** तंबाकू के प्रभाव से उत्पन्न पुरुष बांझपन पर किए गए अध्ययन के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लखनऊ में आयोजित टॉक्सोकॉन-21 में एम्स भोपाल के प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र विदुआ को डॉ. आंद्रे बेस्ट फैकल्टी प्रेजेंटेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार इंडियन सोसाइटी ऑफ टॉक्सिकोलॉजी के संस्थापक अध्यक्ष एवं अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, केरल के प्रसिद्ध फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजिस्ट प्रो. वीवी पिल्लै द्वारा नकद पुरस्कार के साथ प्रदान किया गया।

#### भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में आज से शुरू होगी ओटीपी आरक्षण काउंटर प्रणाली

**भोपाल।** रेल प्रसाशन द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने हेतु चयनित ट्रेनों के लिए ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली शताब्दी एवं वंदे भारत एक्सप्रेस में पहले से ही सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर में भी गुरुवार 18 दिसंबर से ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली आरक्षण काउंटर पर लागू किया जा रहा है। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इस नई संशोधित व्यवस्था के तहत कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटरके माध्यम से केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही टिकट जारी किए जाएंगे।

#### समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचने वाले कर्मचारियों को थमाया नोटिस

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के समय पर कार्यालय न पहुंचने पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सुबह 10:30 बजे के बाद कार्यालय पहुंचने वाले दो दर्जन कर्मचारियों को वेतन कटौती नोटिस दिया गया है। नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर संबंधित कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। कार्यालय से अनुपस्थित मिले कर्मचारियों की सार्थक ऐप से उपस्थित की पुष्टि भी की जाएगी। पूर्व में सीएमएचओ द्वारा शहर की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति के आधार पर विलंब से पहुंचने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की थी। डॉ.

#### अंशुल तिवारी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने मीडिया संगठन की टीम में इजाफा किया है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने राजगढ़ जिले के अंशुल तिवारी को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से की गई है।

### निगम मुख्यालय से फाइलें और दस्तावेज एकत्र करने में जुटे कर्मचारी

# आईएसबीटी से नए निगम मुख्यालय भवन में शिफ्टिंग की तैयारी, लोगों को मिलेगी सुविधा

ग्राउंड फ्लोर पर होंगे पब्लिक सर्विस सेंटर, जन्म मृत्यु शाखा, हाउसिंग फार ऑल, विवाह पंजीयन जैसे विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएसबीटी में संचालित निगम मुख्यालय का नया भवन बनने के बाद अब शिफ्टिंग की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आईएसबीटी से अलमारी, फाइलें व अन्य दस्तावेज एकत्र करने में कर्मचारी जुटे हैं। इन्हें व्यवस्थित किया जा रहा है ताकि सुरक्षित रूप से इन्हें नए भवन में पहुंचाया जा सके। निगम प्रशासन के अनुसार चरणबद्ध तरीके से यह काम किया जाएगा। क्योंकि अहम दस्तावेजों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाना है। पहले चरण में ग्राउंड फ्लोर पर वे विभाग शुरू हो जाएंगे, जो सीधे आम लोगों से जुड़े हैं। इनमें पब्लिक सर्विस सेंटर, जन्म-मृत्यु शाखा, हाउसिंग फार ऑल, विवाह पंजीयन जैसे विभाग शामिल हैं। इसके निर्देश भी निगम आयुक्त ने दिए हैं।

नया भवन बनने के बाद सभी विभाग एक ही छत के नीचे होंगे। वर्तमान में निगम के दस विभाग शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं। निगम आयुक्त ने सभी विभाग अध्यक्षों को अपने अधीनस्थ विभागों को निगम मुख्यालय भवन में स्थानांतरित करने के लिए जरूरी तैयारियां करने और रिकार्ड व नस्तियां व्यवस्थित करने को कहा है।



नए भवन में जाने के लिए सामान एकत्रित किया ।

**सामान एकत्र करना शुरू**

निगम मुख्यालय वर्तमान में 10 जगहों पर बंटा है। माता मंदिर, पीएचई दफ्तर, लिंक रोड नंबर-3, आइएसबीटी, न्यू मार्केट, आचार्य नरेंद्रदेव पुस्तकालय, श्यामला हिल्स, शाहपुरा व पुराने शहर के फतेहगढ़ में 4 अलग-अलग भवन में निगम के दफ्तर लगते हैं। निगम आयुक्त के निर्देश के बाद यहां सामान एकत्र होना शुरू हो गया है।

### प्लास्टिक रिसाइकिल प्लांट के संबंध में दी जानकारी

## अपशिष्ट को रिसाइकिल कर उत्पाद बनाना अहम कार्य



निगम आयुक्त से नेस्ले इंडिया व टेराफार्म एजेंसी के पदाधिकारियों ने की मुलाकात।

**भोपाल।** प्लास्टिक वेस्ट को रिसाईकिल करना अपने आप में एक अहम कार्य है, लेकिन अपशिष्ट से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना और उपयोगी उत्पाद बनाना भी प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अति आवश्यक कदम है। यह विचार निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने नेस्ले इंडिया एवं टेराफॉर्म एजेंसी के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक रिसाईकिल प्लांट को पूरी क्षमता के साथ संचालित करें। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं अपशिष्ट को रोजगार के संसाधन के रूप में लेकर कई संस्थाएं प्लास्टिक वेस्ट को रिसाईकिल करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। प्लास्टिक अपशिष्ट से उपयोगी उत्पाद बनाने को प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नगर निगम में हुआ प्रशासनिक फेरबदल

## इंचार्ज अधिकारियों के तबादले, विधानसभावार राजस्व और स्वास्थ्य अधिकारी का दिया प्रभार

जेडओ, एचएफए, प्रभारी ट्रांसफर स्टेशन और होर्डिंग्स शाखा के अधिकारियों को राजस्व का जिम्मा

सहायक आयुक्त कीर्ति चौहान को स्वास्थ्य विभाग से राजस्व एवं संपित्तकर विभाग की दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में प्रशासनिक फेरबदल शुरू हो गया है। पहले दिन तीन बड़े बदलाव करते हुए पांच अधिकारियों के तबादले कर उन्हें विधानसभावार प्रभारी राजस्व अधिकारी का जिम्मा दिया है। वहीं पांच प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी भी बनाए हैं, जबकि नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहीं सहायक आयुक्त कीर्ति चौहान को राजस्व एवं संपत्तिकर विभाग दिया है। अपर आयुक्त वरुण अवस्थी ने आदेश जारी कर दिए हैं। जोन-10 के जोनल अधिकारी विशालराज रामकर को नरेला विस, एचएफए के अर्जुनदास मेघानी को गोविंदपुरा एवं मध्य विस, गोविंदपुरा ट्रांसफर स्टेशन के प्रभारी मुजाहिद सिद्‌दीकी को उत्तर विस, भदभदा ट्रांसफर स्टेशन के प्रभारी इंद्र कमार जैन को दक्षिण-पश्चिम विस और मुख्यालय में पदस्थ होर्डिंग शाखा के अधिकारी मोहित नागर को हुजूर विस का प्रभारी राजस्व अधिकारी बनाया है।

#### इन्हें मिला प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी का जिम्मा

स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना को दक्षिण-पश्चिम एवं मध्य विधानसभा, प्रभारी विवाह पंजीयन एवं प्रभारी गोवर्धन परियोजना समुन्धर शर्मा को नरेला विधानसभा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा को गोविंदुपरा विधानसभा, प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी योगेश दुबे को हुजूर विधानसभा और गोविंदपुरा ट्रांसफर स्टेशन के प्रभारी विजेंद्र गुप्ता को उत्तर विधानसभा का प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है।

#### सहायक आयुक्त का विभाग बदला

नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहीं कीर्ति चौहान विभाग बदला गया है। उन्हें राजस्व एवं संपत्ति कर विभाग का दायित्व सौंपा गया है।

## बीयू: आनंद महोत्सव और वेशभूषा प्रतियोगिता हुई



आयोजन में विभिन्न वेशभूषा में शामिल हुए विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय के ज्ञान- विज्ञान भवन में अंतर-विभागीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के तहत आनंद महोत्सव एवं वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विवि के वार्षिकोत्सव 2025–26 के तहत छात्र कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। वेशभूषा प्रतियोगिता में विवि के विभिन्न शिक्षण विभागों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। भारत की विविध सांस्कृतिक झलक को आकर्षक परिधानों के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने लोक संस्कृति, ऐतिहासिक व्यक्तित्व, पारंपरिक एवं क्षेत्रीय वेशभूषाओं का जीवंत प्रदर्शन किया।

## विजय दिवस पर शहीद के परिवारों का किया सम्मान



रविंद्र भवन में शहीद के परिवारों का सम्मान करते हुए।

**भोपाल।** अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर मप्र इकाई द्वारा रविंद्र भवन में विजय दिवस पर अवसर पर देश के शहीदों को याद करते हुए 25 शहीद परिवार का सम्मान किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के युवा सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत और देश भक्ति गीतों का आयोजन किया गया।

### केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से महिला सुरक्षा की मांग

## एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने तीन मंत्रालयों में दिया ज्ञापन, केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में तीन केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर देश के महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन दिए हैं। अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से भेंट कर महिला सुरक्षा व स्वावलंबन, कृषि शिक्षा में सुधार और खेल नीतियों के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए हैं। अभाविप ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सौंपे ज्ञापन में महिलाओं के विरुद्ध हो रहे साइबर अपराधों व एआई जनित आपत्तिजनक सामग्री पर रोक लगाने, महिला अपराधों के शीघ्र निपटारे की मांग की है।



मंत्री शिवराज सिंह से चर्चा करते हुए।

#### व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि अभाविप प्रतिनिधिमंडल द्वारा देहरादून राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित किए गए प्रस्तावों एवं प्राप्त सुझावों को संकलित करते हुए संदर्भित विषयों के समाधान के लिए तीन केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा है। आज हमने तीन प्रमुख मंत्रालयों के समक्ष महिला सुरक्षा, कृषि शिक्षा और खेल जगत संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए हैं।

### एसपीएम कॉलेज का एजुकेशनल टूर

## विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और कॅरियर उन्मुख का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का बुधवार को सेज यूनिवर्सिटी भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण (एजुकेशनल टूर) आयोजित किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना के संरक्षण एवं कैरियर सेल प्रभारी डॉ. आशा वर्मा तथा उनकी टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की वर्तमान प्रणाली, नवीन शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सेज यूनिवर्सिटी के परिसर का अवलोकन कराया गया। इसमें अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल एवं भौतिक पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, अनुसंधान केंद्र तथा नवाचार एवं उद्यमिता से जुड़े विभाग शामिल रहे।

#### स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स

यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों के विशेषज्ञों एवं करियर काउंसलर्स अभिषेक ठाकुर, सत्यम नेमा द्वारा विद्यार्थियों को शोध की संभावनाओं, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट प्रक्रिया तथा उद्योग शिक्षा समन्वय की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार बदलते समय के अनुसार कौशल विकास, तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण उनके भविष्य को सशक्त बना सकता है।

### श्री द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

## अपने भक्त का पतन नहीं होने देते भगवान: पं. रामकृपाल त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

श्री द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन की कथा में पंडित रामकृपाल त्रिपाठी गुरुजी ने कहा कि पूर्ण श्रद्धावन एवं समर्पित भक्त का मन कभी कुप्रसंगवश पतन की ओर भले ही खींचना हो किंतु भगवान पतन की सामग्री का ही लोप करके भक्तों को बचाते हुए अपनी शरण से दूर नहीं होने देते हैं। जैसे नारदजी का मन मां लक्ष्मी स्वरूपा विश्वमोहिनी को देखकर विवाह करने के लिए ऐसा मचला कि पूर्वकृत सारी तपस्या को भुलाकर श्री हरि के पास कामातुर होकर सुंदरता मांगने लगे, किंतु अपने प्रिय भक्त नारदजी को बंदर का स्वरूप देकर सर्वथा पतन से बचा लिया और बाद में समझाया कि हे पुत्र अपनी मां स्वरूपा विश्वमोहिनी लक्ष्मी से विवाह करने से महापातकी होकर घोर नरकगामी होना पड़ता। इसलिए मैंने सुंदर की जगह बंदर स्वरूप दिया।

कथावाचक श्री गुरु जी ने कहा कि ईर्ष्या जलापन से संसारी स्वयं को जला रहे हैं जिससे उद्विग्न चित्त एवं सर्वदा दुख भोगते हैं किंतु श्री कृष्ण शरणागति एवं कथा श्रवण से संपूर्ण दुख मिट जाता है। कथा में भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा, आचार्य अंबिकाप्रसाद पचौरी, लक्ष्मीकांत शर्मा, जमुना प्रसाद व्यास, अश्वनी शर्मा , प्रदीप श्रीवास्तव, योगेंद्र शर्मा, डॉ. एस के मित्तल, डॉ.राजेश शर्मा, डॉ. के के अग्रवाल, डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर मंडल अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज, हर्ष श्रीवास्तव, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राजा कौरव, भाजपा नेता रवि भारद्वाज, कमल सक्सेना, गिरवर ठेकेदार, अशोक उपाध्याय, मनोज भटेले, मलखान शर्मा, संजीव मिश्रा।



श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते पं. रामकृपाल त्रिपाठी और कथा सुनते हुए श्रद्धालु।

#### हरि हरात्मक शक्ति महायज्ञ व श्री हनुमंत कथा यज्ञ शाला के लिए हुआ भूमिपूजन



**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर मालती राय की विशेष उपस्थिति में बुधवार को अशोक विहार स्थित दुर्गाधाम मंदिर में हरि हरात्मक शक्ति महायज्ञ एवं श्री हनुमंत कथा यज्ञ शाला का भूमिपूजन किया। यह आयोजन अशोक विहार दुर्गाधाम मंदिर में आगामी 25 दिसम्बर से 4 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा।

गोविंदपुरा पुलिस की बड़ी लापरवाही, 20 दिन बाद सिर्फ साधारण चोरी का दर्ज किया प्रकरण

# चेतक ब्रिज के पास एसबीआई एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचे होमगार्ड जवान का एटीएम कार्ड छीनकर भागा बदमाश, 29 हजार रुपए निकाले

**होमगार्ड के जवान ने एटीएम कराया होल्ड, बदमाश ने देख लिया था पिन नंबर, दो अलग-अलग क्षेत्र से निकाले रुपए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चेतक ब्रिज पर पैसे निकालने एटीएम बूथ पर पहुंचे होमगार्ड के जवान से एटीएम कार्ड एक बदमाश ने एटीएम झपट लिया। उसने पैसे निकालते समय एटीएम का पिन भी देख लिया था। इसके बाद बदमाश ने नारायण नगर और गौतम नगर से दो बार में 29 हजार 27 रुपए निकाल लिए। गनीमत रही कि सही समय पर होमगार्ड जवान ने एटीएम कार्ड को ब्लॉक करा दिया, नहीं तो आरोपी खाता ही खाली कर देते। हैरानी की बात तो यह है कि होमगार्ड जवान एक आईपीएस अधिकारी के बंगले में पदस्थ है। उसकी शिकायत दर्ज करने में वरिष्ठ अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद गोविंदपुरा पुलिस ने बीस दिन बाद झपटमारी की बजाय साधारण चोरी की शिकायत दर्ज की।

जानकारी के अनुसार विकास नगर झुग्गी बस्ती गोविंदपुरा निवासी 59 साल होमगार्ड में पदस्थ हैं। उनकी इन दिनों एक आईपीएस के बंगले पर ड्यूटी है। गत 24 नवंबर को वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान चेतक ब्रिज पर स्टैट बैंक के एटीएम बूथ में पैसे निकालने पहुंचे। इसी बीच एक युवक वहां आया और उसने कहा कि एटीएम में रुपए फंस रहे हैं। उन्होंने युवक की बातों पर ध्यान नहीं दिया। वे एटीएम से पैसे निकालने लगे और एटीएम में पिन डाला। आरोपी पीछे खड़े होकर उन्हें देख रहा था। उन्होंने एटीएम से पैसे नहीं निकले। उन्होंने अपना एटीएम बाहर निकाला, तभी आरोपी ने उनके हाथ से एटीएम छीन लिया और अपने पास रखा एटीएम फेंककर भाग निकला।

**एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के बंगले पर नौकरी करते हैं होमगार्ड**

**शिकायत करने गोविंदपुरा थाने पहुंचा होमगार्ड जवान को घंटों थाने में बाहर बिठाकर रखा**




### दो बार में निकाले 29 हजार 27 रुपए

होमगार्ड जवान ने बताया कि कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल में दो मैसेज आए। मैसेज से पता चला कि एटीएम से दो बार में 29 हजार 27 रुपए नारायण नगर और गौतम नगर स्थित एटीएम से निकाले गए हैं। उन्होंने तत्काल अपना एटीएम कार्ड बच्चों की मदद से ब्लॉक कराया। इसके बाद शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। थाने में उनसे शिकायती आवेदन लिया।

### बीस दिन बाद एफआईआर

होमगार्ड जवान ने बताया कि उन्हें थाने में बाहर घंटों बैठाकर रखा गया। अंदर पुलिसकर्मी ने अपनी मर्जी से आवेदन टाइप किया और उनके हस्ताक्षर लेकर उन्हें जाने का कह दिया। उन्होंने बताया था कि वह एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के बंगले पर नौकरी करते हैं। उन्होंने बंगले से किसी को कहकर थाने में कॉल भी कराया था। तब जाकर बीस दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। होमगार्ड जवान ने बताया कि एटीएम बूथ में एक नहीं, दो युवक थे, लेकिन एक युवक ने उनके हाथ से एटीएम झपटा था, जबकि दूसरा एटीएम के पास ही खड़ा था। उन्हें अनुमान है कि एटीएम बूथ के पास खड़ा दूसरा युवक भी एटीएम झपटने वाले का साथी है।

### हत्या का प्रयास के दोषियों को 5 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** धारदार चाकू, लाठी, डंडों और पिस्टल से गोली मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों जैब उर्फ जैद खान, मो. अरमान उर्फ काला एवं उनेद उर्फ उन्नी खान को अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार शाही ने भादंसं की धारा-307 एवं 34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 35,00 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई थी।

## खबर संक्षेप



### अर्जुन नगर में पाइप डालने फिर खुदी सड़क

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर में पानी की पाइप लाइन डालने के लिए फिर से सड़क खोद दी है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। भाजपा नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, माखन सेन, आरती यादव आदि ने कहा कि अर्जुन नगर में सड़क खोदने से पूरा रास्ता उबड़-खाबड़ कीचड़ युक्त हो गया है। वहीं दिन में स्ट्रीट लाइट चालू रहने से माखन सेन ने कहा कि सूर्य की रोशनी कम पड़ रही है, जो दिन में स्ट्रीट लाइट जलाकर सड़क खोदी जा रहे हैं।

### नियमानुसार नीलामी कर दी जाएगी दुकाने

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले ने बताया कि अस्थाई 10 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इन दुकानों को नियम अनुसार नीलामी करके दी जाएंगी। दुकाने अच्छी और मजबूत बने मैंने ऐसे निर्देश दिए हैं। औबेदुल्लागंज नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार पर उन्होंने कहा कि मैने कर्मचारियों को अनुशासन और समय पर आने और जाने के लिए कहा है। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक एवं वार्ड तीन के पार्षद अनूप चौधरी ने कहा कि नगर परिषद में कमीशन और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगना चाहिए, जिस पर उन्होंने कहा मैं प्रयासरत हूं।



### भाजपा नेता संजय के जन्म दिन पर पटवा ने दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता संजय प्रजापति का जन्मदिन बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा एवं भारत पटवा ने संजय प्रजापति को केक खिला कर जन्मदिन की बधाई दी। ओपी मीणा, डॉ. भूपेंद्र नागर, राहुल प्रजापति, पवनजोत सिंह, दीपू परमार, माधव यादव, बागिश अग्रवाल आदि ने बधाई दी।

### नप अध्यक्ष के लिए दीपू का नाम फिर चला

**औबेदुल्लागंज।** पार्षद और भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपू परमार लगातार कई वर्षों से पार्षद बनते चले आ रहे हैं। पिछली बार दीपू परमार को नगर परिषद अध्यक्ष के लिए मौका नहीं मिला था। इसीलिए परमार का नाम फिर से नप अध्यक्ष के लिए आ रहा है।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1605 | | |
| दिन: | 478 | 97 | 188 |
| रात: | 488 | 03 | 580 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 670 | 34 | 257 |
| रात: | 224 | 87 | 566 |

कमलानगर थाना पुलिस ने की कार्रवाई, दो युवक गिरफ्तार

# झुग्गी में बना रहे थे अवैध धारदार हथियार, 4 तलवार, 75 छुरी बरामद

**एक आरोपी पर पूर्व में भी हो चुकी है अवैध हथियार बनाकर बेचने की कार्रवाई**

**पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि चंदन विश्वकर्मा अपनी झुग्गी में अवैध हथियार बनाकर बेचता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कमला नगर पुलिस ने थाने के पीछे बापू कॉलोनी में झुग्गी बस्ती में दबिश देकर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों युवक घर में अवैध रूप से तलवार और छुरी बना रहे थे। उनसे 4 तलवार और 75 छुरी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी में एक आरोपी पर कमला नगर पुलिस एक साल पूर्व भी अवैध हथियार बनाने और बेचने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर चुकी थी, लेकिन जेल से छूटने के बाद उसने दौबारा अवैध हथियार बनाने का काम शुरू कर दिया।


कमला नगर पुलिस ने कार्रवाई कर जब्त किए अवैध हथियार।

थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि बापू कॉलोनी में अधिकांश परिवार विश्वकर्मा जाति के हैं। यहां से लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि चंदन विश्वकर्मा नामक युवक अपनी झुग्गी में अवैध हथियार बनाकर बेचता है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने चंदन विश्वकर्मा पर नजर रखी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर ने बताया कि चंदन विश्वकर्मा बड़ी मात्रा में तलवार और छुरी बनाकर उसे बेचने की फिराक में है। पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए झुग्गी पर दबिश दी। इस दौरान चंदन विश्वकर्मा के चंदन विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा (31) -झुग्गी नंबर 54 बापू नगर और उसके सहयोगी दुर्गेश विश्वकर्मा पिता प्रभुलाल विश्वकर्मा (21) झुग्गी नंबर-16 बापू नगर पर आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### एक से डेढ़ हजार में बेचते थे तलवार

थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि आरोपी चंदन विश्वकर्मा पर एक वर्ष पूर्व भी अवैध हथियार बनाकर बेचने की धाराओं में कार्रवाई की गई थी। उसे लंबे समय के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। जमानत पर छूटकर आने के बाद वह फिर अवैध हथियार बनाने लगा था। वह इलाके में घूमकर हथियार बेचता था, जबकि कुछ आदतन अपराधी उसके घर पहुंचकर तलवार और छुरी जैसे धारदार हथियार खरीदते थे।

बैरसिया के अमरपुर गांव में हुआ भीषण हादसा, दो की हालत नाजुक

# बाइक आपस में भिड़ी, बच्चे सहित 5 घायल, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव अमरपुर में मंगलवार शाम दो बाइक में आमने सामने की भिंड़त हो गई। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया, वहां एक बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी पत्नी और बच्चों को गंभीर चोट आई है। उन्हें भोपाल स्थित निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार दो युवक थे। इनमें एक युवक की हालत नाजुक है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार सोनू अहिरवार (28) शमशाबाद, जिला विदिशा का रहने वाला था और मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार शाम वह अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर भोपाल आ रहा था। अमरपुर गांव पहुंचते ही शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो बच्चे घायल है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्क्रिप्ट राइटर ने कांग्रेस नेता पर लगाए चोरी के आरोप, दिया शिकायती आवेदन

**कार्रवाई न होने से दुखी होकर 20 दिसंबर को बोर्ड ऑफिस पर आत्महत्या की दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में रहने एक स्क्रीप्ट राइटर ने स्क्रीप्ट चुराकर उसे बेचने के आरोप कांग्रेस नेता पर लगाया हैं। उनका आरोप है कि कांग्रेस नेता फिल्म डायरेक्टर हैं। उसने अपनी तीन स्क्रिप्ट उन्हें दी थी। डायरेक्टर ने प्रोड्यूसर की मदद से स्क्रिप्ट से फिल्म बना ली। प्रोड्यूसर से फिल्म के एवज में 25 लाख रुपए भी ले लिए, लेकिन उसे रुपए स्क्रिप्ट लिखने का मेहनाताना नहीं दिया। उक्त संबंध में कांग्रेस नेता से बात करनी चाही, लेकिन उन्होंने बात नहीं की। इधर, स्क्रिप्ट राइटर ने घटना की शिकायत गोविंदपुरा पुलिस थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। इससे दुखी होकर स्क्रिप्ट राइटर ने अगामी 20 दिसंबर को बोर्ड ऑफिस चौराहा पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार रवि वाल्मिकी पिता पन्नालाल वाल्मिकी अन्ना नगर भेल में रहते हैं और स्क्रिप्ट राइटर हैं। उन्होंने शहडोलिया गैंगस्टर, आखिर कब और आखरी बंधन फिल्म की कहानियां लिखी थी।

**शहडोलिया गैंगस्टर, आखिर कब और आखरी बंधन फिल्म की कहानियां लिखी थी।**

इसे बेचने का अधिकार उनके पास था, लेकिन बेचने का माध्यम नहीं था। उनकी पहचान नत्थू लाल पटेल से हुई। नत्थू लाल पटेल कांग्रेस नेता है और फिल्म डायरेक्टर भी है। नत्थू लाल ने रवि से स्क्रिप्ट लेकर प्रोड्यूसर की मदद से फिल्म बना ली। उन्होंने तीनों फिल्म की स्क्रिप्ट से 25 लाख रुपए कमा लिए, लेकिन रवि को कुछ भी रकम नहीं दी।

*भिलाड़ा और आदिवासी समाज में बड़ा प्रभाव होने से पार्टी होगी मजबूत*

# इमरत सिंह को औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

इमरत सिंह दरबार के कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बनने से बड़े-बड़े नेताओं को अब ईमानदारी से काम करना पड़ेगा। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार जुझारू नेता हैं एवं भिलाड़ा और आदिवासी समाज में बड़ा प्रभाव है। पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि कांग्रेस ने सही व्यक्ति को ब्लॉक अध्यक्ष के लिए चुना है। संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता दरबार के नेतृत्व में कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करेगा।

संगठन सर्जन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण पूर्व जिला पंचायत सदस्य इमरत सिंह दरबार को औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मंडलम अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू, परेश नागर, राजू मेहरा, श्री राम हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, सुदर्शन लवंशी, विनोद इरपाचे, पंकज नागरानी, डॉ. नंदू नागर, दुर्गेश यादव, बसंत साहू, मनोज खटीक, संजय मदान, चंदा खान, उत्तम यादव, अनिल प्रजापति, कमलेश लोधी, सलीम बाबा, राजाराम यादव, सूरजमल गौर, बलवीर सिंह, मुन्ना सिंह कर्माई सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाइयां दी है।



### दरबार ने की पटवारी से की भेंट

औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने बुधवार शाम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से भेंट की। इस अवसर पर जीतू पटवारी ने इमरत सिंह दरबार को बधाइयां दी। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाओ और कांग्रेस पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ो।



बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेने वाले बच्चे।

# खिलाड़ी तनवंत छोटे बच्चों को दे रहे बैडमिंटन की ट्रेनिंग

*अपने बच्चों को ओलंपिक पदक दिलाना है लक्ष्य*

**औबेदुल्लागंज।**

नगर के युवा खिलाड़ी तनवंत सिंह अपने घर उमरिया में छोटे बच्चों को बैडमिंटन में पदक दिलाने के लिए रोजाना दो घंटे ट्रेनिंग दे रहे हैं। तनवंत ने बताया के वो बच्चों को रोजाना अपनी कार से बैडमिंटन खेलने के लिए उमरिया लाते हैं और फिर ट्रेनिंग के बाद बच्चों को घर छोड़ने भी जाते है। तनवंत ने बताया अपने बैच में बच्चे को ओलंपिक पदक दिलाना उनका लक्ष्य है। बच्चों की उम्र महज 6-7 साल है। नींव 6 वर्ष, आली हसन 7 वर्ष, सुखनाज 6 वर्ष, सीरत 5 वर्ष, सिमरत 6 वर्ष, गुरसीस 6 वर्ष, के हैं। तनवंत ने बताया कि वो बच्चों के परिवार से जुड़े हुए हैं और उनकी डाइट का भी पूरा ध्यान रखते हैं।

# रीवा में राजस्व निरीक्षक 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रीवा में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेमरिया तहसील के शाहपुर सर्किल में पदस्थ राजस्व निरीक्षक रामकृपाल रावत को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी आरआई रामकृपाल रावत ने फरियादी इंद्रमणि शुक्ला से भूमि सीमांकन कराने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

सौदे के तहत आरोपी पहले ही फरियादी से 2 हजार रुपए एडवांस के तौर पर ले चुका था, जबकि शेष 3 हजार रुपए की मांग वह लगातार कर रहा था। रिश्वत की मांग से परेशान होकर फरियादी इंद्रमणि शुक्ला ने लोकायुक्त कार्यालय रीवा में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। तय योजना के अनुसार जैसे ही आरोपी राजस्व निरीक्षक रामकृपाल रावत ने फरियादी से शेष 3 हजार रुपए रिश्वत के रूप में लिए, लोकायुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। केमिकल परीक्षण में भी आरोपी के हाथों पर रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

***आरोपी पहले ही फरियादी से 2 हजार रुपए ले चुका था***

**ईंटखेड़ी में 12 दिसंबर की रात बदमाशों ने की थी फायरिंग**

# कार सवार युवक पर फायरिंग करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ -भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित भैरोपुरा रोड पर वाइन शॉप के सामने कार सवार युवक पर फायरिंग करने और उसकी पत्नी को चाकू मारने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी रूसी खान सहित तीन आरोपियों की तलाश है।

पुलिस के अनुसार रिमशा अली पति दानिश अली (22) रायबरेली, हाल पता सिकंदरी सराय, स्टेशन बजरिया में रहती हैं। उन्होंने बताया कि पति दानिश अली के साथ कार से भोपाल आ रही थीं। ईंटखेड़ी में मिरेकल गार्डन में उन्हें शादी में शामिल होना था। रात करीब साढ़े 10 बजे रास्ता भटकते हुए भैरोपुरा सड़क पर पहुंच गए। वाइन शॉप के पास रुकते ही तीन अलग-अलग बाइक से छह लोग आए और मारपीट शुरू कर दी। इस बीच एक बदमाश ने कट्टा निकाला और फायर कर दिया। फायर होने से दानिश को दो गोलियां जांघ में लगी थी। बीच बचाव में दानिश की पत्नी रिमशा के हाथ में चाकू लगा है।


आरोपियों का जुलूस निकाली पुलिस।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक एक हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस ने शाबेज खान उर्फ बटाला पिता खालिद (27) कच्ची सराह, स्टेशन बजरिया, मोहम्मद फरदीन पिता खुर्शीद (22) गरम गड्डा रोड, स्टेशन बजरिया, सकलेन उर्फ ब्रांड (25) गली नंबर-2, कम्मू का बाग, ऐशबाग, सन्नू उर्फ इकबाल उर्फ वजनदार (40) गरम गड्डा रोड, थाना स्टेशन बजरिया और जुबेर उर्फ शमशेर उर्फ किलकिल (40) नव बाहर कालोनी गरम गड्डा स्टेशन बजरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उक्त मामले में मुख्य आरोपी रूसी खान सहित तीन आरोपियों की तलाश है।

### आरोपियों का निकाला जुलूस

पुलिस ने दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। उनका जुलूस निकाला जा चुका है। अभी तीन आरोपियों की पुलिस ने गिरफ्तारी की है। उनका भी जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया गया।

# बैरसिया एसडीएम घर-घर जाकर कर रहे 'संग्रह योग्य नहीं' मतदाताओं की जांच

**नजीराबाद ग्राम पंचायत के मतदान क्रमांक 7 में की सघन जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद\बैरसिया

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश भर में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य गणना चरण के दौरान संग्रह योग्य नहीं केटेगरी में रखे गए गणना प्रपत्र की श्रेणी अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि की सघन जांच के लिए भोपाल जिले की नगरीय क्षेत्र में आने वाली विधानसभा में जहां स्वयं भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीण विधानसभा में भी स्वयं एसडीएम संग्रह योग्य नहीं मतदाताओं की सूची का घर-घर जाकर सत्यापन एवं जांच कर रहे हैं।

मंगलवार को एसडीएम बैरसिया ने विधानसभा क्षेत्र 149 के नजीराबाद ग्राम पंचायत के मतदान क्रमांक 7 पर पहुंचे थे। वहीं बुधवार को पुनः एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा ने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर संग्रह योग्य नहीं मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क किया। इस दौरान रात्रि होने के बाद भी एसडीएम ऐसे मतदाताओं के घर पहुंचे और उनसे जानकारी ली तथा उन्हें संतुष्ट किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, राजनीतिक पार्टियों के बीएलए सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


विधानसभा क्षेत्र 149 के नजीराबाद ग्राम पंचायत के मतदान क्रमांक 7 पर जांच करने पहुंचे एसडीएम।



# ब्रिटिश सेनापति की गोली लगी तो बांह काटकर गंगा में बहा दी और शहीद हो गए कुंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह की दूसरी शाम वीर कुंवर सिंह के शौर्य एवं साहस की मनमोहक प्रस्तुति ने समां को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा आयोजित जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह में बुधवार को वरिष्ठ रंग निर्देशक अभय सिन्हा के निर्देशन में नाटक बाबू वीर कुंवर सिंह का मंचन किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की 1857 की क्रांति में बिहार के अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे ही महान- योद्धा वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध जंगे आजादी का बिगुल बजाकर ब्रिटिश सैनिकों को भारत से भागने के लिए मजबूर कर दिया।

जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह की दूसरी शाम वीर कुंवर सिंह की प्रस्तुति | कुंवर सिंह के शौर्य एवं साहस की प्रस्तुति से सजा शहीद भवन सभागार



अंग्रेज अफसरों के जुल्म का सामना करते कुंवर सिह व अन्य।



कुंवर सिंह, ग्रामीण व अंग्रेज अफसर का चरित्र निभाते कलाकार

## नाटक की कहानी

नाटक में दिखाया कि कुंवर ने आरा कोषागार को लूटकर बंदीगृह के कैदियों को छुड़ाया। पटना के तत्कालीन कमिश्नर विलियम टेलर के कर्ज के बदले बागी सिपाहियों को पकड़वाने की शर्त को ठुकराते हुए अंग्रेज सैनिकों से युद्ध किया और गंगा पार करते समय ब्रिटिश सेनापति आयर की गोली से घायल होने पर बांह काटकर गंगा में समर्पित करते हुए शहीद हो गए। डॉ. चतुर्भुज की पटकथा पर आधारित बाबू वीर कुंवर सिंह नाट्य प्रस्तुति में वीर कुंवर सिंह की बलिदान गाथा से जुड़े घटनाक्रमों को कलाकारों द्वारा बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।

होटल ताज लेक फ्रंट में हुआ बिजनेस एक्सीलेंसी अवॉर्ड 2025 समारोह, मलाइका अरोड़ा बनी गेस्ट

# सम्मान-फैशन का मंच बना भोपाल, बिजनेस एक्सीलेंसी अवॉर्ड में दिखी ग्लैमर की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होटल ताज लेक फ्रंट बुधवार को सौंदर्य, सृजन और सम्मान के भव्य उत्सव का साक्षी बना, जब इंडियन ब्यूटी ऑर्गनाइजेशन की ओर से बिजनेस एक्सीलेंसी अवॉर्ड 2025 समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने न केवल व्यवसायिक सफलता, बल्कि नवाचार, नेतृत्व और सृजनात्मकता को भी मंच प्रदान किया।

समारोह की संयोजक ममता शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य उन व्यक्तित्वों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में नई मिसाल कायम की है और समाज के लिए प्रेरणा बने हैं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया उपस्थित रहे, जबकि फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में उपस्थित हुईं।



मंच पर अपने परिधानों को प्रस्तुत करतीं मॉडल्स।



मंच पर अवार्ड प्रदान करतीं अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा।



### फैशन शो में दिखे विविधता के रंग

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण फैशन डिजाइनर प्रवीण श्रीवास्तव और डिजाइनर पिंकी सचदेवा द्वारा संयोजित भव्य फैशन शो रहा। अलग-अलग राउंड में प्रस्तुत इस फैशन शो में मॉडलों ने एक से बढ़कर एक डिज़ाइनर परिधानों को आत्मविश्वास के साथ रैम्प पर प्रस्तुत किया। इसमें विवाह से जुड़ी अलग अलग परंपराओं और रस्मों का कलेक्शन मॉडल्स में प्रस्तुत किया। इससे पहले हुए एक अलग शो में सबसे पहले ब्राइडल राउंड हुआ। इसके बाद वेस्टर्न राउंड हुआ। हर राउंड में रंगों, कट्स और फैब्रिक की विविधता ने दर्शकों को फैशन की नई परिभाषा से रूबरू कराया। पारंपरिक और आधुनिक शैली के सुंदर समन्वय ने शो को खास बना दिया।

101वां तानसेन समारोह के तीसरे दिवस गायन, बांसुरी, बेलाबहार वादन

# सुबह की सुरीली सरगम में घुले संगीत के स्वरों के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में आयोजित 101वाँ तानसेन समारोह के तीसरे दिन की प्रातःकालीन सभा गायन, बांसुरी और बेलाबहार की स्वर लहरियों से सजी। सभा का प्रारम्भ पारंपरिक ध्रुपद गायन से हुआ।



पुणे के संजीव अभ्यंकर का गायन



राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के विद्यार्थियों ने ध्रुपद गायन की प्रस्तुति दी।

उन्होंने राग वैरागी भैरव में चौताल की रचना ए मन तू जो सुख चाहत हो....से गायन की शुरुआत की। इसके बाद सूलताल में नमामी शंकरा.... रचना को गाकर वातावरण को दिव्य बना दिया।

## दुर्लभ वाद्ययंत्र बेलाबहार के स्वरों से सजी सभा

पहली संगीत सभा दुर्लभ वाद्ययंत्र बेलाबहार के स्वरों से सजी। मंच पर नमूदार हुए पंडित नवीन गंधर्व, जो युवा और गुणी संगीतज्ञों में विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के लिए राग भूपाली तोड़ी का चयन किया, जिसमें सूक्ष्म आलाप के माध्यम से राग की संरचना को अत्यंत सलीके और सौंदर्य के साथ विस्तार दिया।



वायलिन पर संगत देते कलाकार।

## बांसुरी से निकलीं, मधुर और उजास स्वर लहरियां



बांसुरी वादक सिमोन मेटीएलो

अगली प्रस्तुति विश्व संगीत के रंगों से सजी हुई थी। मंच पर रोम (इटली) से पधारे बांसुरी वादक सिमोन मेटीएलो का आगमन होते ही सभागार में उत्सुकता और कौतूहल का भाव छा गया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग गौर सारंग से की। कर्णप्रिय, मधुर और उजास से भरे इस राग के स्वर जब बांसुरी से प्रवाहित हुए।

# पीएम श्री डेमोंस्ट्रेशन मल्टीपर्पस स्कूल के 58वें वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की नई सोच, संस्कारों और समग्र विकास के संकल्प के साथ पीएम श्री प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय (प्राइमरी सेक्शन), क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, का 58वां वार्षिकोत्सव बुधवार को सम्पन्न हुआ। यह समारोह राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की मूल अवधारणाओं-समग्र विकास, रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना एवं मूल्य आधारित शिक्षा का जीवंत उदाहरण रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वास सारंग, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय द्वारा इसके सफल क्रियान्वयन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत सरस्वती वंदना पर समूह नृत्य से हुई। प्री-प्राइमरी के नन्हे विद्यार्थियों ने संवाद एवं नृत्य के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों की लोकसंस्कृति को प्रस्तुत करते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रभावशाली ढंग से उकेरा। वहीं सौम्य वर्मा का एकल शास्त्रीय नृत्य विद्यालय के विद्यार्थियों की कला-साधना का जीवंत प्रमाण रहा।



स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।




एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना मंच पर साकार करते विद्यार्थी।

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन

# एक समुंदर है हवादिस का जो घेरे है मुझे, कश्ती-ए-ज़ात शिकस्ता है बहुत...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक समुंदर है हवादिस का जो घेरे है मुझे, कश्ती ए ज़ात शिकस्ता है बहुत, ऐसे आलम में कोई हर्फ़े तसल्ली तेरा एक पतवार सा लगता है मुझे....

डॉ. अब्दुल्लाह के इन शब्दों ने हिंदी भवन की में सजी सिलसिला एवं तलाशे जौहर की शाम को और भी सुहाना बनाया। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, द्वारा ज़िला अदब गोशा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में मौजूद शायर व कवि।

### उभरती आवाज़ों को पहचान दिलाना मकसद

इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहंदी ने कहा फ़िलबदी शायरी मुकाबलों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से उभरती आवाज़ों को पहचान और मंच दिया जा रहा है, और यह संतोष का विषय है कि ये प्रतिभाएं आज बड़े साहित्यिक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

### पहले सत्र में तलाशे जौहर प्रतियोगिता

दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम के पहले सत्र में तलाशे जौहर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें ज़िले के नए रचनाकारों ने तात्कालिक लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं दूसरे सत्र में सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता भोपाल के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शायर कौसर सिद्दीक़ी ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अमेरिका से आए डॉ. अब्दुल्लाह उपस्थित रहे।

## डॉ. साधना को श्रमश्री साधना सम्मान




निराला सृजनपीठ की निदेशक हैं डॉ. बलवटे

भोपाल। श्रमश्री के बारहवें स्थापना दिवस पर श्रमश्री साहित्य साधना सम्मान निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे को प्रदान किया गया।

# पीएसएससीआईवीई में टाटा नेल्को एवं उद्योग विशेषज्ञों के साथ उद्योग-शिक्षा संवाद संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई) में बुधवार को टाटा नेल्को एवं विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों के साथ उद्योग-शिक्षा संवाद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा में उभरती तकनीकों के समावेशन, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम विकास तथा विद्यार्थियों के लिए भविष्य-उन्मुख कौशल पर चर्चा करना था। इस बैठक में पुष्कराज कौल्गुड, वरिष्ठ सलाहकार, टाटा नेल्को; दिलीप मेनेजेस, निदेशक, 3 डी सिस्टम्स, विनायक गापचुप, निदेशक एवं सह-संस्थापक, एक्सएम एक्सीलेंस प्रायवेट लिमिटेड, प्रणय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित थे। पुष्कराज कौल्गुड ने डिजाइन इनोवेशन, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन तकनीक की जानकारी दी।



मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श में 'मीनाकार अली गुली माने' का हुआ उद्घाटन



# मछली के आकार के बोर्ड पर खेला जाने वाला एक गणनात्मक खेल है 'मीनाकार अली गुली माने'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श के अंतर्गत मीनाकार अली गुली माने विषयक प्रादर्श का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव, निदेशक, मप्र स्कूल ऑफ ड्रामा रहे। वहीं, कार्यक्रम की गरिमा को पद्मश्री अनूप रंजन पांडे, जनजातीय बस्तर बैंड कलाकार एवं पद्मश्री गोंड कलाकार भज्जू सिंह श्याम की विशिष्ट उपस्थिति ने और अधिक समृद्ध बनाया। इस माह प्रदर्शित वस्तु मीनाकार अली गुली माने एक पारंपरिक लोक खेल है। यह खेल कर्नाटक राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से चन्नपटना, ग्रामीण बेंगलुरु क्षेत्र से संकलित किया गया है। मानव सभ्यता के प्रारंभ से ही खेल संस्कृति और सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं तथा भारत में अनेक पारंपरिक और क्षेत्रीय खेलों की समृद्ध परंपरा रही है।



मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श की स्थापना करते संस्थान के अधिकारी व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि।

### 14 गोलाकार खानों में रखी जाती हैं कुल 70 गोटियां

मीनाकार अली गुली मने लकड़ी से निर्मित मछली के आकार के बोर्ड पर खेला जाने वाला एक गणनात्मक एवं रणनीतिक खेल है। इसमें कुल 14 गोलाकार खाने होते हैं—दोनों ओर 7-7। खेल के प्रारंभ में प्रत्येक खाने में 5-5 गोटियां रखी जाती हैं, इस प्रकार कुल 70 गोटियां होती हैं। गोटियों के रूप में इमली, सीताफल या सेब के बीज, कौड़ियां अथवा छोटे पत्थरों का प्रयोग किया जाता है। इस खेल के खिलाड़ी को मंकाला कहा जाता है।

# सत्या साची शो ने मुझे एक्टर के तौर पर बेहद ग्रोथ दी...

हरिभूमि चर्चा

सत्या साची में शौर्य का किरदार निभा रहे अभिनेता आकाश खंडेलवाल से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सन नियो के लोकप्रिय शो सत्या साची में शौर्य का रहस्यमयी किरदार निभा रहे अभिनेता आकाश खंडेलवाल अपनी बहुमुखी परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। शो को मिल रहे रिस्पॉन्स के बीच आकाश ने अपने किरदार, तैयारी, सेट के मजेदार अनुभवों और नए साल के संकल्पों पर हरिभूमि से बातचीत की। उन्होंने कहा कि शौर्य का किरदार लेयर्ड, और भावनाओं से भरा हुआ है। उसका इमोशनल इक्वेशन हर एक रिश्ते के साथ अलग है। एक्टर होने के नाते हमेशा ऐसे किरदार चाहिए होते हैं, जिनमें अलग इमोशंस को एक्सप्लोर कर सकें। शौर्य का यही ग्राफ मुझे आकर्षित करता है, क्योंकि यह मुझे एक परफॉर्मर के तौर पर चुनौती देता है और विस्तार भी देता है।



### किरदार के लिए ली कुछ इनिशियल वर्कशॉप्स

उन्होंने बताया कि सबसे पहले हमने इस रोल के लिए कुछ इनिशियल वर्कशॉप्स कीं। इसके बाद हमारे प्रोड्यूसर और राइटर ऋषि सर ने कुछ कैरक्टर रेफरेंस दिए, जिनके आधार पर मैंने शौर्य को समझना शुरू किया। मैंने उसकी साइकी को समझने की कोशिश की क्योंकि वह बचपन से ट्रॉमा से गुजरा है, लेकिन फिर भी वह बेहद एथिकल और मॉरली करेक्ट है।

### एक्टर के तौर पर बहुत कुछ सीखने को मिला

उन्होंने कहा कि इस शो ने एक एक्टर के तौर पर मुझे बहुत कुछ सिखाया है। चाहे वह डायलॉग मेमोराइजेशन हो, इमोशंस को सही तरह से व्यक्त करना हो या फिर कैमरे के सामने लगातार परफॉर्म करना। पिछले चार महीनों से लगातार डेली शूटिंग करते हुए, इस शो ने मेरे क्राफ्ट और करियर दोनों में बहुत वैल्यू ऐड की है।



हेल्थ क्वेस्ट

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब पेट में बार-बार महसूस होता हो दर्द



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे सप्ताह में एक दो बार अपने पेट के बाईं तरफ दर्द महसूस होता है, फिर कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया इसका उपचार बताएं।**

**-प्रकाश, बिलासपुर**

पेट में इस तरह के दर्द के कई कारण हो सकते हैं। कई बार संक्रमण की वजह से ऐसा होता है तो कई बार पाचन क्रिया प्रभावित होना भी इसकी वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों में स्टोन की वजह से भी कभी-कभी दर्द उठता है, इसलिए एक बार डॉक्टर से संपर्क करना ही बेहतर रहेगा। जांच करने के बाद ही इसकी वजह पता चलेगी और इलाज किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का फास्ट फूड और अधिक ऑयली फूड खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का बना सादा खाना ही खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में अकसर मेरे चेहरे पर सूजन हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?**

**-सेवाराम, महेंद्रगढ़**

आपने यह नहीं बताया कि आपको शुगर की समस्या तो नहीं है। क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने की वजह से सूजन आ जाती है। सर्दियों के मौसम में फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती हैं और शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो आपको डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। अगर शुगर समस्या नहीं है तो भी आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा वह फिजिकल एग्जामिन करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मुझे बार-बार भूख महसूस होती है। प्लीज बताएं भूख और वेट कैसे कंट्रोल करूं?**

**-भवेश, रायपुर**

सबसे पहले आप शुगर की जांच कराएं। कई बार शुगर बढ़ने के बाद भूख बहुत लगती है। हालांकि आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो इसकी वजह थायरॉइड भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच किए कुछ कहना ठीक नहीं है। आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। लगभग साल भर से मेरे मुंह में छाले होते रहते हैं। ठीक होकर फिर हो जाते हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सुनील किशोर, ईमेल से**

अगर लगातार छाले रहते हैं तो यह ठीक नहीं है। आप इसे हल्के में ना लें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे आपकी कुछ जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा ये छाले नॉर्मल है या और भी वजह है क्योंकि कई बार गंभीर बीमारी के भी लक्षण हो सकते हैं। इसलिए बगैर देर किए आप डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मुझे कभी कब्ज तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। इसका स्थाई निदान बताएं।**

**-मनोहर, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है, जिस वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। इसके लिए सबसे पहले आप बाजार का खाना और पैक्ड फूड्स खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का खाना खाएं। दोपहर में खाने के साथ दही और सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का खाना चाहिए। खाने और सोने के बीच में 3 घंटे का गैप जरूर होना चाहिए। इन बदलावों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं ये कैसे ठीक होंगे?**

**-कुणाल, दुर्ग**

इसके निशान धीरे-धीरे जाते हैं। कई बार गहरे निशान हुए तो लंबा समय लग जाता है। हालांकि कई बार निशान जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे एग्जामिन करके यह बताएंगे कि दाग जाने लायक है या नहीं है और अगर है तो उसके लिए ट्रीटमेंट शुरू कर देंगे। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस


**डॉ. प्रवीण कहाले**

कार्डियोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सर्दी का मौसम हार्ट पेशेंट्स के लिए काफी रिस्की होता है। इसलिए इस दौरान पेशेंट्स और उनके परिजनों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टर से रेग्युलर चेकअप, दवा लेने के साथ और किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# सर्दी के मौसम में हार्ट पेशेंट्स न बरतें जरा भी लापरवाही







हालांकि हर मौसम में दिल की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है, किंतु सर्दियों के मौसम में इस संदर्भ में विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। हार्ट अटैक के ज्यादातर मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। ऐसे थक्के हृदय की धमनियों या रक्त नलिकाओं के मार्ग को बाधित करते हैं, जो कालांतर में दिल के दौरे का कारण बनते हैं।


इसके अलावा, तापमान में गिरावट का दुष्प्रभाव हृदय की धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) पर भी पड़ता है, जिस कारण वे सिकुड़ जाती हैं। ऐसी स्थिति में रक्त संचार प्रक्रिया के दौरान धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का दबाव ज्यादा पड़ता है, यह स्थिति उच्च रक्तचाप को बढ़ाती है।

### हाई बीपी में लापरवाही न बरतें

इंडियन हार्ट एसोसिएशन (आईएचए) के अनुसार उच्च रक्तचाप यानी हाई बीपी, हार्ट अटैक का एक प्रमुख कारण है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार गर्मियों की तुलना में सर्दियों में दिल के दौरों के मामले लगभग 26 फीसदी से अधिक बढ़ जाते हैं। जब धमनियों की आंतरिक दीवार पर रक्त संचार का दवाब 140/90 के पार पहुंच जाता है तो यह स्थिति उच्च रक्तचाप कहलाती है। इस कंडीशन में लापरवाही न बरतें।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान

- सीने में भारीपन या दर्द महसूस होना।
- बिना कारण बेचैनी होना।
- बार-बार चक्कर आना।
- बार-बार पसीना आना।
- सांस तेज लेना या फिर सांस फूलना।
- सिर भारी होना या सिरदर्द।



### हाई बीपी पर नियंत्रण जरूरी

वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार अकसर तनावग्रस्त रहना, उच्च रक्तचाप को बुलावा देना है। उच्च रक्तचाप अस्वास्थ्यकर जीवनशैली (समुचित खान-पान और व्यायाम का अभाव और नकारात्मक सोच-विचार) का नतीजा है, जो कालांतर में हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए इन सुझावों पर अमल करें।

- असहज महसूस करने पर ब्लड प्रेशर चेक करें।
- अपने रक्तचाप को 120/80 रखने का प्रयास करें। इस संबंध में डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- जंक फूड्स से परहेज करें।
- आहार में हरी सब्जियों और फलों को वरीयता दें।
- आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति को प्रतिदिन अपने भोजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए 5 ग्राम (आधी छोटी चम्मच) से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।
- दिनचर्या में योगासन, प्राणायाम, व्यायाम और शारीरिक श्रम से संबंधित अन्य गतिविधियों को शामिल करें।


### क्यों होते हैं हार्ट अटैक

हृदय में तीन प्रमुख धमनियां (आर्टरीज) होती हैं। जब इन तीनों में से किसी एक में या फिर अन्य में कई कारणों (जैसे धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का थक्का जमने से धमनियों में अवरोध या ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है) से अचानक रक्त संचार रुक जाता है, तो इस स्थिति में दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और उसकी कार्य प्रणाली ठप होने लगती है। इसी तरह एक अर्से तक अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्लाक (एक प्रकार की वसा) संचित हो जाता है, जिसके कारण भी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं और दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। यह स्थिति दिल का दौरा कहलाती है। समस्या की पहचान के लिए ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, एंजियोग्राफी, लिपिड प्रोफाइल और रक्त परीक्षण आदि जांचें की जाती हैं।

### हार्ट अटैक के लक्षण

सीने में तेज दर्द होना, जो कंधे, बाजू और पीठ के पीछे तक जा सकता है। असहनीय बेचैनी होना और पसीना आना आदि।

### समस्या का निदान



धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसके अलावा अगर तीनों धमनियों में अवरोध 70 प्रतिशत से कम है तो एंजियोप्लास्टी की जा सकती है और कुछ मरीजों में जरूरत पड़ने पर बाईपास सर्जरी भी। इस संदर्भ में प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार उसके इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

### सर्दी के मौसम में दें ध्यान

- जो लोग पहले से ही उच्च रक्तचाप या हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें सर्दियों में धूप निकलने के बाद ही टहलने जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि सुबह के वक्त वातावरण का तापमान कम होने से अत्यधिक ठंड होने के कारण धमनियों के सिकुड़ने का खतरा ज्यादा रहता है और यह स्थिति हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।
- डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। बहुत संभव है कि सर्दियों में डॉक्टर आपकी दवाओं की डोज को नए सिरे से सुनिश्चित करें।
- सर्दियों में आलस्य के कारण अनेक लोग अपने व्यायाम कार्यक्रम को स्थगित कर कंबल-रजाई में लिपटे रहना चाहते हैं, या फिर व्यायाम या शारीरिक परिश्रम के लिए समुचित समय नहीं निकालते। यह प्रवृत्ति सेहत के लिए ठीक नहीं है।
- सर्दियों में एक्स्पोजर से स्वयं को बचाएं। पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलें।
- शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं। सर्दियों में एक बड़ी संख्या में लोग शराब और धूम्रपान के कहीं ज्यादा तलबगार हो जाते हैं। हालांकि डॉक्टर्स के अनुसार शराब और धूम्रपान का सेवन किसी भी मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं है।
- सर्दियों में खून के गाढ़ा हो जाने का खतरा बढ़ जाता है, जिसके कारण धमनियों में रक्त के थक्के जमने लगते हैं। यह स्थिति हाई बीपी का कारण बन सकती है। इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर द्वारा प्रिसक्राइब्ड ब्लड थिनर दवा लें।
- लहसुन रक्त को पतला करने वाला एक कुदरती ब्लड थिनर है, जिसका सेवन दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### डायबिटिक पेशेंट्स को ज्यादा रिस्क



**वर्ल्ड डायबिटीज** फेडरेशन के अनुसार, रक्त शर्करा के अनियंत्रित रहने से कालांतर में हृदय रोग होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में दोगुना बढ़ जाता है, जो इन समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं। इसलिए डायबिटिक रोगी कुछ बातों का ध्यान रखें। जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने ब्लड शुगर को डॉक्टर से परामर्श लेकर नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अपने डॉक्टर के परामर्श के अनुसार दवाएं लें और सक्रिय जीवनशैली पर अमल करें। मधुमेह से ग्रस्त लोगों को साइलेंट हार्ट अटैक होने का जोखिम ज्यादा रहता है। साइलेंट हार्ट अटैक की मेडिकल कंडीशन में पीड़ित व्यक्ति को हार्ट अटैक से संबंधित लक्षण आमतौर पर महसूस नहीं होते। जैसे ऐसे लोग सीने में तेज दर्द या बेचैनी, चक्कर आना आदि महसूस नहीं करते, लेकिन किसी न किसी रूप में स्वयं को असहज महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर संभव हो, तो पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को उसका ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर चेक करना चाहिए या फिर अतिशीघ्र डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

हर्बल जोन

**रेखा देशराज**

## सर्दी से दिलाए राहत मुलेठी की गर्माहट





सर्दियों में मुलेठी (लिकोराइस) का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। सर्दियों में मुलेठी हमारे शरीर को एक नहीं अनेक तरह से राहत पहुंचाती है। यह गले के संक्रमण से बचाव करती है, संक्रमित गले को ठीक करती है, आवाज बैठ जाए या सूखी खांसी का सिलसिला न बंद हो तो मुलेठी ही कारगर होती है। मुलेठी में एंटीइंफ्लेमेट्री और डिमल्सेंट गुण होते हैं, जो गले पर एक स्मूदिंग परत बनाते हैं ताकि गले की जलन कम हो और खांसी में आराम मिले। यह आपकी आवाज को सुचारु रूप से कामकाजी बनाए रखने के लिए और गले की खुश्की को सुधारने में भी सहायक होती है।

**बढ़ाती है इम्यूनिटी:** मुलेठी में ग्लायसिराइजिन यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए सर्दियों में बार-बार होने वाली वायरल कोल्ड से बचने में मुलेठी कारगर मानी जाती है। यह हमारे श्वसन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है। ठंड में कई बार सांस की नली में कफ जम जाता है, ऐसे में विशेषकर उन लोगों को जो अस्थमा जैसी समस्याओं के शिकार होते हैं, मुलेठी बहुत फायदेमंद साबित होती है, क्योंकि कफ को पतला करती है, म्यूकस मेंब्रेन को शांत करती है, छाती जकड़न में राहत देती है और शरीर की गर्माहट बनाए रखने में मददगार होती है। भारी सर्दियों में शरीर को होने वाले तनाव से भी मुलेठी बचाती है और इस मौसम में होने वाली थकान, कमजोरी या ठंड से ऐंठन में मुलेठी मदद करती है।

**पाचनतंत्र को रखे सही:** सर्दियों में जब हम भारी-भरकम, तले-भुने भोजन अधिक खा लेते हैं तो पेट में जलन पैदा होती है। गैस होती है और अपच की समस्या घेर लेती है। इनसे बचाव का रामबाण तरीका मुलेठी है। यह हमारे पाचनतंत्र को शांत करती है और म्यूकोसा लाइनिंग को हील करती है। त्वचा को रूखेपन से भी मुलेठी बचाती है, क्योंकि मुलेठी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट त्वचा की ड्राइनेस को कम कर देते हैं।

**ऐसे करें सेवन:** मुलेठी को लेने का सबसे आसान तरीका यह है कि इसे मुंह में डालकर चूसते रहें। एक छोटा टुकड़ा पूरे दिन में एक या दो बार डालें और उसे दांतों से दबा-दबाकर चूसते रहें या फिर मुलेठी की चाय पीना भी मुलेठी लेने का एक बढ़िया तरीका है। आधा चम्मच मुलेठी पावडर या एक छोटे टुकड़े मुलेठी को एक कप पानी में हल्का उबालकर पिएं या फिर तुलसी, अदरक और कालीमिर्च के साथ उसका काढ़ा बनाएं, वो बहुत कारगर होता है। चाहें तो बाजार से मुलेठी का पाउडर खरीद लें, लेकिन बिना डॉक्टर के सलाह इसका इस्तेमाल न करें। *

डाइट सजेशन

**शिखर चंद जैन**

गर्मी की तुलना में सर्दी में लोग कम पानी पीते हैं। लेकिन शरीर में जरूरत के अनुसार हाइड्रेशन मेंटेन रहे, इसके लिए आपको कॉन्शस रहना होगा। विंटर सीजन में हाइड्रेशन मेंटेन करने के कुछ तरीकों के बारे में जानिए।

## सर्दी में ऐसे मेंटेन रहेगा हाइड्रेशन



गर्मी में तो हम धूप और पसीने से बेहाल होने पर जब प्यास लगती है तो पानी पी लेते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में प्यास न लगने पर अकसर पानी बहुत कम पीते हैं। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की शिकायत हो सकती है और कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सर्दियों में पानी पीने की इच्छा कम होती है, इसलिए आपको कुछ ट्रिक्स अपनानी चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके।

**ज्यादा सलाद खाएं:** इन दिनों बाजार में सब्जियों और फलों की बहार है। तरह-तरह की सब्जियां और फल अपनी डाइट में शामिल करें। दिन में कम से कम 3-4 सर्विंग फ्रूट सलाद या वेजीटेबल सलाद की लें। कच्ची सब्जियां (टमाटर, मूली, खीरा) पोषक तत्वों और पानी से भरी होती हैं। इसी प्रकार अनार, संतरा आदि न सिर्फ प्रचुर फाइबर और पोषक तत्वों बल्कि पानी की कमी भी पूरी कर सकते हैं।





**पानी पीने का शेड्यूल बना लें:** अपनी कुछ गतिविधियों के साथ पानी पीने की आदत को जोड़ दें। जैसे ऑफिस पहुंचते ही दोपहर को लंच से आधा घंटा पहले। घर पहुंचते ही एक ग्लास पानी पिएं। इसके अलावा कुछ अन्य एक्टिविटीज से भी इसे जोड़ लें। दिन में दो-तीन बार रिफ्रेश होने के लिए पानी पिएं और सबसे अहम है सुबह की शुरुआत एक लीटर गुनगुना पानी से करें। यह पानी रात में तांबे के बर्तन में रखा हो, तो और फायदेमंद होगा।

**हर्बल चाय लें:** कैफीन शरीर का डिहाइड्रेशन करता है। इसलिए इस मौसम में चाय या कॉफी ज्यादा पीने से बचें। इनकी बजाय आप तरह-तरह की हर्बल-टी ट्राई कर सकते हैं। कैनोमाइल, रोज या मिंट-टी का स्वाद आपको खूब भाएगा। इसमें मीठे के लिए चीनी की बजाय शहद डालें। इससे आपको नई ऊर्जा, स्फूर्ति और हाइड्रेशन तीन तरफा फायदा मिलेगा। सीमित मात्रा में गर्म पेय जैसे गर्म पानी, अदरक, तुलसी की चाय या सूप पिएं। ये शरीर को गर्म रखते हैं और हाइड्रेशन में मदद करते हैं।

**चाय नहीं नीबू पानी:** शाम को ठंडी हवाओं के बीच भले ही आपका मन चाय-कॉफी पीने का करता हो, लेकिन आप अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए एक गिलास गुनगुने पानी में नीबू का रस मिलाकर पिएं तो बेहतर होगा। इससे हाइड्रेशन तो होगा ही साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम स्ट्रांग होगा, सर्दी-जुकाम से बचाव होगा और गले की सूदिंग भी होगी। इसमें जरा-सा काला नमक भी मिला सकते हैं।

**पिएं नारियल पानी:** सॉफ्ट ड्रिंक हानिकारक तत्वों, चीनी आदि से भरे होते हैं। प्यास बुझाने के लिए इनका सेवन भूलकर भी न करें। इनकी बजाय नारियल पानी, छाछ, दही आदि फायदेमंद पेय का सेवन करें। नारियल पानी आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स लेवल को ठीक करेगा और दही-छाछ पाचन को दुरुस्त करेंगे।

**पानी को दें नया स्वाद:** पानी में पुदीने की पत्तियां, तरबूज के स्लाइस, खीरे के टुकड़े आदि डालकर इसे नया टेस्ट दे सकते हैं। यह टेस्टी लगेगा और फायदेमंद भी रहेगा। आप अपनी पानी की बोतल में नीबू, अदरक या दालचीनी डालकर भी पी सकते हैं। *

**(न्यूट्रिशनिस्ट पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**




# वरुण चक्रवर्ती ने टी20 रैंकिंग में हासिल की नई ऊंचाई, बनाया 818 अंकों का रेटिंग पॉइंट

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है और अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीसरी बार दो विकेट लेने के बाद भारतीय गेंदबाज ने 818 अंकों का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया है।



### चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

दाएं हाथ के लेग स्पिनर ने श्रृंखला के पहले तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिनमें धर्मशाला में खेले गए तीसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवरों में 2/11 के उनके प्रभावशाली आंकड़े शामिल हैं, जिन्होंने भारत की सात विकेट की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 818 रेटिंग अंकों के साथ, चक्रवर्ती अब दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी (699) से 119 अंकों की बड़ी बढ़त पर हैं। 34 वर्षीय चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक शीर्ष 10 में भी शामिल हो गए हैं।



### वनडे में रोहित की बादशाहत कायम

वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो रोहित शर्मा 781 और विराट कोहली 773 रेटिंग अंकों के साथ पहले और दूसरे नंबर पर काबिज हैं। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर हैं। उनके 723 रेटिंग अंक हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10 वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### अर्शदीप चढ़े चार पायदान ऊपर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की रैंकिंग में भी कई सुधार देखने को मिले हैं। मार्को जानसेन 14 पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर, लुंगी एनगिडी 11 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ओटनेल बार्टमैन शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल हैं। तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शानदार पारियों के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्कराम और क्विंटन डी कॉक ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि डी कॉक हाल के कुछ उत्साहजनक प्रदर्शनों के बाद 14 पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर आ गए हैं। सूर्यकुमार यादव एक स्थान फिसलकर नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एक स्थान ऊपर आठवें पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट 2 रैंक ऊपर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सीनियर टीम में जगह बनाने पर जूनियर खिलाड़ियों की निगाह

**नई दिल्ली।** विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों की निगाह अब आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अच्छा प्रदर्शन करके सीनियर टीम में जगह बनाने पर टिकी है।



भारत ने हाल ही में समाप्त हुए जूनियर विश्व कप में तीसरे स्थान के मैच में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की एचआईएल लीग 3 जनवरी को चेन्नई में जबकि महिलाओं की लीग 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी। जूनियर खिलाड़ी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन एचआईएल के दौरान उनके खेल पर कड़ी नजर रखेंगे।

### टी20 विश्व कप : मैडसेन करेंगे इटली की कप्तानी

**रोम।** इटली को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है।



महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। बर्न्स ने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद अनिवार्य 'कूलिंग ऑफ' अवधि पूरी करने के बाद पिछले साल इटली की तरफ से पदार्पण किया था।

### श्रीधर बने श्रीलंका टीम के फील्डिंग कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के आखिर तक अपनी राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। श्रीधर 2014 से 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे थे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रीय हाई परफार्मेंस सेंटर में 10 दिन का विशेष फील्डिंग शिविर भी आयोजित किया था।

## एशेज : कैरी और ख्वाजा के नाम पर रहा तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन

# एलेक्स कैरी के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत, इंग्लैंड के खिलाफ 326/8 का स्कोर

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के कॅरियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कैरी ने स्टीव स्मिथ को पछाड़ा

कैरी का यह शतक एशेज में 12 साल बाद किसी ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से आया पहला शतक है। आखिरी शतक ब्रैड हेडिन ने दिसंबर 2013 में जड़ा था। इस शतकीय पारी की बदौलत कैरी अब साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने स्टीव स्मिथ को पछाड़ दिया है। वह इस साल छठे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ शुभमन गिल (983) केएल राहुल (813), रवींद्र जडेजा (764), यशस्वी जायसवाल (745) और जो रूट (732) हैं।



### स्टेडियम में मौजूद रहे 56 हजार से अधिक दर्शक

तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए 56298 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे जो एडिलेड ओवल में नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कैरी का भरपूर समर्थन किया, जिन्होंने एशेज में अपने पहले टेस्ट शतक को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया। कैरी ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा दिन था। एडिलेड में 56000 दर्शकों की मौजूदगी वास्तव में खास है। अपने घरेलू प्रशंसकों और परिवार के सामने शतक जड़ना बेहद खास पल था।'

### ख्वाजा को स्मिथ के बीमार होने पर मिली टीम में एंट्री

ख्वाजा को स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है।

### आर्चर ने 29 रन देकर लिए तीन विकेट

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया। इन दोनों ने स्लॉग-स्वीप शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाया। ख्वाजा ने जैक्स की गेंद पर स्लॉग-स्वीप शॉट खेला जो सीधे आउटफील्ड में जोश टोंग के हाथों में चला गया। कैरी ने भी इसी स्पिनर पर स्लॉग-स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दिया।

# श्रीचरणी को आंध्र प्रदेश सरकार ने भेंट की 2.5 करोड़ की राशि

## महिला विश्व कप में लिए थे 14 विकेट



एजेंसी ▶▶| अमरावती

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्रीचरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया।

आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्रीचरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से 2.5 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में एक आवासीय प्लॉट भी दिया है। उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### खिताब दिलाने में निभाई थी अहम भूमिका

कडप्पा जिले की रहने वाली श्रीचरणी ने भारतीय टीम को महिला विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। बाएं हाथ की इस स्पिनर ने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे और टूर्नामेंट की चौथी सफल गेंदबाज रही थीं। 21 साल की चरणी ने अप्रैल 2025 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था। कुल 18 वनडे में 23 और 5 टी20 में 10 विकेट ले चुकी चरणी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बड़ी स्टार के रूप में उभरी हैं।

# भारत और श्रीलंका के बीच 21 दिसंबर से टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम वनडे विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। इस श्रृंखला के पहले दो मैच 21 और 23 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे, जबकि बाकी तीन मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में होंगे। चमारी अटापट्टू के नेतृत्व वाली टीम सीनियर और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है।



श्रीलंका ने पिछले लंबे समय से टीम के नियमित सदस्य रहे कुछ खिलाड़ियों को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया है। इन खिलाड़ियों में अनुष्का संजीवनी, उदेशिका प्रबोधनी, सुगंधिका दासनायके और अचिनी कुलसुरिया शामिल हैं। संजीवनी की अनुपस्थिति में कौशिनी नुथ्यांगना विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। 17 वर्षीय स्पिनर शशिनि गिम्हानी और 19 वर्षीय मध्यम गति की गेंदबाज रश्मिका सेवंदी की टीम में वापसी हुई है।

# प्रतिस्पर्धी मुकाबले में 6 साल बाद आनंद की वापसी गुकेश से होगी भिड़ंत

**कोलकाता।** यह एक गुरु और उनके शिष्य के बीच एक जबरदस्त मुकाबला होगा जब पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद छह साल बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे और 7 से 11 जनवरी तक यहां सातवें टाटा स्टील शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अपने दूसरे पूर्व शिष्यों का सामना करेंगे। पिछली बार 2019 में टूर्नामेंट खेलने वाले आनंद भारतीय सितारों की नई पीढ़ी के खिलाफ वापसी करेंगे, जिसमें गुकेश सबसे आगे हैं। आनंद ने गुकेश का हाल के वर्षों में अपनी वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में करीब से मार्गदर्शन (मेंटर) किया है। यह पहली बार होगा जब ये दोनों विश्व चैंपियन भारतीय धरती पर किसी व्यक्तिगत टूर्नामेंट में आपस में भिड़ेंगे। टाटा स्टील शतरंज इंडिया 'धोनो धन्यो ऑडिटोरियम' में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारुप में ओपन और महिला दोनों वर्ग होंगे और दोनों वर्ग के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। ओपन वर्ग में फिडे विश्व कप उप विजेता वेई यी, पूर्व अमेरिकी चैंपियन वेस्ली सो, हेन्स नीमेन, वोलोडार मुर्जिन और आर प्रज्ञानानंदा तथा अर्जुन एरिगेसी सहित एक मजबूत भारतीय दल भी शामिल होगा। अन्य भारतीयों में विदित गुजराती, अरविंद चिदंबरम, दिव्या देशमुख, वैशाली आर, वंतिका अग्रवाल और रक्षिता रवि शामिल हैं।

# 2025 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने डेम्बेले और बोनमाटी, फीफा ने पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ▶▶| दोहा

उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी को फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के पुरस्कारों में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले बैलोन डीओर का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीता था। डेम्बेले ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को उसके पहले चैंपियंस लीग खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई। बोनमाटी ने इस वर्ष स्पेन और बार्सिलोना की तरफ से शानदार खेल दिखाया था। फीफा पुरस्कारों के लिए दुनिया भर के राष्ट्रीय टीम के कप्तान, कोच, मीडिया और प्रशंसक मतदान करते हैं। यूरोप के दो कोच को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इनमें महिला वर्ग में सरीना विगमैन शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार महिला यूरो खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार लुई एनरिक को मिला, जिन्होंने पीएसजी को चैंपियंस लीग और फ्रांसीसी लीग का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।




## कार्यालय नगर पालिक निगम
## (यांत्रिक विभाग) भोपाल
// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 708/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक - 15.12.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_467211_1 | Construction of Community Hall Behind Rotry Club and Providing and Fixing Interlocking Paver Blocks and Drain Near Abvp Office, Thengdi Bhawan Ward- 25, Zone- 21 | 14,19,382/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 2 | 2025_UAD_467136_1 | Redevelopment Work of Boundary Wall, Providing and Fixing of Interlocking Paver Blocks, Construction of Drain and Other Works at Sanjivni Clinic, Near Shiv Mandir, Near Patel Baba Chabutara and Near Vinod Goud House, Sevaniya Gond Ward- 26, Zone- 21 | 14,33,278/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 3 | 2025_UAD_467253_1 | Construction of Community Hall Near Jawahar Chouk Hanumaan Mandir Ward- 25, Zone- 21 | 21,88,768/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 4 | 2025_UAD_467150_1 | Construction of Shed and Chabutra at Various Places of Zone -21, 08, 07and 06, Dakshin Pashchim Vidhansabha Bhopal | 15,17,957/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 5 | 2025_UAD_468172_1 | Asphalting of Road in Ward -24, 25, 26, and 32, Zone 21 | 84,67,100/- | 13 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 6 | 2025_UAD_466551_1 | Construction of CC Road and Drain from Rahul Maran House Towards R.D. Memorial College and Towards Main Road Barkhedi Kalan and at Suraj Nagar Banjara Basti, Ward- 26, Zone- 21 | 25,28,717/- | 08 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 7 | 2025_UAD_466914_1 | Construction of CC Road and Drain from Kishan Patel House Towards Gyan Singh Goud House, and Near Ranjeet Gond House and Near Purana Shiv Mandir, Sevaniya Gond Ward- 26, Zone- 21 | 36,09,360/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 8 | 2025_UAD_467261_1 | Construction of Community Hall Near Jagdeesh Mandir Shyamla Hills Ward -24, Zone- 21 | 42,37,057/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |
| 9 | 2025_UAD_467178_1 | Construction of Community Hall Near Shiv Mandir Sahyadri Parisar Phase-2 and Structure Near Shiv Mandir, New 120 Adarsh Quarters, 25 Batalliion, Ward-25, Zone- 21 | 16,88,300/- | 12 Jan 2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. : 2826/025/026


## मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी

# मेस्सी ने वर्ल्ड यूथ चैंपियन मिनर्वा एकेडमी एफसी को किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब फुटबॉल के महानायक लियोनेस मेस्सी ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित मिनर्वा एकेडमी फुटबॉल क्लब (एमएएफसी) की वर्ल्ड यूथ चैंपियन टीम को स्वयं सम्मानित किया। यह ऐतिहासिक सम्मान मिनर्वा एकेडमी की अंडर-15 टीम को मिला, जिसने अगस्त 2025 में यूरोप में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए गोथिया कप (स्वीडन), डाना कप (डेनमार्क) और नॉर्वे कप जीतकर ऐतिहासिक यूरोपियन ट्रेबल हासिल किया था। ऐसा कारनामा करने वाली मिनर्वा एकेडमी भारत की पहली और इकलौती टीम बनी। पिछले दस वर्षों में मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी है। अंडर-15 टीम की यह उपलब्धि भारतीय फुटबॉल के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है।



### भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल होगा : मेस्सी

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान शानदार मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्जवल होगा। मेस्सी ने अपने भारत दौरे में चार शहरों का दौरा किया और इस दौरान हजारों प्रशंसक अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। जामनगर में अनंत अंबानी की ओर से स्थापित वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का दौरा करने के लिए भारत में अपना प्रवास एक दिन के लिए बढ़ाने के बाद मेस्सी बुधवार को मियामी के लिए रवाना हो गए।

### भारत का दौरा अदभुत

मेस्सी ने कहा, 'दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता का दौरा अद्भुत रहा। पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।'' मेस्सी ने ऐसे समय में भारतीय फुटबॉल को शुभकामना दी है जबकि वह अपने बुरे दौर से गुजर रही है। कोई व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण घरेलू सत्र शुरू नहीं हो पा रहा है जबकि राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। विश्व के सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक मेस्सी ने इस यात्रा के दौरान कोई भी प्रतिस्पर्धी फुटबॉल मैच नहीं खेला। इस दौरे के दौरान उनके साथ उरुग्वे के महान खिलाड़ी और उनके करीबी मित्र लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल भी थे।




## 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

# खंडवा पुलिस ने नकली पुलिस बनकर लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

खंडवा जिले के थाना पदमनगर पुलिस ने नकली पुलिस बनकर लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। यह गिरोह मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी नकली पुलिस बनकर वारदातों को अंजाम देते थे।

12 नवंबर को हसमतराय गुरवानी (उम्र 65 वर्ष) निवासी कावेरी स्टेट, थाना पदमनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर उनसे सोने की एक चेन एवं दो अंगूठियां यह कहकर उतरवा लीं कि पास में लूट की घटना हुई है। विरोध करने पर फरियादी पर हमला कर फरार हो गए। इस संबंध में बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को



देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेन्द्र तारनेकर एवं सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे और थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा शहर एवं आवागमन मार्गों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिससे तीन संदिग्धों की पहचान की गई। 15 दिसंबर को संदिग्धों के फुटेज अन्य जिलों में भेजे गए। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी नर्मदापुरम जिले के ईरानी गैंग से जुड़े हैं। इसके आधार पर पदमनगर पुलिस की टीम को नर्मदापुरम भेजा गया, जहाँ तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिरों की मदद से दो आरोपी गटरा उर्फ अप्पा हुसैन उर्फ अयान, पिता अफसर हुसैन, उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 32, ईदगाह मोहल्ला, थाना कोतवाली, जिला नर्मदापुरम तथा कासिम, पिता अफसर सैय्यद, उम्र 30 वर्ष निवासी ईदगाह मोहल्ला, नर्मदापुरम, मूल निवासी साई बाबा मंदिर के पीछे, अंबीवली मंगलनगर, कल्याण, मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी इकबाल हुसैन के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया तथा लूटा गया माल उन्होंने अपने साथी इकबाल हुसैन को देना बताया। आरोपियों ने महाराष्ट्र के नागपुर, अमरावती एवं मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के शाहगंज क्षेत्र में भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर वारदात को अंजाम दिया जाता था। वे अकेले या उम्रदराज राहगीरों को रोककर किसी हालिया अपराध या चेकिंग का हवाला देते हुए विश्वास में लेते थे। इसके बाद सुरक्षा जांच के बहाने पीड़ित से सोने के आभूषण उतरवाकर कागज में रखने को कहते थे। जैसे ही आभूषण उनके हाथ में आते, आरोपी मोटरसाइकिल से तेजी से फरार हो जाते थे।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जप्त की है। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों एवं लूटे गए माल की बरामदगी हेतु आगे की कार्रवाई जारी है।

## मणिपुर ड्यूटी ज्वॉइन करने निकला सिंगरौली का जवान दो दिन से लापता

**भोपाल।** सिंगरौली जिले के पचोर क्षेत्र के भारतीय सेना के जवान शैलेश कुमार दुबे बीते 48 घंटे से लापता हैं। वह छुट्टी पूरी कर मणिपुर में अपनी ड्यूटी पर लौट रहे थे। वाराणसी एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद उनका परिजन से संपर्क टूट गया। शैलेश चौथी महार रेजिमेंट में पिछले तीन सालं से तैनात हैं।

वर्तमान में उनकी पोस्टिंग मणिपुर में है। उनके पिता जीवन प्रकाश दुबे ने बताया कि शैलेश 14 दिसंबर को बैढ़न से वाराणसी के लिए रवाना हुए थे। उन्हें वाराणसी से फ्लाइट के जरिए दिल्ली होते हुए मणिपुर जाना था। 15 दिसंबर की सुबह करीब 9 बजे तक शैलेश से परिजन की बातचीत हुई। इस दौरान शैलेश ने फोन पर बताया कि दिल्ली जाने वाली उनकी फ्लाइट रद्द हो गई है और अब दूसरी फ्लाइट शाम 6 बजे की है। सुबह 9 बजे के बाद से शैलेश कुमार दुबे का मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। परिजन ने पहले सोचा कि वह फ्लाइट में होंगे या यात्रा के दौरान फोन बंद होगा, लेकिन जब 16 दिसंबर को पूरे दिन मोबाइल स्विच ऑफ ही रहा तो उनकी चिंता बढ़ गई।

## कांग्रेस में 224 ब्लॉक- उपब्लॉक के अध्यक्षों की घोषणा होना बाकी

# प्रदेश कांग्रेस के बनाए ब्लॉक अध्यक्षों को प्रदेश के नेताओं ने किया मान्य

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार की रात को 780 ब्लॉक और उपब्लॉकों के अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इस बार कांग्रेस ने महिलाओं को भी ब्लॉक अध्यक्ष बनाया है। वहीं अभी 224 ब्लॉक और उपब्लॉकों के अध्यक्षों की नियुक्ति होना बाकी है। इधर प्रदेश कांग्रेस ब्लॉकों के अध्यक्षों को एक्टिव रखने के लिए निर्देश जारी करने वाली है। दिसंबर के शुरूआत में बताया था कि इस महीने कांग्रेस 80 प्रतिशत ब्लॉक-उपब्लॉको के अध्यक्षों की घोषणा करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस में 1004 ब्लॉक और उपब्लॉक हैं। इनमें से 780 में मंगलवार को अध्यक्ष बना दिए गए हैं। अब 224 ब्लॉक- उपब्लॉकों में अध्यक्ष बनाए जाने हैं। कांग्रेस का दावा है कि इस महीने वह सभी अध्यक्ष बना देगी। जिलों के नेताओं से नाम लिए जा रहे हैं। इधर मुख्यालय से इन अध्यक्षों को काम-काज के लिए निर्देश जारी होने वाले हैं।

### जल्द जारी होगी दूसरी सूची

प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष अपने



क्षेत्र के सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय रहें, ताकि क्षेत्र क अन्य आयोजनों में कांग्रेस और उसके नेताओं की सहभागिता दिखाई दे। इसके साथ ही इन्हें कहा जा रहा है कि जनवरी में अपनी कार्यकारिणी वे बना लें। इसके साथ ही मंडलम अध्यक्ष और कमेटी भी इन्हें बनाने को कहा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल पर जाना, हर गांव तक पहुंचना ये भी नियमित रूप से अध्यक्ष को करने का कहा जाने वाला है।

## रतलाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

*कहा-पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र के दायित्व निभाने के कारण काम नहीं कर पा रहा*

**भोपाल।** आलीराजपुर के बाद रतलाम ग्रामीण के जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को इस्तीफा भेजा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र के दायित्व के निर्वहन के कारण वे काम नहीं कर पा रहे हैं। नियुक्ति के करीब 4 महीने बाद ही गहलोत ने पद से इस्तीफा दे दिया। 6 दिसंबर को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश पटेल ने इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने लिखा था कि व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहा हूं।

# कर्मचारियों की श्रेणी समाप्त करने विरोध में आया कर्मचारी मंच

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मंत्री परिषद में लिए गए कर्मचारियों की श्रेणी समाप्त करने के निर्णय को कर्मचारी विरोध बताया है। कर्मचारी मंच ने सरकार से मांग करी है कि श्रेणी समाप्त करने से पहले अस्थाई स्थाई, अंशकालीन दैनिक वेतन भोगी एवं अन्य समाप्त की गई श्रेणियां में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के बाद श्रेणी समाप्त करने का निर्णय लिया जाना था। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मंत्री परिषद में स्थाई कर्मी, अंशकालीन दैनिक वेतन भोगी, अस्थाई सहित सात संवर्ग के कर्मचारियों की श्रेणी को समाप्त करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों की श्रेणी एवं संवर्ग समाप्त करने से लाखों अस्थाई स्थाई, दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकाली सहित सात संवर्ग के कर्मचारी के सेवा अधिकारों का हनन होने के साथ नौकरी संकट में पड़ जाएगी।

# कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, महापौर मालती राय व विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में राजधानी के तात्याटोपे नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय का वार्षिक उत्सव ''अरूणिमा-2025'' संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौरराय ने छात्राओं द्वारा बनाई पेटिंग का अवलोकन किया एवं स्वयं भी तूलिका के माध्यम से रंग उकेरे। इस अवसर पर अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया साथ ही पत्रिका ''नवदीप्ति 2025-26'' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ए.के. चौरागढे, जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार सहित शाला की प्राचार्या व अन्य प्राध्यापक, छात्राएं व अभिभावकगण मौजूद थे।

## केंद्रीय कर्मचारियों में आक्रोश

# आठवें वेतन आयोग में टर्म्स ऑफ रिफरेंस के प्रावधानों में मनमानी शर्तें लगाने पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग को दिए गए टर्म्स ऑफ रिफरेंस के प्रावधानों में मनमानी शर्ते लगाने के विरोध में बुधवार को आयकर भवन मुख्यालय पर केंद्रीय कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। केंद्रीय कर्मचारी समन्वय समिति के महासचिव यशवंत पुरोहित ने



बताया कि बुधवार को भोजन अवकाश में परिसंघ से जुड़े हुए सभी कार्यालयों में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। एक

### कर्मचारियों ने आयकर भवन और टीटी नगर पोस्ट ऑफिस पर किया प्रदर्शन

विशाल आमसभा में आयकर कर्मचारी महासंघ के महासचिव महेंद्र सिंह ठाकुर, आरएस बघेल, बीएस शाक्या, आरएस तिवारी, मयंक ठाकुर भगवान केवलानी इत्यादि ने सभा को सम्बोधित किया।

## स्थानीय खेल समाचार

# सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने भोपाल को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा विदिशा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल कनारा मैदान पर अंडर 18 बॉयज में भोपाल डिस्ट्रिक्ट और सीहोर डिस्ट्रिक्ट के बीच मैच के दूसरे दिन भोपाल ने कल के स्कोर 4/55 रन से आगे खेलते हुए 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भोपाल से श्रेयश सियोंते ने 55 रन बनाए। सीहोर डिस्ट्रिक्ट से नवनीत सोनी, सक्षम त्यागीऔर दीपेश सेन नें 2-2 विकेट लिए। सीहोर ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 44 ओवर में 97 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसमें निर्मल




मेवाड़ा ने 49 रन बनाए। भोपाल से दिव्यांश बंडोलिया ने 7 विकेट लिए। भोपाल ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए अंतिम दिन का खेल खत्म होने तक 23 ओवर में 5 विकेट पर 96 रन बना लिए थे। सीहोर से नवनीत सोनी ने 3 विकेट लिए। इस तरह सीहोर पहली पारी में बढ़त के आधार पर विजेता घोषित की गई।

## इंटर डिवीज़नल एम. एम.जगदाले ट्रॉफी

# भोपाल ने पारी और 128 रन से जबलपुर डिविजन को हराया

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिवीज़नल एम. एम.जगदाले ट्रॉफी, (तीन दिवसीय) जबलपुर के नीमखेड़ा एमपीसीए मैदान पर भोपाल और जबलपुर डिवीज़न के मध्य मैच के तीसरे दिन जबलपुर डिवीज़न नें कल के स्कोर 7/154 रन से आगे खेलते हुए 75.5ओवरों मे 168 रन बनाए, जिसमें रेवांश चौबे नें नाबाद 78 रन बनाए। भोपाल से रुद्र तेनगुरिया ने 6, देव कनौजिया ने 2, विराज और केविन ने 1-1 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने पहली पारी में 274 रन की बढ़त हासिल की। जबलपुर डिवीज़न नें फॉलोआन खेलते



हुए 67 ओवरों में 146 रन बनाए। भोपाल डिवीजन से रुद्र तेन गुरिया ने 7 विकेट लिए। देव कनौजिया ने दो, विराज चतुर्वेदी में एक विकेट लिया। इस तरह भोपाल डिवीजन ने पारी और 128 रन से जबलपुर डिविजन को हराया और भोपाल को 7 अंक प्राप्त हुए। प

परमानंद भाई अंडर - 22 बॉयज टूर्नामेंट

# भोपाल डिवीजन ने शहडोल को एक पारी और 94 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल चार दिवसीय अंडर -22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट एमपीसीए क्रिकेट मैदान उज्जैन में शहडोल और भोपाल डिविजन के मध्य खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन शहडोल ने कल के स्कोर 4/163 रन से आगे खेलते हुए 106.4 ओबरा में 250 रन बनाए। भोपाल से अनिमेष सिंह और प्रारब्ध मिश्रा ने 3-3, तनिष्क यादव ने 2 विकेट लिए। भोपाल ने 253 रन की बढ़त हासिल की। फ़ॉलोआन खेलते हुए शहडोल 159 रन ही बना सकी। इस प्रकार भोपाल टीम एक इनिंग और 94 रनों से विजयी हुई। ओजस्व यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर अंडर- 18 बॉयज टूर्नामेंट

# प्रेसिडेंट इलेवन ने मयंक चतुर्वेदी अकादमी को हराया

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

बीडीसीए अंडर- 18 बॉयज ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर दो दिनी प्रेसिडेंट 11 और मयंक चतुर्वेदी अकादमी के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन मयंक ने दकल के स्कोर 3/5 रन से आगे खेलते हुए 163 रन बनाए, जिसमें निश्चय सिकरवार ने 52 और अरनव पुंडीर ने 36 रन बनाए। प्रेसिडेंट इलेवन से रबजीत सिंह मल्ही ने 4, अंजेश पाल ने 3



विकेट लिए। प्रेसिडेंट इलेवन ने अपनी दूसरी पारी में 93 रन बना दिए थे। इस तरह प्रेसिडेंट इलेवन ने मयंक चतुर्वेदी अकादमी को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया।

# भारतीय स्टेट बैंक की मण्डल कल्याण समिति द्वारा इंटर-सर्कल

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक की मण्डल कल्याण समिति के तत्वावधान में देशभर के 17 सर्कलों के लिए आयोजित खेल आयोजनों की श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता की मेज़बानी का दायित्व भोपाल सर्कल को सौंपा गया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 17 सर्कलों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ फ्लैग होस्टिंग के साथ किया गया, जिसके उपरांत देशभक्ति से




ओत-प्रोत धुन 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा' गूंज उठी। उद्घाटन समारोह में ऑल इंडिया एसबीआई स्टाफ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भोपाल सर्कल के मुखिया प्रभाष कुमार सुबुद्धि, महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, ओंकारनाथ चौधरी, शुभकांत कानूनगो,मण्डल विकास अधिकारी एवं उपमहाप्रबंधक मनीष मठपाल, मंडल कल्याण समिति के सचिव अमित शर्मा,अध्यक्षा भारतीय स्टेट बैंक लेडिज क्लब सहित एसबीआई एसोसिएशन, अवॉर्ड यूनियन, सेवा संगठन एवं ओबीसी वेलफेयर संगठन के पदाधिकारी एवं उच्च प्रबंधन अधिकारी एवं अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 20 दिसंबर तक खेले जाएंगे 192 मुकाबले

यह चार दिवसीय इंटर-सर्कल बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक विंग फ्लाइंग क्लब, बैरागढ़ , भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य बैंटमिंटन संघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 192 मुकाबले खेले जाएंगे, लीग मैच के साथ सेमीफाइनल,फाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930